फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 157 प्रभात जयपुर, रविवार 7 जनवरी, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23  मूल्य 2.75 रु.

ARBiT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



**70 YEARS OF SHYAMCHI AAI**

The film brings to life, '*Swami tinhi jagacha pan Aai vina bhikari*', meaning, "You may be the greatest in this universe, but are only a beggar without a mother."

**Creative Ways To Use Melted Ice Cream**

You can repurpose your melted ice cream for some other culinary endeavour




# खड़गे को मिला राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का निमंत्रण

## खड़गे ने कहा, अयोध्या जाने के बारे में जल्दी ही निर्णय करेंगे

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 जनवरी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यहां शनिवार को एक प्रैस कॉन्फ्रैंस में बताया कि उन्हें अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन में भाग लेने का निमंत्रण प्राप्त हुआ और वह इस बारे में जल्दी ही निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि निमंत्रण व्यक्तिगत है और जिसे भी निमंत्रण मिल रहा है वह कार्यक्रम में भाग ले सकता है। आप आज, कल या परसों कभी भी जा सकते हैं।

- खड़गे ने कहा कि, निमंत्रण व्यक्तिगत है और जिसे भी निमंत्रण मिलता है, वह वहां जा सकता है। उन्होंने कहा, आज, कल, परसों जब मन करे आप अयोध्या जा सकते हैं।
- राहुल गांधी की न्याय यात्रा पर खड़गे ने कहा कि, यह आम जनता को न्याय दिलाने के लिए है, न कि वोटों के लिए।
- इंडिया ब्लॉक का चेयरमैन व संयोजक कौन होगा, इस प्रश्न पर खड़गे ने कहा, 10-15 दिन में इस पर फैसला हो जाएगा।

उत्तर प्रदेश, झारखंड और असम के 108 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से होकर गुजरने वाली राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बारे में पूछे गए एक प्रश्न पर खड़गे ने कहा कि यात्रा जनता को न्याय दिलाने के लिए है, ना कि वोटों के लिए।

लोकसभा चुनावों को लेकर उन्होंने कहा कि पार्टी ने 500 से अधिक संसदीय पर्यवेक्षकों के नाम फायनल किए हैं और "इण्डिया" गठबंधन की सहयोगी पाटियों से बातचीत के बाद कांग्रेस को उचित संख्या में सीटें मिलेंगी। इस प्रश्न पर कि इण्डिया गठबंधन का अध्यक्ष एवं समन्वयक कौन होगा? उन्होंने कहा कि यह 10-15 दिन में तय कर लिया जाएगा।

सहयोगी पार्टियों के साथ सीट शेयरिंग को लेकर खड़गे ने कहा कि "हमारे लोग पहले से ही वहां हैं। आप जानते हैं कि हमने एक कमेटी का गठन किया है। हमारी करीब छः सदस्यीय कमेटी काम कर रही हैं, जिसके समन्वय मुकुल वासनिक हैं। उसमें अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, पी. चिदम्बरम, सलमान खुर्शीद और मोहन प्रकाश भी हैं। ये लोग अच्छे से अच्छा काम कर रहे हैं। और मेरे आवास पर हमारी एक मीटिंग पहले ही हो चुकी है। ये लोग हर दो दिन बाद यह तय करने के लिए मीटिंग कर रहे हैं कि क्या किया जाना चाहिए, क्या मांग की जानी चाहिए। उनकी मांग के अनुसार हर चीज तय की जाएगी। ये लोग ऐसा कर रहे हैं।"

उन्होंने यह भी खुलासा किया कि ये लोग पहले प्रत्येक राज्य में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों, विधायक दल के नेताओं और पार्टी के सीनियर नेताओं के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मेवाराम जैन को कांग्रेस पार्टी ने निकाला

जयपुर, 6 जनवरी। कांग्रेस पार्टी ने बाड़मेर के पूर्व विधायक मेवाराम जैन को पार्टी से निकलने का आदेश देर रात जारी कर दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मेवाराम जैन को पार्टी से निकालने का आदेश जारी करते हुए कहा कि, जैन की ओर से किया गया कृत्य स्वीकार करने योग्य नहीं है।

- मेवाराम जैन पर यौन उत्पीड़न का आरोप है और उनकी एक और सीडी वायरल होने की खबर मिली है।

ऐसे में उन्हें तुरंत पार्टी से निष्कासित किया जाता है।

उल्लेखनीय है कि, विधानसभा चुनाव से पहले ही मेवाराम जैन की सीडी की चर्चा जयपुर से लेकर दिल्ली तक पहुंच गई थी, लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस नेताओं ने इस पर संज्ञान नहीं लिया और बाड़मेर में मेवाराम जैन के खिलाफ हो रही चर्चाओं के बावजूद कांग्रेस ने उन्हें फिर से विधानसभा का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# उद्धव को नहीं मिला राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का निमंत्रण

## 22 जनवरी को नासिक के "काला राम मंदिर" जाएंगे उद्धव ठाकरे

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 जनवरी। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम मंदिर के उद्घाटन समारोह में भाग लेने वाले अतिथियों की सूची में नाम शामिल नहीं होने पर शिव सेना (यू.बी.टी.) के अध्यक्ष एवं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भाजपा की अयोध्या मंदिर वाली राजनीति का जवाब देने के लिए रणनीति तैयार कर ली है।

- ज्ञातव्य है कि, काला राम मंदिर से 30 के दशक में डॉ. अम्बेडकर और साने गुरूजी ने दलितों के मंदिर प्रवेश का आंदोलन किया था।
- उद्धव इस अवसर का लाभ उठा कर महाराष्ट्र के दलितों में पैठ बनाना चाहते हैं।

इस बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस आज राज्यव्यापी रथ यात्रा पर रवाना हो गए इस रथ यात्रा का समापन 22 जनवरी को होगा। उद्धव ठाकरे ने अयोध्या में होने वाले 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन के दिन नाशिक स्थित काला राम मंदिर में दर्शन करने जाने के कार्यक्रम की घोषणा की है। इस अभियान की प्रतीकात्मकता तमाम संदेहों से परे है। क्योंकि काला राम मंदिर उस सत्याग्रह का केन्द्र था जिसे डॉ. भीमराव अंबेडकर व साने गुरूजी दोनों ने 1930 के दशक में दलितों को मंदिरों में प्रवेश देने की मांग को लेकर आंदोलन चलाया था।

ठाकरे ने राम मंदिर उद्घाटन में आमंत्रित नहीं किए जाने पर उन्होंने कहा "यह बहुत ही प्रसन्नता का विषय है कि 30 वर्षों के लम्बे संघर्ष के बाद राम मंदिर का उद्घाटन समारोह आयोजित हो रहा है। ठीक उसी दिन हम काला राम मंदिर में भगवान राम की पूजा अर्चना कर रहे होंगे। यह वो मंदिर है जहां डॉ. अंबेडकर व पाण्डुरंग साने गुरूजी ने दलितों को मंदिर में प्रवेश दिलाने के लिए संघर्ष किया था। भगवान राम सबके हैं। भाजपा को यह बात बिल्कुल नहीं भूलनी चाहिए।

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा उद्घाटन समारोह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



## विचार बिन्दु

**गुलाब को उपदेश देने की आवश्यकता नहीं होती। वह तो केवल अपनी खुशबू बिखेरता है। उसकी खुशबू ही उसका संदेश है। - महात्मा गांधी**

# सफलता का मूलमंत्र है युक्ति

युक्ति एक सार्वभौमिक सिद्धांत है। आचार्य चरक के अनुसार अनेक कारणों की समग्रता और एकीकरण से उत्पन्न भावों को जो बुद्धि देखती है, वह युक्ति है। युक्ति से वत्तर्मान, भूत और भविष्य, तीनों कालों का अनुमान होता है। युक्ति के द्वारा धन-संपत्ति, धर्म और कत्तर्व्यपालन और उपभोग और आनंद प्राप्त किया जाता है (च.सू.11.25): बुद्धिः पश्यति या भावान् बहुकारणयोगजान्। युक्तिस्त्रिकाला सा ज्ञेया त्रिवर्गः साध्यते यया।। ध्यान दीजिये, यहाँ आचार्य चरक ने युक्ति को परिभाषित तो किया ही है, साथ ही युक्ति की सार्वभौमिकता का दर्शन भी स्पष्ट किया है। युक्ति के द्वारा अर्थ, धर्म और काम की सिद्धि का सिद्धांत वस्तुतः जीवन में पुरुषार्थ साधने की रणनीति है। संक्षेप में कहें तो पूर्व में प्राप्त समग्र अनुभव और जानकारी के द्वारा अज्ञात को जान लेने वाली बुद्धि ही युक्ति है। आचार्य चरक द्वारा युक्ति की परिभाषा को बहुत लोगों ने बहुत प्रकार से विश्लेषण किया है। अनेक प्रकार के संयोगों से उत्पन्न हुये अविज्ञात भावों या विषयों को, विज्ञात विषयों के कार्य व कारण भावों के प्रकाश में जो बुद्धि देखती है या ज्ञान कराती है, उसे युक्ति कहा जाता। इस युक्ति के द्वारा त्रिकाल (वर्तमान, भूत, भविष्य) का ज्ञान होता है तथा त्रिवर्ग (धर्म, अर्थ और काम) की सिद्धि होती है। एक अन्य रूप में देखें तो जो बुद्धि अनेक कारणों के संयोग से उत्पन्न अथवा ज्ञात जिन भावों को देखती है उस त्रिकाल-ज्ञानकारक बुद्धि को युक्ति कहते हैं। इसी के द्वारा अर्थ, धर्म व काम की उपलब्धि की जाती है। अगर युक्ति को प्रमाण के रूप में देखा जाये तो यह वस्तुतः अनुमान प्रमाण में समाहित और अनुमान की सहायक मानी जाती है। यही कारण है कि आचार्य चरक द्वारा सूत्रस्थान में आप्तोपदेश, प्रत्यक्ष, अनुमान और युक्ति को पृथक-पृथक प्रमाण मानने के बाद भी आगे विमानस्थान में अनुमान को परिभाषित करते समय स्पष्ट किया है कि अनुमान वह तर्क है जो युक्ति की अपेक्षा रखता है (च.वि.4.6): अनुमानं खलु तर्को युक्त्यपेक्षः।।

> **आयुर्वेद के प्रमुख ग्रंथों और संहिताओं का विश्लेषण करने पर स्पष्ट होता है कि औषधियों व चिकित्सा को प्रमाण-आधारित बनाने के लिये चार प्रमुख विधियाँ प्रयुक्त होती रही हैं। इनमें प्रत्यक्ष प्रमाण या डायरेक्ट ऑब्जर्वेशन, अनुमान या इनफरेंशियल एवीडेन्स, आप्तोपदेश या विद्वानों द्वारा पूर्व में दी गयी जानकारी, और अंततः युक्ति प्रमाण या रेशनल एक्सपेरिमेंटल एवीडेन्स हैं।**

यही कारण है कि विमानस्थान में मूलतः तीन ही प्रमाण-आप्तोपदेश, प्रत्यक्ष, अनुमान-वर्णित किये गये हैं। अनुमान में ही युक्ति का अन्तर्भाव मान लिया जाता है। युक्ति केवल कोरा दर्शन नहीं बल्कि एक ठोस प्रायोगिक साधन है। बहुत से विज्ञात या जाने-पहचाने अर्थों में कारण और प्रभाव को देखकर अविज्ञात या अपरिचित या अज्ञात अर्थों में कारण और प्रभाव को ज्ञात करना, समझना या प्रयोग करना युक्ति है। उदाहरण के लिये यदि आप यह पहले से जानते हैं कि जोते हुये खेत में अनुकूल ऋतु में बीज बोने और समय-समय पर खाद-पानी देने से अनाज का अच्छा उत्पादन होता है, तो आपके लिये यह विज्ञात अर्थ है। इस विज्ञात अर्थ से यह भी समझा जा सकता है कि वन-भूमि में वर्षा-जल एवं मृदा संरक्षण कर बीजारोपण या पौधारोपण करने तथा पौधों की सिंचाई और देखभाल करने पर वृक्ष तैयार होंगे। ऐसा समझना युक्ति है। एक अन्य उदाहरण से युक्ति का ठोस प्रायोगिक महत्त्व और भी स्पष्ट हो जायेगा। आयुर्वेद के सामान्य-विशेष सिद्धान्त के अनुसार यह माना जाता है कि एक जैसे भावों (द्रव्य, गुण और कर्म) को समान प्रकार के भावों से मिलाने पर बढ़त होती है और विशेष या असमान भावों को मिलाने पर ह्रास या घटत होती है। यह विज्ञात अर्थ है। इस सिद्धान्त (यहाँ पर विज्ञात अर्थ) के अनुसार यदि युक्ति लगाकर देखें तो एक बात स्पष्ट होती है कि घर में गुस्सैल किशोर या किशोरी के गुस्से को ठंडा करने के लिये यदि माता-पिता गुस्से और चिड़चिड़ाहट से पेश आते हैं तो किशोरों का गुस्सा और ज्यादा भड़केगा। इसके विपरीत यदि गुस्सैल किशोर या किशोरी से माता-पिता स्नेहपूर्वक व्यवहार करें उनका गुस्सा भी शांत हो जाता है। यह युक्ति है। आयुर्वेद में युक्ति का प्रमाण-आधारित चिकित्सा में भारी महत्त्व है। चरकसंहिता में स्पष्ट किया गया है कि मृत्यु की तिथि तय नहीं है, अपितु प्राणियों की आयु युक्ति की अपेक्षा रखती है (च.वि. 3.29): भूतानामायुर्युक्तिमपेक्षते। युक्ति से उम्र बढ़ सकती है। असल में युक्ति-व्यपाश्रय या प्रमाण-आधारित चिकित्सा आचार्य चरक द्वारा आयुर्वेदाचार्यों पर किये गये विश्वास की पराकाष्ठा है। विस्तृत संहिताओं के बाद भी आयुर्वेदाचार्यों पर इतना बड़ा विश्वास करने का कारण सिर्फ यह है कि चिकित्सा में सफलता युक्ति पर निर्भर है (च.सू. 2.16): सिद्धिर्युक्तौ प्रतिष्ठिता। जब सफलता युक्ति पर आश्रित हो तो केवल शास्त्रों और संहिताओं के निर्देश मात्र नहीं बल्कि आयुर्वेदाचार्यों का अनुभवजन्य ज्ञान भी महत्वपूर्ण हो जाता है। युक्ति-व्यपाश्रय का आयुर्वेद में महर्षि चरक द्वारा किया गया उपयोग आयुर्वेद को पूर्णतः प्रमाण-आधारित चिकित्सा पद्धित बना देता है। उदाहरण के लिये (च.सू., 11.54): युक्तिव्यपाश्रयं-पुनराहारौषधद्रव्याणां योजना, अर्थात आहार तथा औषधि द्रव्यों की योजना को युक्ति-व्यपाश्रय कहा जाता है। यह योजना उन्ही तर्कों और विधियों पर निर्भर होती है जिनकी चर्चा ऊपर की गयी है। यह पूर्ण रूप से कारण और प्रभाव (कॉज एंड इफ़ेक्ट) के अद्भुत सैद्धांतिक पृष्ठभूमि पर केन्द्रित है (च.सू. 11.32): कर्तृकरणसंयोगात् क्रिया कृतस्य कर्मणः फलं नाकृतस्य नाङ्कुरोत्पत्तिरबीजात् कर्मसदृशं फलं नान्यस्माद्बीजादन्यस्योत्पत्तिः इति युक्तिः। तात्पर्य यह है कर्ता व साधन के जोड़ से क्रिया होती है, किये गये कार्य का फल मिलता है न कि नहीं किये गये कार्य का, बीज के बिना अंकुर नहीं उत्पन्न होता, जैसा काम वैसा फल, एक जाति के बीज से अन्य की उत्पत्ति नहीं होती, यही युक्ति है। आयुर्वेदिक औषधियों के संबंध में भी युक्ति की बड़ी भूमिका है (च.सू.2.16): मात्राकालाश्रया युक्तिः सिद्धिर्युक्तौ प्रतिष्ठिता। तिष्ठत्युपरि युक्तिज्ञो द्रव्यज्ञानवतां सदा।। औषधीय द्रव्यों की युक्ति (योजना, योग-निर्माण, योगीकरण या फार्म्युलेशन) मात्रा और काल पर निर्भर है, सफलता युक्ति पर निर्भर है, इसीलिये युक्तिज्ञ सदैव द्रव्य-ज्ञानियों से ऊपर है। ध्यान से देखा जाये तो युक्ति एक सार्वभौमिक सिद्धान्त है, जिसमें यह संदेश निहित है कि युक्ति से धन, सम्पदा, धर्म तथा आनन्द सब प्राप्त किया जा सकता है। आधुनिक प्रबन्ध-विज्ञान की दृष्टि से देखें तो किसी भी कार्य में सफलता युक्ति पर आश्रित है। युक्ति के बिना सामजिक, आर्थिक या पारिस्थितिकीय तंत्रों को नहीं साधा जा सकता। आधुनिक प्रबन्ध-विज्ञान में युक्ति उपलब्ध ज्ञान, शोध एवं अनुभवजन्य ज्ञान के प्रकाश में किसी नवीन कार्य के सम्पादन के लिये जो साधन या विधि प्रयोग में लायी जाती है, वह युक्ति है। प्रबंधकों के अपने पूर्व के अनुभवों की समग्रता के आधार पर जब उनकी बुद्धि वर्तमान परिस्थितियों और समस्याओं को समझती है या देखती है और उनका हल सुझाती है तो उसे युक्ति कहा जाता है। असल में प्राचीन काल से लेकर आज तक युक्ति के बिना मानव का काम नहीं चल सका। सफलता युक्ति पर आश्रित है (च.सू. 2.16): सिद्धिर्युक्तौ प्रतिष्ठिता। यही कारण है कि आयुर्वेद के अलावा भी अनेक ग्रंथों में युक्ति के महत्वपूर्ण वर्णन उपलब्ध हैं। उदाहरण के लिये बुद्धचरित में अश्वघोष का कथन है कि समुचित युक्ति से करने पर सब कुछ किया जा सकता है (बुद्धचरित, 13.60): न्यायेन युक्तं च कृतं च सर्वम्। दरअसल युक्ति पर पूरा युक्तिशास्त्र है जिसे उपयुक्तता और औचित्य का विज्ञान भी कहा जाता है। युक्ति को जुगाड़ समझाने की भूल नहीं करना चाहिये। युक्ति और जुगाड़ में कई अंतर हैं, पर मुख्य फ़र्क तर्क और तुक्का का है। युक्ति स्वयं प्रमाण होते हुये प्रमाण-आधारित चिकित्सा का मूल आधार है। जुगाड़ ट्रायल-एंड-एरर है: काम कर भी जाये तो भी घुणाक्षर न्याय ही कहलायेगा। घुनों के चलने से लकड़ी में अक्षरों जैसे आकार बन जाते हैं, हालाँकि घुन लिखने के उद्देश्य से नहीं काटते कि अक्षर बनें। इसी प्रकार जहाँ एक काम करने में कोई दूसरी बात अनायस हो जाय वहाँ घुणाक्षर न्याय हो जाता है। इस न्याय या उक्ति का प्रयोग ऐसे स्थलों पर करते हैं जहाँ किसी के द्वारा ऐसा आकास्मिक कार्य हो जाता है जो स्पष्ट, उद्देश्य, ज्ञान, तर्क, या युक्ति का प्रयोग किये बिना ही अनायास हो गया हो। कहने का तात्पर्य यह है कि जब तक विधि दोषपूर्ण या तर्कविहीन होती है, तब तक परिणाम केवल संयोग ही कहलाता है। आधुनिक वैज्ञानिक सन्दर्भ में ज्ञान के उत्पादन के चार तरीके हैं: थ्योरी, ऑब्जरवेशन, एक्सपेरिमेंट और मॉडलिंग। यहाँ युक्ति को मॉडलिंग के समकक्ष मन जाता है क्योंकि पूर्व में उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर मैथमेटिकल-मॉडलिंग के द्वारा भविष्य की स्थिति का ज्ञान किया जाता है। आयुर्वेद के प्रमुख ग्रंथों और संहिताओं का विश्लेषण करने पर स्पष्ट होता है कि औषधियों व चिकित्सा को प्रमाण-आधारित बनाने के लिये चार प्रमुख विधियाँ प्रयुक्त होती रही हैं। इनमें प्रत्यक्ष प्रमाण या डायरेक्ट ऑब्जर्वेशन, अनुमान या इनफरेंशियल एवीडेन्स, आप्तोपदेश या विद्वानों द्वारा पूर्व में दी गयी जानकारी, और अंततः युक्ति प्रमाण या रेशनल एक्सपेरिमेंटल एवीडेन्स हैं। प्रमाण-आधारित आयुर्वेद न केवल इन चार महत्वपूर्ण अवधारणाओं पर टिका है, बल्कि उक्त चारों विधियाँ शोध-आधारित प्रमाण, स्थानीय-ज्ञान पर आधारित प्रमाण, अनुभवजन्य-ज्ञान पर आधारित प्रमाण, आयुर्वेद की संहिताओं पर आधारित प्रमाण, सामाजिक स्वीकार्यता पर आधारित प्रमाण तथा आधुनिक शोध में प्रचलित थ्योरी, ऑब्जर्वेशन, एक्सपेरिमेंट एवं मॉडलिंग से बहुत भिन्न नहीं हैं। इस चर्चा का हमारे जीवन में क्या महत्त्व है? सबसे पहली बात तो यह है कि युक्ति वस्तुतः ज्ञात यथार्थ के माध्यम से अज्ञात यथार्थ को जानने का विज्ञान है। इसलिये युक्तिपूर्वक कार्य करने से जीवन में कुछ प्राप्त करने के लिये युक्ति का प्रयोग ही श्रेयस्कर है। दूसरी बात यह है कि आप उन आयुर्वेदाचार्यों को उत्तम मानकर उनसे चिकित्सा ले सकते हैं जो पूर्णतः युक्ति-व्यपाश्रयी या प्रमाण-आधारित चिकित्सा करते हैं। और तीसरी बात यह है कि युक्ति कोरा दर्शन नहीं बल्कि एक ठोस प्रायोगिक साधन है जिसके माध्यम से आप स्वयं के लिये उन सात दीवारों-आहार, विहार, सद्वृत्त, स्वस्थवृत्त, पंचकर्म, रसायन, औषधि-को सम्हाल सकते हैं जो हमारे जीवन और मृत्यु के बीच या स्वास्थ्य और रुग्णता के बीच अस्तित्व में हैं। जहाँ तक प्रतिदिन के जीवन का प्रश्न है उसमें सभी प्रकार के कार्यों के संपादन में सफलता प्राप्त करने का मूलमंत्र युक्तिपूर्वक लगे रहना है।

**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त तथा वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं )**

# देश की ब्यूरोक्रेसी को मोटिवेट करता नरेन्द्र मोदी का संदेश



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने जयपुर में देशभर के डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस के दौरान तीन दिन की जयपुर यात्रा के पहले दिन राजस्थान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में विधायकों-संगठन पदाधिकारियों के बीच जिस तरह से डबल इंजन की सरकार का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया हैं वहीं ब्यूरोक्रेसी और तबादलों को लेकर जो संदेश दिया है वह ना केवल समसामयिक है अपितु देश की ब्यूरोक्रेसी के लिए भी उत्साहवद्धर्क है।

दरअसल सरकार बदलते ही पूर्व सरकार से जुड़े ब्यूरोक्रेसी में बदलाव का दौर आरंभ हो जाता है और ब्यूरोक्रेसी के अधिकारियों की निष्ठा और प्रतिबद्धता पर प्रश्न उठाये जाने लगते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्यूरोक्रेसी को लेकर साफ संदेश दिया है कि ब्यूरोक्रेसी कभी भी किसी पार्टी की नहीं होती। ब्यूरोक्रेसी हमेशा सरकार की मंशा और मेंडेट के अनुसार काम करती है। जो सरकार होती है और उसकी जो रीति-नीति होती है उसको धरातल पर अमली जामा पहुंचाने की जिम्मेदारी ब्यूरोक्रेसी की होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में बड़ी बात कही कि ब्यूरोक्रेसी जिस पार्टी की सरकार होगी, उसके अनुरुप ही काम करती है। इस संदेश में सबसे बड़ी बात यह है कि प्रधानमंत्री ने एक तरह से देश और प्रदेशों की ब्यूरोक्रेसी पर विश्वास जताने के साथ ही उत्साहवद्धर्न भी किया है।

दरअसल ब्यूरोक्रेसी सरकार की रीति-नीति और योजनाओं-कार्यक्रमों को अमली जामा पहनाने का काम करती है। ब्यूरोक्रेसी में कुछ अधिकारी प्रोएक्टिव होते हैं तो कुछ अधिकारी अपनी गति से चलते हैं। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि अपवाद स्वरुप एकाध अधिकारी हो सकते हैं जो पार्टी विशेष की धारा के अनुसार चलते है या चलने का प्रयास करते हैं पर सरकार की निगाह में ऐसे अधिकारी आ ही जाते हैं और सरकार स्वयं उन्हें किनारे करने में देरी नहीं करती। यह भी नहीं भूलना चाहिए कि कुछ ब्यूरोक्रेट्स रिजल्ट ओरियंटेड़ होते हैं तो कुछ अधिकारी क्राइसिस मैनेजमेंट में एक्सपर्ट होते हैं। अब होता यह है कि प्रोएक्टिव, क्राइसिस मैनेंजमेंट में आगे रहने वाले या रिजल्ट ओरियंटेड अधिकारी निगाह में भी जल्दी ही आ जाते हैं और कुछ लोगों को उनका इस तरह से आगे आना या आगे रहना सुहाता नहीं है। बदलाव के समय इन्हें कुछ समय के लिए खामियाजा भी भुगतना पड़ता है। इसीलिए आज के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश खास अहमियत रखता है। वैसे भी जब सरकार बनती है तो मुख्यमंत्री अपने विष्वास, संजीदा और रिजल्ट ओरियंटेड अधिकारी को लेकर ही अपनी टीम बनाते हैं। सरकार बदलने पर कुछ समय के लिए यह अधिकारी अवश्य नजरों में रहते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां तबादला डिजायरों से भी दूर रहने की सलाह दी है और इसके लिए स्व. भैरोसिंह जी के समय का उदाहरण भी दिया है। मुझे अच्छी तरह ध्यान है कि उस समय जब अत्यधिक दबाव पड़ने लगा तो तत्कालीन सहकारिता मंत्री सुजान सिंह यादव का साफ कहना रहा कि यदि अधिकारी की शिकायत है तो वे जनप्रतिनिधि की शिकायत पर उस पद से हटाने में कोई देरी नहीं करेंगे पर जहां तक उस पद पर किसी को लगाने की बात है तो उन्होंने साफ साफ कहा कि सरकार वहां पर अपनी सोच और समझ के अनुसार अधिकारी लगायेंगी। यानी कि डिजायर आप अधिकारी को हटाने की तो कर सकते हैं पर अपनी पसंद के अधिकारी को लगाने की नहीं। इस तरह के अनेक उदाहरण मिल जाएंगे। दरअसल गंभीरता से देखा जाए तो यह तबादला उद्योग और डिजायर सिस्टम सरकार की बदनामी का भी बड़ा कारण बनता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साफ संदेष देने का प्रयास किया है। फिर ब्यूरोक्रेसी से काम लेने की कला तो सरकार में होनी ही चाहिए, यह अपेक्षा की जाती रही है।

देखा जाए तो लोकतात्रिंक व्यवस्था में ब्यूरोक्रेसी की खास भूमिका होती है। भारतीय चिंतकों से लेकर देश-दुनिया के जाने माने चिंतकों ने ब्यूरोक्रेसी के महत्व को स्वीकारने के साथ ही ब्यूरोक्रेसी की भूमिका भी अपने अपने तरीके से तय की है। कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' में ब्यूरोक्रेसी यानी कि नौकरशाही के बारे में विस्तार से बताया गया है, लेकिन आज हम जिस रूप में ब्यूरोक्रेसी को देखते हैं उसको किसी सीमा में नहीं बांधा जा सकता। प्राचीन मिस्त्र और रोम में भी नौकरशाही की मौजूदगी के प्रमाण मिलते हैं, लेकिन प्राचीन नौकरशाही प्रमुखतः राजशाही पर आधारित थी, शासक के निजी विचार व भावनाओं पर शासन चलता था। किंतु आज की ब्यूरोक्रेसी कानून कायदों से चलने वाली व्यवस्था है। पूंजीवाद और प्रजातंत्र के विस्तार ने आधुनिक नौकरशाही को सरकार का अनिवार्य अंग बना दिया है।


1745 में फ्रांसीसी अर्थशास्त्री विन्सेंट डी गोर्नी ने ब्यूरोक्रेसी शब्द का प्रयोग किया। नौकरशाही को अंग्रेजी में 'ब्यूरोक्रेसी' कहते हैं, जो लेटिन भाषा के 'ब्यूरो' जिसका अर्थ है 'मेज' और ग्रीक भाषा के 'क्रेसी' जिसका अर्थ है 'शासन' से मिलकर बना है। इस प्रकार 'ब्यूरोक्रेसी' का तात्पर्य 'मेज का शासन' से है। जॉन स्टुअर्ट मिल के अनुसार नौकरशाही का अर्थ समाज में सरकार के व्यावसायिक रूप से दक्ष प्रशासकों से है। जर्मन समाजशास्त्री मैक्स वेबर पहले ऐसे विद्वान हैं जिन्होंने नौकरशाही के नकारात्मक पहलुओं के बजाय सकारात्मक पहलुओं पर ज्यादा बल दिया और नौकरशाही के आदर्श मॉडल का प्रतिपादन किया। वेबर ने नौकरशाही के बारे में बताया कि नियुक्त किये गए अधिकारियों का समूह ब्यूरोक्रेट कहलाता है। साल 1920 में वेबर की किताब "विर्टशॉफ्ट एंड गेसलशॉफ्ट" प्रकाशित हुई, जिसमें उन्होंने सत्ता के सिद्धांत के बारे में बताया है। वेबर के अनुसार सत्ता के तीन रूप हैं- ट्रेडिशनल पॉवर, मिराकूलस पॉवर एवं लीगल पॉवर। यह भी साफ हो जाना चाहिए कि शासन में ब्यूरोक्रेसी की भूमिका लगभग तय होती है, जहां चुनी हुई सरकार कानून कायदे, योजनाओं, कार्यक्रमों या यों कहें कि अपना एजेंडा प्रस्तुत करते हैं वहीं धरातल पर अमली जामा पहनाने की जिम्मेदारी व अहम भूमिका ब्यूरोक्रेसी की होती है। इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रजातंत्र में चुनी हुई सरकार की ईच्छा शक्ति और वीजन का बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है।

ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साफ संकेत दे दिया है कि ब्यूरोक्रेसी पर विश्वास कायम होना चाहिए और डिजायर सिस्टम से दूर रहना चाहिए। होना यह भी चाहिए कि एक सीमित सीमा तक ही डिजायर सिस्टम को महत्व दिया जाएं क्योंकि इसे पूरी तरह से व्यवस्था से अलग करना थोड़ा मुश्किल भरा काम रहेगा वहीं सरकार को अपना एजेंडा व मेंडेट स्पष्ट रुप से ब्यूरोक्रेसी को सौंपते हुए उसे धरातल पर लाने की जिम्मेदारी मय जबावदेही की दी जानी चाहिए। संभवतः यही मंशा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की है। निश्चित रुप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह सोच और संदेष देश की ब्यूरोक्रेसी में नए उत्साह का संचार करेगी।

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक**

# बड़े बदले तभी होगा हिंदी के प्रति जनमानस में बदलाव

## सतही तौर पर मनाए जाने वाले हिंदी दिवस को लाना ही होगा धरातल पर



प्रकाश चंद्र शर्मा

**आज** 10 जनवरी है। यह सिर्फ कैलेंडर की तारीख नहीं,अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की मातृभाषा हिंदी को विश्व मे सम्मान दिलाने का एक खास दिन है। सभी जानते है कि इस रोज विश्व हिंदी दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है। पूर्व में सुदूर पूर्व बसे हुए अप्रवासी भारतीयों के लिए हिंदी घर के बोलचाल की एक भाषा मात्र थी। लेकिन 17 वर्ष पूर्व भारत सरकार ने 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस घोषित कर अप्रवासी भारतीयों के लिए इस दिन को एक प्रकार से राष्ट्रीय उत्सव बना डाला।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए वर्ष 2006 में प्रति वर्ष 10 जनवरी को हिंदी दिवस मनाने का एलान किया था। विश्व में हिंदी का विकास करने और एक अंतरराष्ट्रीय भाषा के तौर पर इसे प्रचारित-प्रसारित करने के उद्देश्य से विश्व हिंदी सम्मेलनों की शुरुआत की गई और प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन 10 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित हुआ था। इसीलिए इस दिन को विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत के संविधान ने देवनागरी लिपि में लिखित हिंदी को 1950 के अनुच्छेद-343 के तहत देश की आधिकारिक भाषा के रूप में 1950 में अपनाया। इसके साथ ही भारत सरकार के स्तर पर अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाएं औपचारिक रूप से इस्तेमाल हुईं। 1949 में भारत की संविधान सभा ने देश की आधिकारिक भाषा के रूप में हिंदी को अपनाया। वर्ष 1949 से प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है।

हिंदी दिवस का महत्व :-हिंदी दिवस को उस दिन को याद करने के लिए मनाया जाता है जिस दिन हिंदी हमारे देश की आधिकारिक भाषा बन गई। यह हर साल हिंदी के महत्व पर जोर देने और हर पीढ़ी के बीच इसको बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है जो अंगेजी से प्रभावित है। यह युवाओं को अपनी जड़ों के बारे में याद दिलाने का एक तरीका है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम कहाँ तक पहुंचे हैं और हम क्या करते हैं अगर हम अपनी जड़ों के साथ मैदान में डटे रहे और समन्वयित रहें तो हम अपनी पकड़ मजबूत बना लेंगे। यह दिन हर साल हमें हमारी असली पहचान की याद दिलाता है और देश के लोगों को एकजुट करता है।

जहां भी हम जाए हमारी भाषा, संस्कृति और मूल्य हमारे साथ बरक़रार रहने चाहिए और ये एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करते है। हिंदी दिवस एक ऐसा दिन है जो हमें देशभक्ति भावना के लिए प्रेरित करता है। आज के समय में अंग्रेजी की ओर एक झुकाव है जिसे समझा जा सकता है क्योंकि अंग्रेजी का इस्तेमाल दुनियाभर में किया जाता है और यह भी भारत की आधिकारिक भाषाओं में से एक है। यह दिन हमें यह याद दिलाने का एक छोटा सा प्रयास है कि हिंदी हमारी आधिकारिक भाषा है और बहुत अधिक महत्व रखता है। जहां अंग्रेजी एक विश्वव्यापी भाषा है और इसके महत्व को अनदेखा नहीं किया जा सकता है वहीं हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हम पहले भारतीय हैं और हमें हमारी राष्ट्रीय भाषा का सम्मान करना चाहिए। आधिकारिक भाषा के रूप में हिंदी को अपनाने से साबित होता है कि सत्ता में रहने वाले लोग अपनी जड़ों को पहचानते हैं और चाहते हैं कि लोगों द्वारा हिंदी को भी महत्व दिया जाए।

निस्संदेह भारत में हिंदी सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाला भाषा है। हालांकि अंग्रेजी के प्रति अभी भी भारतवासियों का झुकाव है और इसके महत्व पर स्कूलों और अन्य स्थानों पर जोर दिया जाता है परन्तु हिंदी हमारे देश की सबसे व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषा के रूप में मजबूत है। वर्ष 2001 में आयोजित जनगणना में 422 लाख से अधिक लोगों ने अपनी मातृभाषा के रूप में हिंदी का उल्लेख किया। देश में किसी भी अन्य भाषा का कुल आबादी का 10 प्रतिशत से अधिक उपयोग नहीं किया जाता है। हिंदी बोलने वाली अधिकांश आबादी उत्तर भारत में केंद्रित है। हिंदी भाषा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड और झारखंड सहित कई भारतीय राज्यों की आधिकारिक भाषा है। बिहार देश का पहला राज्य था जिसने अपनी एकमात्र आधिकारिक भाषा के रूप में हिंदी को अपनाया। बंगाली, तेलुगु और मराठी देश की अन्य व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषा हैं।

हिंदी दिवस हमारे सांस्कृतिक जड़ों को फिर से देखने और अपनी समृद्धता का जश्न मनाने का दिन है। हिंदी हमारी मातृभाषा है और हमें इसका आदर और उसका मूल्य समझना चाहिए। हिंदी दुनिया की चौथी व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषा है। जबकि भारत में ज्यादातर हिंदी बोलने वाली जनसंख्या है। अन्य देश जहां व्यापक रूप से हिंदी बोली जाती है वह है पाकिस्तान, नेपाल, मॉरीशस, फिजी, गुयाना और सूरीनाम। दुनिया भर में लोग हिंदी गीतों और हिंदी फिल्मों को प्यार करते हैं जो स्पष्ट रूप से इस भाषा के प्रति स्नेह को परिभाषित करता है।

**हिंदी को प्राथमिकता न मिलना :-** दुर्भाग्य से भले ही हिंदी दुनिया की चौथी व्यापक बोली जाने वाली भाषा है परन्तु इसके मूल देश में लोग इसको महत्व नहीं देते हैं। स्कूल से लेकर कॉलेज, कॉर्पोरेट, कार्यालयों तक अंग्रेजी को अधिक प्राथमिकता दी जाती है और हिंदी अंग्रेजी से पिछड़ जाती है। माता-पिता, शिक्षकों और हर किसी को लिखित और मौखिक रूप से अंग्रेजी सीखने के महत्व पर जोर देना आम बात है क्योंकि इससे नौकरी हासिल करने में काफी मदद मिलती है। यह देखना दुखदाई है कि नौकरियों और शैक्षिक पाठ्यक्रमों के लिए भी लोगों को स्मार्ट होना पड़ता है क्योंकि नौकरी पर रखने वाले अधिकारी उन्हें उनके अंग्रेजी से संबंधित ज्ञान के आधार पर चुनते हैं। बहुत से लोग सिर्फ इसलिए काम करने का अवसर खो देते हैं क्योंकि वे अंग्रेजी को धाराप्रवाह नहीं बोल पाते भले ही वे काम के बारे में अच्छी जानकारी रखते हों। हिंदी दिवस ऐसे लोगों को जगाने का प्रयास है और उनमें हिंदी भाषा के लिए सम्मान स्थापित करने का प्रयास है। सच मायने में हिन्दी दिवस मनाने का महत्व तभी है जब उच्च अदालतों और समस्त सरकारी कार्यालयों में हिन्दी को इस तरह अंगीकार किया जाए कि वहाँ से गुजरने वाले प्रत्येक कागज पर हिंदी में ही लिखा जाए। क्योंकि वर्तमान में निचले स्तर पर तो अदालतों और सरकारी कार्यालयों में हिन्दी को महत्व दिया जा रहा है लेकिन बड़ी अदालतों और केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण दफ्तरों में अभी भी अंग्रेजीयत हावी है।

**प्रकाश चंद्र शर्मा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### रविवार 7 जनवरी 2024

**पौष मास कृष्ण पक्ष, एकादशी तिथि, विक्रम सम्वत 2080, विशाखा नक्षत्र रात्रि 10.08 तक, शूलयोग रात्रि 4.52 तक, बवकरण दिन 12.44 तक, चन्द्रमा आज सायं 4.02 से वृश्चिक राशि में संचार करेगा।**

**बुध धनु राशि में रात्रि 8.32 पर प्रवेश करेगा। आज सफल एकादशी है।**


**ग्रह स्थिति - सूर्य-धनु, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-धनु, बुध-वृश्चिक, गुरु-मेष, शुक्र-वृश्चिक, शनि-कुम्भ, राहु-मीन-केतु-कन्या राशि में संचार करेगा।**

**श्रेष्ठ चौघडिया - चर - 8.39 से 9.58 तक, लाभ-अमृत 9.37 से 12.33 तक, शुभ - 1.51 से 3.09 तक।**

**राहुकाल - 4.30 से 6.00 तक**


**सूर्योदय - 7.21 सूर्यास्त 5.44**

**मेष**



मेष - परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह संपन्न हो सकते हैं। सामुहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक

**वृष**




वृष - मित्रों-रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। स्वास्थ्य में सुधार होगा। धार्मिक-मांगलिक कार्यों में भाग ले

**मिथुन**




मिथुन - व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिजनों

**कर्क**




घर-परिवार में सुख शांति बनी रहेगी। सुख-सुविधाएं बडेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।अथितियों का आगमन बना रहेगा।

**सिंह**




परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। घर-परिवार में मनोरंजन मौज-मस्ती के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**कन्या**




धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। आज समय अर्नगल कार्यों में खराब हो सकता है।

**तुला**




अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**




घर-परिवार के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भाग-दौड रहेगी। आज समय अर्नगल कार्यों में खराब हो सकता है।

**धनु**




नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**मकर**




अपने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आवश्यक कार्य शीघ्रता-सुगमता से बनने लगेंगे। घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह संपन्न हो सकते हैं।

**कुंभ**



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**मीन**



अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी व कष्ट हो सकता है।

# स्वामी रामदेव गुरूकुलों की स्थापना कर महर्षि दयानंद के सपने को साकार कर रहे हैं: राजनाथ सिंह




हरिद्वार में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पतंजलि गुरूकुलम की आधारशिला रखी। इस दौरान स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण मौजूद थे।

- **स्वामी जी के तप से गुरूकुल ज्वालापुर पुनः अपने अतीत के गौरव को प्राप्त करेगाः आचार्य बालकृष्ण**
- **पतंजलि की गंगोत्री से भारतीय संस्कृति की गंगा बहेगी : श्री धामी**

**हरिद्वार/जयपुर।** पतंजलि योगपीठ के 29वें स्थापना दिवस, पतंजलि योगपीठ महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयन्ती एवं गुरुकुल ज्वालापुर के संस्थापक पूज्य स्वामी दर्शनानन्द जी की जयन्ती के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विश्व के श्रेष्ठतम गुरुकुल 'पतंजलि गुरुकुलम्' व देश के श्रेष्ठतम शिक्षण संस्थान आचार्यकुलम् की नवीन शाखा का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर राजनाथ ने कहा कि गुरुकुलों में शिक्षा के साथ-साथ समाज में शुचिता व नैतिकता का पाठ भी पढ़ाया जाता था। उन्होंने कहा कि मैकाले ने एक षड्यंत्र के तहत ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित की जिसने हमारी गुरुकुलीय परम्परा को लगभग समाप्त ही कर दिया था। किन्तु स्वामी रामदेव जैसे तपस्वी महापुरुष ने गुरुकुल की परम्परा को पुनः गौरव प्रदान करते हुए पतंजलि गुरुकुलम् की आधारशिला रखी। मुझे आशा है कि स्वामी रामदेव जी के दिशानिर्देशन में संचालित पतंजलि गुरुकुलम् भारतीय संस्कृति व सनातन की ध्वजवाहक बनेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति जीवित व सनातन बनी हुई है, इसमें इस देश के गुरुओं का बहुत बड़ा योगदान है। 1500 वर्ष पूर्व नालंदा व तक्षिशला विश्वविद्यालय उसी गुरुकुलीय परम्परा के श्रेष्ठ उदाहरण हैं जहाँ से पूरा विश्व शिक्षा के क्षेत्र में दीप्तमान होता था। स्वामी जी भी उसी दिशा में कार्य कर रहे हैं तथा गुरुकुलों की स्थापना कर महर्षि दयानंद के स्वप्न को साकार कर रहे हैं।

कार्यक्रम में स्वामी रामदेव ने कहा कि हमने गुरुकुल से शिक्षा प्राप्त कर मानव सेवा के लिए विशाल अर्थ साम्राज्य स्थापित किया। अभी 500 करोड़ की लागत से पतंजलि गुरुकुलम् तथा आचार्यकुलम् तैयार करने की योजना है तथा साथ ही अगले 5 सालों में 5 से 10 हजार करोड़ रुपए शिक्षा के अनुष्ठान में खर्च करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जो देश से पाया, उसे इस देश को वापस लौटाना है।

पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पूज्य स्वामी दर्शनानंद ने अल्प संसाधनों से यह संस्था प्रारंभ कर एक स्वप्न देखा था जिसे श्रद्धेय स्वामी रामदेव जी महाराज साकार कर रहे हैं। इस संस्था ने अपनी युवावस्था के गौरव को देखा है। कहीं न कहीं यह संस्था अपनी वृद्धावस्था की तरफ जा रही थी किन्तु श्रद्धेय स्वामी जी के तप व पुरुषार्थ से यह पुनः अपने अतीत के गौरव को समेटे हुए वैभव प्राप्त करेगी।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि त्रेता में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम तथा द्वापर में योगेश्वर कृष्ण ने गुरुकुलों में शिक्षा ग्रहण की। स्वामी रामदेव जी उसी गौरवशाली गुरुकुलीय परम्परा के संवाहक बन गुरुकुलीय परम्परा को गौरव प्रदान कर रहे हैं।

उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि गुरुकुल एक विशिष्ट शब्द है जहाँ गुरु शिष्य को कुलवाहक मानकर शिक्षित कर उसका मार्ग प्रशस्त करता है। स्वामी रामदेव जी महाराज महर्षि दधिचि के समान अपना सर्वस्व देश व समाज की सेवा में न्यौछावर कर रहे हैं। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी, एमिटी ग्रुप के चेयरमैन डॉ.अशोक चौहान, बाबा बालकनाथ, लक्ष्मण गुरु, अखाड़ा परिषद अध्यक्ष स्वामी रविन्द्रपुरी, महामण्डलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद, स्वामी यतीश्वरानंद, सत्यपाल, धनसिंह रावत, रमेश पौखरियाल 'निशंक', शोभित गर्ग, मदन कौशिक, प्रणव सिंह 'चैम्पियन', राकेश टिकैत, सुरेश चन्द्र आर्य, आचार्य स्वदेश, विनय आर्य, दयानंद चौहान, स्वामी आर्यवेश, आचार्या सुमेशा, आचार्या सुकामा, सुशील चौहान, स्वामी सम्पूर्णानंद सहित आर्य समाज के लगभग सभी विद्वान, भजनोपदेशक और संन्यासी महापुरुष, हरिद्वार के सभी पूज्य आचार्य महामण्डलेश्वर व संत महात्मा, गुरुकुल ज्वालापुर की महासभा व प्रबंधकारिणी सभा के समस्त अधिकारी व सदस्यगण तथा पतंजलि से सम्बद्ध सभी ईकाइयों के इकाई प्रमुख, अधिकारी, कर्मचारी तथा संन्यासी भाई-बहन उपस्थित रहे।

## इंदिरा रसोईयों की खामियां दूर होंगी : भजनलाल

- **'परीक्षण करवाकर रसोईयों की संख्या एवं स्थान का होगा पुनर्निर्धारण'**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेशवासियों को जनहितैषी योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने के लिए संकल्पित है। प्रधानमंत्री की उपस्थिति में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उनका जीवन स्तर ऊपर उठा है एवं उनके सुनहरे भविष्य का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इन योजनाओं में हर वर्ग के हितों का ध्यान रखा गया है। 'सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास' को चरितार्थ करती यह योजनाएं राज्य में प्रभावी रूप से लागू कर प्रदेशवासियों को लाभान्वित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्दिरा रसोई योजना की समीक्षा कर इसमें निहित सभी खामियों को दूर कर नव योजना के तहत प्रदेश में आमजन को पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध करवाना हमारा ध्येय है। इस योजना की समीक्षा में कई कमियां पाई गई। वर्तमान मैन्यू में भोजन की मात्रा लगभग 450 ग्राम है जो पर्याप्त नहीं है। साथ ही, ऐसी जगहों पर रसोई संचालित की जा रही है जहां इनकी उपयुक्तता नहीं है। इसके अतिरिक्त मॉनिटरिंग हेतु स्थायी स्टाफ का अभाव है जिससे इसके निरीक्षण में कठिनाई होती है। उन्होंने कहा कि रसाईयों में पर्याप्त मात्रा में पौष्टिक भोजन का प्रावधान किया जाएगा। साथ ही, इनके संचालन हेतु उपयुक्त स्थान का प्रावधान किया जाएगा। प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु उचित व्यवस्थाएं की जाएंगी जिससे अधिक से अधिक लोगों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध करवाया जा सके। गत योजना के अंतर्गत संचालित रसोईयों की संख्या की आवश्यकता का परीक्षण करवाकर पुनर्निर्धारण किया जाएगा।

## युवा जरूरतमंदों की सहायता करें : सी.पी.जोशी

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने आज प्रदेश कार्यालय में भाजयुमो द्वारा आयोजित विकसित भारत एंबेसडर कार्यशाला में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को संबोधित किया और भाजयुमो के कार्यकर्ताओं को नमो ऐप डाउनलोड करवा कर विकसित भारत एंबेसडर बनाया। जोशी ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र युवाओं सहित देश के सभी वर्ग के उत्थान और विकसित भारत के लिए अपनी योजनाओं द्वारा उत्तम कार्य कर रही है। मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में युवाओं को आव्हान करते हुए कहा था कि युवा विकसित भारत एंबेसडर बन केंद्र सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने और विकसित भारत बनाने में कर्णधार सिद्ध होंगे।

## पेपर लीक व नकल रोकने के लिए पेपर तीन लेयर में सील्ड किए

- **प्रत्येक अभ्यर्थी को एक सील्ड प्रश्न पत्र दिया जाएगा और परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी ही उसे खोलेगा।**
- **परीक्षा केंद्र के एक कक्ष में 24 अभ्यर्थी ही बैठेंगे।**
- **परीक्षा केंद्र पर ट्रंक में सील्ड प्रश्नपत्र पहुंचेंगे और इस ट्रंक को खोलने का भी एक इलेक्ट्रॉनिक कोड होगा।**

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) की ओर से रविवार को आयोजित सहायक आचार्य, पुस्तकालय अध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक की परीक्षा के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। परीक्षा में पेपर लीक एवं नकल से बचाने के लिए इस बार पेपर को तीन लेयर में सील्ड किया गया है।

पेपरलीक के संबंध में गठित एसआईटी के प्रमुख एवं एटीएस व एसओजी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वी के सिंह ने बताया कि रविवार को आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी की संभावना को रोकने के साथ ही परीक्षा निर्विध्न एवं निर्विवाद तरीके से पूर्ण करने के लिए अपेक्षित सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। प्रश्नपत्र स्टोर एवं वितरण, परीक्षा केंद्र पर नियोजित पुलिस कार्मिकों व फ्लाइंग स्क्वॉड के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

सिंह ने बताया कि इन परीक्षाओं के प्रश्न पत्र नियत स्थान तक पहुंचाने के दौरान समुचित पुलिस व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि आरपीएससी ने प्रबंध किया है कि प्रश्न पत्र सील्ड स्थिति में अभ्यर्थी को मिले। प्रत्येक अभ्यर्थी को एक सील्ड प्रश्न पत्र दिया जाएगा और परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी ही उसे खोलेगा। परीक्षा केंद्र के एक कक्ष में 24 अभ्यर्थी ही बैठेंगे। इन सभी 24 अभ्यर्थी के सील्ड प्रश्न पत्र के पैकेट एक अन्य पैकेट में सील्ड होंगे। परीक्षा केंद्र पर एक ट्रंक में सील्ड प्रश्नपत्र पहुंचेंगे। ट्रंक को खोलने का भी एक इलेक्ट्रॉनिक कोड होगा। यह कोड केंद्र अधीक्षक को परीक्षा से कुछ समय पहले ही बताया जाएगा। केवल केंद्र अधीक्षक ही कीपैड मोबाईल रख सकेंगे।

उन्होंने बताया कि इस दौरान वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई जाएगी। स्ट्रांग रूम की प्रश्न प्राप्ति से लेकर परीक्षा समाप्ति के बाद सील्ड पैकेट को आयोग को भेजे जाने तक की अवधि तक सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी। इसके लिए एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने से एक घंटे पहले तक ही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा उसके पश्चात किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बताया कि आरपीएससी ने अभ्यर्थी का आवेदन पत्र फोटो सहित भेजा है।

परीक्षा हॉल में निरीक्षक प्रवेश पत्र से इसका मिलान करेंगे और वीडियोग्राफी भी करवाएंगे। अभ्यर्थी का प्रत्येक स्तर पर इसी फोटो से मिलान किया जाएगा। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त संख्या में स्वस्थ, सजग और साफ छवि वाले महिला और पुरुष पुलिसकर्मी नियोजित किये गए है। फ्लाइंग स्क्वॉड भी समय-समय पर विजिट करेंगे।

## डीजी-आईजी कांफ्रेंस में आए पुलिस अधिकारियों ने योगा किया

- **कई अधिकारी सुबह सेन्ट्रल पार्क में वॉक करने भी पहुंचे**

**जयपुर।** देश के सभी राज्यों से आए पुलिस अधिकारियों ने विधानसभा के नजदीक विधायक आवास में शनिवार सुबह योगा किया। सभी अधिकारियों के लिए योगा कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। कई अधिकारी सुबह सेन्ट्रल पार्क में वॉक करने पहुंचे। इस दौरान राजस्थान के भी कई आइपीएस अधिकारी सेंट्रल पार्क में इन अधिकारियों के साथ वॉक करते नजर आए।

इसके बाद सभी तैयार होकर आरआइसी पहुंचे। प्रधानमंत्री, केन्द्रीय गृह मंत्री सहित सभी अधिकारियों के लिए सुबह का नश्ता, दोपहर का भोजन, शाम की चाय और रात्रि भोजन आरआइसी में ही रखा गया था। मोदी राजभवन में, केन्द्रीय गृह मंत्री शाह सहकार मार्ग स्थित बिजली विभाग के गेस्ट हाउस में और बाहर से आने वाले अन्य सभी पुलिस अधिकारी विधायकों के लिए बनाए गए फ्लैट में ठहराया गया हैं। डीजी-आईजी कांफ्रेंस के रविवार को समापन सत्र में राजस्थान पुलिस मुख्यालय के आला अधिकारी शामिल होंगे। इन सभी अधिकारियों को कांफ्रेंस के उदघाटन सत्र में भी बुलाया गया था। शनिवार को मुख्य सत्र में चयनित अधिकारी ही शामिल हुए थे। डीजीपी-आइजी कांफ्रेंस के दूसरे दिन शनिवार को आयोजित मुख्य सत्र में शामिल होने के लिए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहकार मार्ग स्थित बिजली विभाग के गेस्ट हाउस से 7.45 बजे रवाना हो गए थे। शाह का काफिला आरआइसी पहुंचने के बाद करीब 8 बजे प्रधानमंत्री मोदी का काफिला राजभवन से आरआइसी के लिए रवाना हुआ। इनसे पहले संबंधित पुलिस व सुरक्षा एजेन्सियों के अधिकारी आरआइसी पहुंच गए थे।

विधायकों के फ्लैट में ठहरे बाहर के राज्यों के अधिकारियों को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर तक ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था की गई थी। कुछेक अधिकारियों को छोड़कर अधिकांश अधिकारी बसों से ही सेंटर पहुंचे। इस दौरान कमिश्नरेट पुलिस ने बसों की सुरक्षा के लिए एस्कॉर्ट भी लगाई।

## हाईकोर्ट ने ई.डी. को सीज की गई मुद्राएं वापिस लौटाने के आदेश दिये

- **याचिकाकर्ता के वकील सिद्धार्थ राकां ने बताया कि सीज की गई मुद्रा में 90 लाख रुपये भारतीय मुद्रा, 3280 दिरम, 25966 अमेरिकी डॉलर, 14345 ईयूरो, 710 पाउण्ड, 156000 थाई भात व अन्य शामिल हैं**

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट में हरीश फोरेस्ट सर्विस लिमिटेड तथा उसके मुख्य निदेशक हरीश भाटिया व अन्य निदेशकों द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए एनफोर्समेंट डायक्टरेट के असिस्टेंट डॉयरेक्टर को आदेश दिये हैं कि उसके द्वारा 14 मार्च 2019 को रेड के दौरान सीज की गई मुद्रा जिसमें भारतीय व अन्य देशों की मुद्राएं भी शामिल हैं, को याचिकाकर्ता को वापिस लौटाएं। याचिकाकर्ता के वकील सिद्धार्थ राकां ने बताया कि सीज की गई मुद्रा में 90 लाख रुपये भारतीय मुद्रा, 3280 दिरम, 25966 अमेरिकी डॉलर, 14345 ईयूरो, 710 पाउण्ड, 156000 थाई भात व अन्य मुद्राएं शामिल हैं। न्यायाधीश आशुतोष कुमार व अरूण भंसाली की खंडपीठ ने यह आदेश तीन जनवरी को दिये।

याचिकाकर्ता फोरेन करेंसी एक्सचेंज करने और फटे हुए विदेश नोटों को बदलने के व्यापार में संलग्न है और ई.डी. ने इसके परिसर और डायरेक्टरों के घरों पर रेड के दौरान भारतीय व विदेशी मुद्रा सीज की थी।

इस मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि 14 मार्च 2019 को ई.डी. की रेड के दौरान याचिकाकर्ता की बिल बुक, हार्ड ड्राइव, एकांउट्स की किताबें मांगी गई थी, परंतु इन सबके मुहैया कराने के बावजूद ई.डी.के अफसरों ने याचिकाकर्ता द्वारा "बुक्स ऑफ अकाउंट्स" में दर्ज की गई भारतीय व अन्य देशों की करेंसी को सीज कर दिया। बहस के दौरान याचिकाकर्ता ने इस बात पर भी जोर दिया कि ई.डी. का रेड के लिये नोटिस देना और फिर रेड करने का तरीका दोनों ही गैरकानूनी ढंग से किये गये थे। उन्होंने अदालत को बताया कि उन्होंने ई.डी. के नोटिस को भी अदालत को चुनौती दे रखी है।

सिद्धार्थ राकां ने अदालत को बताया कि ई.डी. के अफसर रेड के दौरान उस मुद्रा को सीज नहीं कर सकते थे जो याचिकाकर्ता ने अपने बहीखाते में "स्टॉक-इन-ट्रेड" में सही तरह से दर्शा रखी हैं। बहस के दौरान ई.डी.अफसरों का रेड के दौरान याचिकाकर्ता के साथ रवैये पर भी सवाल उठाये गये।

बहस के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि उसने एनफोर्समेंट डायरेक्ट की एडज्यूडिकेटिंग आथोरिटी को कम-से-कम पांच बार पत्र लिखा कि वह सीज की गई राशि को लौटा दे। परंतु उन्होंने उन पत्रों का कोई जवाब नहीं दिया।

दूसरी ओर ई.डी. की ओर से यह माना गया कि रेड के दौरान उसने भारतीय व अन्य मुद्राएं सीज की थी। अदालत को यह भी बताया गया कि कानून के तहत अगर याचिकाकर्ता सीज की गई राशि या संपत्ति का सही-सही लेखा जोखा प्रदान कर सकता है तो ई.डी. को उस संपत्ति को 120 दिन में लौटा देना चाहिये।

इस मामले की सुनवाई के दौरान ई.डी. ने यह भी माना कि याचिकाकर्ता ने संपत्ति लौटाने के लिये कई बार पत्र लिखे थे, परंतु दो साल नौ माह बाद भी ई.डी. इस तथ्य पर नहीं पहुंची कि जब्त संपत्ति वैध है या अवैध। सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने जब्त की गई राशि को लौटाने के आदेश दिये।

## 'गहलोत की स्थिति सौ चूहे खाकर हज पर जाने वाली बिल्ली जैसी'

**जयपुर, (का.सं.)।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर पलटवार करते हुए कहा कि मौजूदा समय में गहलोत पर यह कहावत चरितार्थ होती है कि सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली। सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को मंत्री बनाने के खिलाफ बोलने वाली कांग्रेस को अपने गिरेबान में झांककर मेरे इन सवालों के जवाब देने चाहिएं कि 1985 में विधानसभा चुनाव 1 मार्च को हुए थे। चलते चुनाव में राजस्थान और यूपी के मतदाता कांग्रेस के सिटिंग मुख्यमंत्री शिवचरण माथुर के खिलाफ होने के डर से 22 फरवरी की रात को उनका इस्तीफा दिलाकर हीरालाल देवपुरा को मुख्यमंत्री बनाया गया क्या यह कानूनन गलत नहीं था।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि तत्कालीन माथुर सरकार में चुनाव प्रचार के बीच 21 फरवरी को डीग के विधायक और उस चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी राजा मानसिंह जो प्रतिष्ठित जाट नेता थे, का एनकाउंटर पुलिस ने किया जाता है। राजस्थान और यूपी के जाटों की नाराजगी से बचने के लिए राजीव गांधी के सलाहकार माखनलाल फोतेदार के निर्देश पर 22 फरवरी 1985 की रात मुख्यमंत्री माथुर को इस्तीफा देना पड़ा। चुनाव केवल एक सप्ताह दूर थे, कुंभलगढ़ से चुनाव लड़ रहे हीरालाल देवपुरा को बुलाकर 23 फरवरी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिला दी गई। न विधायक दल की कोई बैठक हुई और ना ही कोई संवैधानिक औपचारिकता पूरी की गई।

## 33 कलैक्टर बदले, 39 अन्य आई.ए.एस का तबादला

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर 33 जिलों में कलैक्टर को बदल दिया है। इसके अलावा 39 अन्य आई.ए.एस. अफसरों सहित 121 आरएएस के तबादले किये हैं।

आदेशानुसार भीलवाड़ा में नमित मेहता, फलौदी में हरजीलाल अटल, अलवर में आशीष गुप्ता, हनुमानगढ़ में कानाराम, चित्तौड़गढ़ में आलोक रंजन, पाली में लक्ष्मी नारायण मंत्री, कोटपूतली-बहरोड में कल्पना अग्रवाल, चूरू में पुष्पा सत्यानी, झालावाड़ में अजय सिंह राठौड़, जोधपुर में गौरव अग्रवाल, झुंझुनूं में चिनमयी गोपाल, सिरोही में शुभम चौधरी, सीकर में कमर उल जमान, राजसमंद में डॉ.भंवर लाल, डूंगरपुर में अंकित कुमार सिंह, सलुम्बर में अरूण गर्ग, डीडवाना-कुचामन में बाल मुकुन्द असावा, करौली में नीलाभ सक्सेना, सवाईमाधोपुर में खुशाल यादव, प्रतापगढ़ में अंजलि राजोरिया, बांसवाड़ा में इंद्रजीत यादव, जैसलमेर में प्रताप सिंह, कोटा में रविन्द्र गोस्वामी, बारां में रोहिताश्व सिंह तोमर, ब्यावर में उत्सव कौशल, गंगापुर सिटी में गौरव सोनी, केकड़ी में श्वेता चौहान, अनूपगढ़ में अवधेश मीणा, दौसा में देवेन्द्र कुमार, बालोतरा में सुशील कुमार, बूंदी में अक्षय गोदारा, धौलपुर में श्रीनिधि बी.टी., टौंक में सौम्या झा को जिला कलैक्टर के पद पर लगया गया है। इसके अलावा अन्य 39 आईएएस अफसरों का भी तबादला किया गया है।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की शनिवार को विधानसभा में शिष्टाचार मुलाकात हुई। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने मुख्यमंत्री शर्मा को विनायक दामोदर सावरकर की पुस्तक 1857 का स्वातंत्र्य समर की प्रति भेंट की। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी से शनिवार को विधानसभा में कृषि, उद्धानिकी व ग्रामीण विकास विभाग मंत्री किरोड़ी लाल, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, संसदीय कार्य विभाग मंत्री जोगाराम पटेल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री अविनाश गहलोत, सांसद रामचरण बोहरा, विधायक जोगेश्वर गर्ग, विधायक कैलाश मीणा, विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, विधायक शंकर सिंह रावत, विधायक राधेश्याम बैरवा, पूर्व विधायक सतीश पूनिया व पूर्व विधायक शैतान सिंह ने शिष्टाचार भेंट की।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम महेन्द्र गर्ग से बदलकर महेन्द्र कुमार गर्ग पुत्र श्री मालीराम गर्ग रख लिया है निवासी डी-152, अम्बाबाडी जयपुर भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाएगा।

मैंने मेरा नाम नन्दा भागवानी से बदलकर मंजू वासवानी पत्नी श्री मनोहर लाल वासवानी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। मंजू वासवानी पता-164/92, सेक्टर-16 प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर सिटी-302033

मैंने मेरा नाम मनोहर लाल से बदलकर मनोहर लाल वासवानी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। मनोहर लाल वासवानी पता-164/92, सेक्टर-16 प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर सिटी-302033

I No. 14939167M Nk Dhotare Mahesh Anandrao residence at Village- Walwa, Teh- Walwa, PO- Walwa, Dist- Sangli, State- Maharashtra, have changed my name Dhotare Mahesh Anandrao to Mahesh Anandrao Dhotare for future purposes vide Affidavit BS 302595 dated 27 Dec 2023

I, RUMY THAKUR W/o No 14938984Y LHav Shammi Thakur, Residing Vill- Bathra, Po- Bathra, Teh- Jaswan Kotla, Dist- Kangra, State- HP, Pin- 177112, I have Change My Name from RUMY THAKUR to ROMY DADWAL vide affidavit BG774101 dated 24 July 2023.

I No. 1492900P Hav Shekh Shahid Pharid residence at Village- Navalewadi, PO- Lalgun, Teh- Khatav, State- Maharashtra have changed my name Shekh Shahid Pharid to Sheikh Shahid Pharid for future purposes vide Affidavit BS 302594 dated 27 Dec 2023

I have changed my name from Piyush Kumar Modi to Piyush Modi for all purpose.R/o Plot no-130 sector-8 near Pani ki tanki vidyadhar Nagar Jaipur.(Raj.)

I, No 14941161K LNK Valaganthy Pravinbhai Ramjibhai who is father of Maitrik presently R/o Vill- Changa, Post- Changa, Teh - Vadgam, Dist- Banaskanta, State Gujart, PIN- 385520 declare that I have change my son name from Maitrik to Valaganth Maitrik Pravinbhai for all purposes vide affidavit 082237 date 26 Sep 2023.

I am Ex-NK Shashi Kumar Sharma, Army No. 14441196X, S/O Vinodi Lal Sharma. Address-plot no. 143, Manshi Vihar, Ward No. 15, Buchahera Mohalla (Dabla Road), Kotputli, Jaipur (Rajasthan). I want to change my daughter's name from ASMITA SHARMA, which is wrongly entered in the service record. To ASHMITA KUMARI, which is the correct name, vide affidavit dated December 29, 2023, from district notary Jaipur.

**खोया पाया**

दुकान संख्या 5/S-26 S F S मानसरोवर का आवंटन पत्र क्रमांक ई-891 गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। लीना, मो. 7230902116

**NAME CHANGE**

I Sravan Lal Sharma S/O Prabhu Dayal Sharma R/O VPO Nangal Ladi, Waya Jahota, Teh. Amer, Dist. Jaipur, Have Changed My Name To Sharvan Lal Sharma In Future I Will Be Known As Sharvan Lal Sharma

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर जयपुर**

क्रमांकः 15391 **जाहिर आम-सूचना** दि.05.01.2024

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/ फ्लैट संख्या 263/463 (LIG), (एरिया 67.50 वर्गमीटर) का आवंटन सुश्री सरोज सैनी पुत्री श्री ओम प्रकाश सैनी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 8473 दिनांक 05.12.2005 को जारी किया गया था। जिसका भौतिक कब्जा दिनांक 21.12.2005 को सम्भलाया गया। सुश्री सरोज सैनी की मृत्यु दिनांक 26.10.2019 को हो जाने के कारण उनके पिता श्री ओम प्रकाश सैनी पुत्र श्री राम नारायण सैनी द्वारा आवासन मण्डल मे अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्री ओम प्रकाश सैनी पुत्र श्री राम नारायण सैनी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय,

सम्पदा प्रबन्धक, राज. आवा. मण्डल, वृत-प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर**

क्रमांक- 15303 दिनांक- 02.01.2024

**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 80/418 (LIG), (एरिया 60.00 वर्गमीटर) का आवंटन श्री पी.एम. गुरदासवानी पुत्र श्री पी.डी. गुरदासवानी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1465 दिनांक 19.08.1989 को जारी किया गया था। जिसका भौतिक कब्जा दिनांक 25.09.1989 को सम्भलाया गया। श्री पी.एम. गुरदासवानी की मृत्यु दिनांक 29.02.2016 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती लाजवन्ती पत्नी स्व. श्री पी.एम. गुरदासवानी द्वारा आवासन मण्डल में अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती लाजवन्ती पत्नी स्व. श्री पी.एम. गुरदासवानी का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जावेगा

सम्पदा प्रबन्धक, राज.आवा.मण्डल, जयपुर

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
**रामप्यारी बनाम एचडीएफसी बैंक**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. नवम्बर 07/23

विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

प्रार्थी नाम रामप्यारी देवी पत्नी बाबूलाल जाति अहीर विवाद स्थान धाबाई की ढाणी, ग्राम सामोद तहसील चौमू जिला जयपुर

मृतक बाबूलाल की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक- 09.01.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम बाबूलाल पुत्र भूराराम जाति अहीर निवासी धाबाई की ढाणी, ग्राम सामोद तह. चौमूं जिला जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें। अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 09 माह 01 सन् 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 06 माह 12 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

मोहर अदालत

वरिष्ठ प्रस्तुतकार
अपर सैंशन न्यायाधीश
चौमूं जिला जयपुर

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 2186/2023

विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

प्रार्थी नाम (1) विमला पत्नी स्व. पप्पू लाल नायक, जाति-नायक (2) मुकेश नायक पुत्र स्व. पप्पू लाल नायक नि. चौंप मोरीजा हाल नि. 130, रोड नं. 02, अशोक नगर न्यू सांगानेर रोड, सोडाला, जयपुर विवाद स्थान-जयपुर

मृतक पप्पू लाल नायक की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक- 18.01.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम पप्पू लाल नायक, पुत्र रामलाल नायक जाति नायक निवासी-चौंप मोरीजा, जिला जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 18 माह 01 सन् 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 20 माह 12 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

प्रार्थीगण ने मृतक पप्पूलाल के नाम S.I., P.E., पेंशन आदि की राशि बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।

मोहर अदालत

आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैंशन न्यायालय
जयपुर महानगर-प्रथम

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 283/2023

विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

प्रार्थी नाम श्रीमती दीप्ती मंगोत्रा पत्नि स्व. रमनदीप मंगोत्रा निवासी प्लाट नं. 7, महादेव नगर, वैशाली नगर, जयपुर विवाद स्थान....

मृतक स्व. रमनदीप मंगोत्रा के बकाया वेतन एवं अन्य भत्तो से सम्बन्धीत की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक- 01.02.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम रमनदीप मंगोत्रा पुत्र कृष्ण लाल मंगोत्रा जाति जाट निवासी 7, महादेव नगर वैशाली नगर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 01 माह 02 सन् 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 04 माह 01 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

मोहर अदालत

आज्ञा से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैंशन न्यायालय
जयपुर महानगर-द्वितीय

# कार व ट्रक में भिड़ंत, तीन जनों की मौत, पांच घायल

**मृतक व घायल टाउन थाना क्षेत्र के गांव लखुवाली के रहने वाले हैं तथा सभी कार में सवार थे**

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले में मेगा हाइवे पर शेरगढ़ चौकी के पास शनिवार को कार व ट्रक में भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार सवार तीन जनों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पांच जने घायल हो गए। घायलों को शेरगढ़ चौकी पुलिस व आसपास के लोगों ने जिला

- **कार से आठ जने रिश्तेदारी में शोक सभा में शामिल होने के लिए गांव कीकरवाली जा रहे थे**

अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर तीन जनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। देर शाम तक इस संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं कराया गया था। मृतक व घायल टाउन थाना क्षेत्र के गांव लखुवाली के रहने वाले हैं तथा सभी कार में सवार थे।

जानकारी के अनुसार कार में सवार लखुवाली निवासी आठ जने रिश्तेदारी में किसी शोक सभा में शामिल होने के लिए गांव कीकरवाली जा रहे थे। शेरगढ़ चौकी के पास कार की सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार मौलवी मुंसिफ अली, शाहनवाज एवं चिराग पुत्र अल्लाबख्श की मौत हो गई, जबकि मौलवी वारिस अली, कार चालक राजा सहित पांच जने घायल हो गए। उनको जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां से वारिस अली व कार चालक सहित तीन जनों को रेफर कर दिया गया। टाउन थाना पुलिस की सूचना पर मृतकों व घायलों के परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। पुलिस पोस्टमार्टम आदि की कार्रवाई में जुटी हुई थी।

## तेज गति से कार दीवार से टकराई, युवक के दोनों पैर टूटे

**सादुलपुर,** (निसं)। कार को तेजगति व लापरवाही से चलाकर दीवार के टकर मारने से कार में सवार एक युवक के दोनों पैर टूट गये, जिसका आज कार चालक के खिलाफ राजगढ़ थाने में मामला दर्ज करवाया गया है।

राजगढ़ थाने में दर्ज प्रकरण में दलवीर पुत्र काशीराम मेघवाल निवासी भनाई पुलिस थाना भादरा जिला हनुमानगढ़ ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि 22 दिसम्बर को उसका पुत्र कुलदीप मेघवाल उम्र 23 साल निवासी भनाई तहसील भादरा जिला हनुमानगढ़ अपने दोस्त अनिल कुमार पुत्र चरण सिंह जाट निवासी मुंदीताल तहसील राजगढ़ जिला चूरू के साथ कार में सवार होकर खेमाणा रोड होते हुए बस स्टेण्ड राजगढ़ की तरफ आ रहे थे। तो सांवरिया गम मिल राजगढ़ के सामने पहुंचे तो चालक अनिल कुमार ने कार को तेजगति व लापरवाही पूर्वक तरीके से चला कर कार को दीवार के टक्कर मार दी, जिससे उसके पुत्र कुलदीप के दोनों पैर टुट गये, जिसको तुरन्त मौका से एम्बुलेंस से सोनी अस्पताल राजगढ़ में लाकर दिखाया, जहां से रेफर करने पर बेडवाल अस्पताल पिलानी में भर्ती करवाया, जहां पर उसके पुत्र कुलदीप का इलाज चल रहा है।

बताया गया है कि पहले इलाज में व्यस्त होने के कारण आज मुकदमा दर्ज करवाने आया हूँ। कार चालक अनिल कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जावे। राजगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

## शेखावाटी में सर्दी के तेवर तीखे हुए

**चूरू,** (कासं)। शेखावाटी में सर्दी के तेवर तीखे हो गए हैं। साथ ही कोहरा भी अपना रंग दिखा रहा है। यहां मध्य रात्रि से पहले ही कोहरा छाने लगा। रात गुजरने के साथ-साथ यहां कोहरा भी गहरा होता गया। यहां बाड़, पेड़-पौधों आदि पर बर्फ जम गई। लोग दिनभर गर्म वस्त्रों से लदे रहे। मौसम विभाग के अनुसार चूरू में शनिवार को अधिकतम तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है।

## बजरी से भरा ट्रक जब्त

**छबड़ा** (निसं)। स्थानीय पुलिस ने अवैध खनन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए छबड़ा थाने के सामने नाकाबन्दी कर अवैध खनन की बजरी से भरे एक ट्रक को जब्त किया है तथा अग्रिम कार्यवाही की लिए माइनिंग विभाग को सूचित किया गया।

# चांवल बांटने को लेकर उपजा विवाद, पुलिस ने शांत कराया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। हमीरगढ़ पुलिस की सतर्कता के चलते शुक्रवार रात को कस्बे में बड़ा तनाव होते होते टल गया। जानकारी के अनुसार हमीरगढ़ कस्बे में शुक्रवार देर रात को दो समुदायों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के चलते मौके पर भारी संख्या में दोनों पक्षों के लोग इकट्ठे हो गए। पुलिस नें मौके पर पहुंचकर मामले की गंभीरता को देखते हुए समझाईश कर दोनों पक्षो के लोगों को शांत करवा दिया जिससे विवाद आगे नहीं बढ़ पाया।

हमीरगढ़ पुलिस एवं ग्रामीणों के अनुसार आगामी 22 जनवरी को अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर में रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए जिलेभर में घर-घर

- **अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पीले चावल बांटे जा रहे थे**

जाकर पीले चावल बांटे जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार देर रात हमीरगढ़ कस्बे में कुछ युवक घर-घर जाकर चावल बांटते हुए नई आबादी की ओर चले गए थे। एक पक्ष का आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने चावल बांटने गए युवकों के साथ गाली-गलौज की जबकि दूसरे पक्ष का आरोप है कि इन युवकों ने नारेबाजी की इसी बात को लेकर विवाद उत्पन्न हों गया था। दोनों पक्षों के लोग अपने-अपने क्षेत्र में जुट गए। इससे एक बारगी तो कस्बे का माहौल तनाव पूर्ण हो गया।

सूचना मिलते ही डीएसपी सदर लक्ष्मण राम भाकर, हमीरगढ़ पुलिस, मंगरोप, पुर और प्रताप नगर थाने के साथ ही पुलिस लाइन का अतिरिक्त जाप्ता मौके पर पहुंच गया। बताया गया है कि समय रहते पुलिस के पहुंच जाने से दोनों पक्षों के बीच विवाद टल गया। इस बीच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल सिंह नेहरा भी हमीरगढ़ पहुंचे। पुलिस ने दोनों ही पक्षों से समझाइश कर मामला शांत करवा दिया। डीएसपी भाखर ने बताया कि समय रहते पुलिस के पहुंच जाने से कोई बड़ी घटना नहीं हुई। दोनों पक्षों से समझाइश की गई है। फिलहाल कस्बे में शांति बनी हुई है।

# पूर्व विधायक मेवाराम जैन मामले में कांग्रेस नेताओं ने चुप्पी साधी

**जयपुर।** बाड़मेर के पूर्व विधायक मेवाराम जैन के मामले में कांग्रेस नेताओं ने चुप्पी साध ली है। मेवाराम जैन की तीन सी डी वायरल होने और उन पर यौनाचार्य का मुकदमा दायर होने के बाद कांग्रेस का कोई भी नेता इस मामले में बोलने को तैयार नहीं है। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर मेवाराम जैन की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अभियान शुरू हो गया है और लगातार सोशल मीडिया पर मेवाराम जैन की गिरफ्तारी की मांग की जा रही है।

- **इधर एक ओर सीडी वायरल होने की सूचना**

उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव से पहले ही मेवाराम जैन की सीडी की चर्चा जयपुर से लेकर दिल्ली तक पहुंच गई थी, लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस नेताओं ने इस पर संज्ञान नहीं लिया और बाड़मेर में मेवाराम जैन के खिलाफ हो रही चर्चाओं के बावजूद कांग्रेस ने उन्हें फिर से विधानसभा का टिकट दे दिया। नतीजा वो चुनाव तो हारे ही साथ ही उनके खिलाफ इस दौरान एक महिला ने पोक्सो, एससी-एसटी सहित यौनाचार का मुकदमा दर्ज करा दिया।

हालांकि इस मुकदमे के बाद में मेवाराम जैन ने एफआईआर रद्द करने की मांग के साथ हाई कोर्ट में याचिका लगाई। हाई कोर्ट ने मेवाराम जैन को राहत देते हुए गिरफ्तारी पर रोक लगा दी, लेकिन साथ ही पीड़िता को भी सुरक्षा उपलब्ध करवाई है। अब इस मामले की 25 जनवरी को सुनवाई होनी है, लेकिन इससे पहले ही मेवाराम जैन की एक और सीडी वायरल हुई है ,जो सोशल मीडिया पर भी कई जगह वायरल होने की सूचना है।

इस मामले में जहां मेवाराम जैन के खिलाफ चुनाव जीतने वाली निर्दलीय विधायक प्रियंका चौधरी का कहना है कि जो जैसे कर्म करेगा, उसे वैसे ही भुगतने पड़ेंगे। वही राजस्थान के मंत्री झाबर सिंह खर्रा का कहना है कि ऐसे मामले कई बार सामने आते रहे हैं और इन मामलों में कानून सख्त कार्रवाई करेगा।

# दुष्कर्म पीड़िता को आरोपी ने जेल से फिर गैंगरेप की धमकी दी

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के एक पुलिस थाना क्षेत्र में रहने वाली दुष्कर्म पीड़िता को आरोपी ने जेल से फिर गैंगरेप और बच्चे को जान से मारने की धमकी दी है। आरोपी पीड़िता को धमकाने के प्रकरण में जेल में है। दुष्कर्म केस में भी उसकी जमानतें खारिज हो चुकी है। पीड़िता ने अब भगत की कोठी पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ धमकाने का केस दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि बासनी थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने 20 अप्रेल 2023 को उपेंद्र पुरी और उसके भाई के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का केस दर्ज करवाया था। केस दर्ज कराने के बाद आरोपी उसे जान से मारने और बच्चे के अपहरण की धमकी दी थी।

- **मारने की धमकी के बाद पीड़िता का बच्चा स्कूल भी नहीं जा पा रहा है**
- **दो सगे भाईयों पर लगा था आरोप**

जिस पर पीड़िता की तरफ से फिर से 17 जुलाई 2023 में बासनी थाने में केस दर्ज करवाया गया था। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था। आरोपी और उसके भाई द्वारा महिला को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर सामूहिक दुष्कर्म किया गया था, जिस केस को लेकर वे उसे बार-बार धमका रहे थे। आरोपियों की केस में कई बार कोर्ट से जमानतें खारिज हो गई। जिस पर उपेंद्र पुरी को 30 नवंबर 2023 को जेल भेजने के आदेश दे दिए गए।

आरोपी की धमकियों से दुखी होकर पीड़िता एक किराए के मकान पर रहने लगी। 14- 17 दिसम्बर 23 के बीच में उसके मोबाइल पर कॉल आया और खुद को उपेंद्र पुरी बताते हुए जेल से मोबाइल पर बात की। आरोपी ने उसके साथ फिर से गैंग रेप की धमकी के साथ बच्चे के जान की धमकी दी। पीड़िता की तरफ से अब भगत की कोठी थाने में केस दर्ज करवाया गया है। धमकी के चलते उसका बच्चा स्कूल भी नहीं जा पा रहा है और वह खुद भी मानसिक रूप से परेशानी में आकर बीमार होने लगी है।

# जोधपुर-भोपाल पैसेंजर ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतरे

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान के कोटा जंक्शन पर शुक्रवार देर रात जोधपुर-भोपाल पैसेंजर ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। इसके चलते यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। ट्रेन में सवार यात्रियों को अचानक से तेज आवाज के बाद दुर्घटना होने की सूचना मिली तो वो ट्रेन से उतरने लग गए। हादसे के वक्त ट्रेन आधी ही प्लेटफार्म पर पहुंची थी। हादसे के बाद रेलवे का इमरजेंसी हूटर भी बजाया गया जिससे रेल प्रशासन में भी हड़कंप मच गया और अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे।

कोटा मंडल के सीनियर डीसीएम रोहित मालवीय के अनुसार दो कोच के चार पहिए पटरी से उतरे थे जिन्हें देर रात ही ऊपर चढ़ा ट्रेन को रवाना कर दिया था। इसके बाद ट्रेन करीब 2 घंटे बाद रवाना हुई। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना रात



कोटा में ट्रेन के पहिए पटरी से उतरने पर लोगों में हड़कंप मच गया।

10.50 पर हुई जब जोधपुर-भोपाल पैसेंजर प्लेटफार्म नंबर 4 पर चल रही थी। इस बीच आधी ट्रेन प्लेटफार्म पर आ ही गई थी तभी इंजन से तीसरा और चौथा डिब्बा अचानक से डिरेल हो गया। यह थर्ड एसी और जनरल कोच था। इस घटना में किसी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई।

घटना के समय ट्रेन की स्पीड भी काफी कम थी। बाद में दुर्घटना राहत ट्रेन भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद हाइड्रोलिक जेकों की मदद से डिब्बे उठाने का काम शुरू हुआ। इसमें करीब 2 घंटे लग गए और करीब 1.15 पर यह ट्रेन रवाना हुई। रेलवे के अधिकारियों

- **कोटा जंक्शन पर बेपटरी हुई जोधपुर भोपाल ट्रेन, यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल हो गया**

ने इस पूरे मामले की जांच की बात कही है। इसके बाद ही कारण सामने आने का हवाला दिया है। जोधपुर-भोपाल ट्रेन की दुर्घटना के चलते तीन रेलवे ट्रैक जाम हो गए। 2 से 4 नंबर के प्लेटफार्म पर काफी देर तक ट्रेनों का आवागमन नहीं हो सका। इन पर आने वाली ट्रेनों को दूसरे नजदीकी स्टेशन या आउटर में खड़ा करना पड़ा जिसके चलते ये ट्रेनें भी कई घंटों तक अटकी रही। इन ट्रेनों में जयपुर-चेन्नई एक्सप्रेस, अमृतसर-मुंबई पश्चिम एक्सप्रेस, कोटा इटावा व इंदौर-कोटा इंटरसिटी शामिल हैं।

# सात टन लोहा अयस्क खनन कर ले जाने के आरोप में एक गिरफ्तार

**खेतडी,** (निसं)। क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ मेहाडा पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर अवैध लोहा अयस्क से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया।

थानाधिकारी राजवीरसिंह ने बताया कि महानिरीक्षक पुलिस रेंज सीकर सतेंद्रसिंह चौधरी, एसपी अनिल बेनिवाल, एएसपी शालिनी राज के निर्देशानुसार डीएसपी सतीश वर्मा के सुपर विजन में 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत अवैध खनन करने वाले व परिवहन करने वालों के खिलाफ

- **ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित सात टन अवैध लोहा अयस्क जब्त किया, चालक ने पूछताछ में आयरन पत्थर कोटपूतली की तरफ ले जाने की बात कही**

विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मेहाड़ा थानाधिकारी राजवीरसिंह के नेतृत्व में एचसी अशोक कुमार, कांस्टबल मयंक, चौखाराम, रामस्वरूप, सतिश टीम का गठन किया गया। टीम ने क्षेत्र में गश्त शुरू की।

गश्त के दौरान मुखबीर के जरीए शनिवार सुबह कांस्टेबल चौखाराम को सूचना मिली कि नई ढाणी देवनगर की पहाड़ी में अवैध खनन कर ट्रैक्टर-ट्रॉली में आयरन अयस्क भर रहे हैं। सूचना पर एचसी अशोक कुमार, कांस्टेबल रामस्वरूप, चालक सतीश कुमार नई ढाणी देवनगर से बाडलवास रोड़ पर ट्रैक्टर-ट्रॉली आती हुई नजर आई। पुलिस की गाड़ी को देख कर ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को मौके पर छोड़ कर भागने का प्रयास किया तो घेराबंदी कर पकड़ कर उससे पूछताछ की तो उसने नई ढाणी देवनागर निवासी हजारीलाल पुत्र जगनाथ गुर्जन बताया।

पूछताछ के दौरान बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में आयरन पत्थर भरकर कोटपूतली की तरफ ले जाने की बात कही। चालक के पास लोहा अयस्क परिवहन करने के कोई भी कागजात नहीं मिले। चालक हजारीलाल गुर्जर को अवैध खनन कर परिवहन करने के आरोप में गिरफ्तार कर ट्रैक्टर मय ट्रॉली सहित सात टन लोह अयस्क को जब्त कर लिया।

## युवक ने आत्महत्या की

**उदयपुर,** (कासं)। हिरणमगरी थाना क्षेत्र में युवक ने विषाक्त वस्तु सेवन कर आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रवि एमपी हॉल शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र रिको कलड़वास लुपिंग एग्रो लि. निवासी आशिष पुत्र छबीलाल कोल ने विषाक्त वस्तु का सेवन कर लिया था। इस पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए निजी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां से एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया तो उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर हेड कांस्टेबल राजेन्द्रसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। आशिष लुपिंग एग्रो कंपनी में काम करता था। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया।

# आई.ए.एस. अधिकारी आशीष मोदी बने बीकानेर शिक्षा निदेशक

**बीकानेर,** (निसं)। शिक्षा निदेशालय बीकानेर की कमान अब आईएएस अधिकारी आशीष मोदी संभालेंगे। वर्तमान निदेशक कानाराम का तबादला हनुमानगढ़ जिला कलेक्टर के पद पर कर दिया गया है। देर रात के बाद जारी आईएएस अधिकारियों की तबादला सूची में भीलवाड़ा जिला कलेक्टर मोदी को बीकानेर माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में निदेशक के पद पर लगाया गया है। इसी के साथ सीताराम जाट को निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा विभाग एवं पंचायतीराज विभाग लगाया है। वे अभी नए बने डीडवाना कुचामन जिले के कलेक्टर के रूप में कार्य कर रह थे। प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक का पद लम्बे समय से खाली चल रहा था। ऐसे में माध्यमिक व प्रारम्भिक की कमान एक ही अधिकारी संभाल रहे थे।

बीकानेर जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी आईएएस नित्या के. का तबादला अजमेर विकास प्राधिकरण के आयुक्त पद पर कर दिया गया है। उनकी जगह बूंदी के एसडीएम सोहनलाल जिला परिषद बीकानेर के नए सीईओ लगाए गए है। एडीएम सिटी जगदीश प्रसाद गौड़ का इसी पद पर अजमेर तबादला कर उनकी जगह कपिल यादव को एडीएम सिटी बीकानेर लगाया है। सूरतगढ़ की एडीएम अर्पिता सोनी को बीकानेर नगर निगम में उपायुक्त के पद पर लगाया गया है। सत्ता बदलने के बाद कई आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के तबादला होने के कयास लग रहे हैं। बीकानेर जिला कलेक्टर, संभागीय आयुक्त, पुलिस अधीक्षक और पुलिस महानिरीक्षक जैसे मुख्य पद है। जिन पर सरकार बदलने के बाद अधिकारी बदलते रहे हैं। इसी के साथ उपनिवेशक विभाग के आयुक्त, उपायुक्त, नगर निगम आयुक्त समेत कई अहम आईएएस अधिकारियों के पद बीकानेर में है।

# उदयपुर के देवाली आबादी क्षेत्र में पैंथर आया

**तीन घंटे तक पैंथर विचरण करता रहा, लोगों में भय**

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के नीचमखेड़ा क्षेत्र में स्थित देवाली में शनिवार सुबह एक पैंथर घनी आबादी क्षेत्र में आ गया। पैंथर के मूवमेंट से क्षेत्रवासियों की सांसे अटक गई व कॉलोनी में दहशत का माहौल हो गया। पैंथर को पकड़ने आई वन विभाग टीम के रेस्क्यू से पहले ही वह पहाड़ी पर चढ़ भाग गया। इस दौरान वह एक घर में भी घुस गया। पैंथर क्षेत्र में करीब तीन घंटे तक मौजूद रहा। इस दौरान लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई वहीं कई लोग अपनी छतों व बालकनी से पैंथर को देखते रहे। पैंथर आरएससीईआरटी के पास झाड़ियों में छुप गया इस दौरान रेस्क्यू टीम भी वहां पहुंच गई और रेस्क्यु की कार्रवाई शुरू की लेकिन इससे पहले पैंथर झाड़ियों से निकल पहाड़ी पर चढ़ गया।

सीसीएफ वाइल्ड लाइफ आरके जैन ने बताया कि आबादी क्षेत्र में पैंथर की सूचना मिलने पर पैंथर को रेस्क्यू करने की योजना बनाई गई। इस दौरान हमारा प्रयास था कि पैंथर सिटी की तरफ मूवमेंट नहीं करे इसके लिए टीम



उदयपुर के देवाली क्षेत्र में पैंथर आबादी क्षेत्र में दिखाई दिया।

ट्रेंकुलाइज करने के लिए सिटी की ओर जाने वाले मार्ग पर खड़ी हो गई लेकिन इसी दौरान पेंथर झाड़ियों से निकल एक घर में छलांग लगाते हुए पुनः पहाड़ी की तरफ चला गया।

ज्ञातव्य है कि यह पैंथर पास ही नीमच माता की पहाड़ियों से पानी व भोजन की तलाश में उतर आया होगा। हालांकि तीन घंटे इस दौरान क्षेत्रवासियों में भय की स्थिति रही। इन दिनों शहर के कई क्षेत्रों में पैंथर का मूवमेंट देखा जा रहा है। इससे पहले हिरणमगरी क्षेत्र में एक पैंथर हॉस्टल में घुस गया था जिसे पांच घंटे बाद रेस्क्यू टीम ने पकड़ा था।

# दो ग्राम पंचायतों के औचक निरीक्षण में जांच अधिकारियों को ताले लटके मिले

**दोनों ग्राम विकास अधिकारियों व एक कनिष्ठ सहायक को कारण बताओ नोटिस थमाया**

**मालपुरा,** (निसं)। राज्य सरकार के केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की चेतावनी के बाद हरकत में आये पंचायत समिति विकास अधिकारी सतपाल कुमावत के निर्देशों पर ग्राम पंचायतों के औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे अधिकारियों को दो ग्रामपंचायतों पर ताले लटके मिले। जिस पर विकास अधिकारी ने दोनों पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारियों व एक कनिष्ठ सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

दो दिन पूर्व मालपुरा पहुंचे केबिनेट मंत्री ने पंचायत समिति सभागार में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लें सभी अधिकारी व कर्मचारियों को मुख्यालय पर बैठ आमजन के कार्य व समस्याओं के निस्तारण सहित केन्द्र व राज्स सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जरूरतमंद व पात्र लोगों को लाभ देने मे कौताही बरतने पर विभागीय कार्यवाही की कड़ी चेतावनी




जांच दल ने इंदोली ग्राम पंचायत का आकस्मिक निरीक्षण किया तो भवन पर ताले लटके मिले।

दी गई थी। मंत्री की चेतावनी के बाद पंचायत समिति विकास अधिकारी सतपाल कुमावत के निर्देशों पर अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट व सहायक प्रशासनिक अधिकारी विजेन्द्र शर्मा रिण्डलिया ग्राम पंचायत व इंदोली ग्राम पंचायत का आकस्मिक निरीक्षण किया तो दोनों ही भवनों पर ताले लटके मिले तथा ग्राम विकास अधिकारी नदारद मिले। जांच दल की रिपोर्ट पर त्वरित कार्यवाही करते हुए विकास अधिकारी

- **केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की चेतावनी के बाद हरकत में आया प्रशासन**

कुमावत ने इंदोली ग्राम विकास अधिकारी बीरबल खींचड व रिण्डलिया बुजुर्ग ग्राम विकास अधिकारी विष्णु सिंह सहित कनिष्ठ सहायक श्योजीराम जाट को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस मे जवाब मांगते हुए प्रशासनिक कार्यवाही की चेतावनी दे रिपोर्ट उच्चाधिकारियो को भेजी गई।

केबिनेट मंत्री ने समीक्षा बैठक में सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा था कि राज बदलने के साथ-साथ राजसेवक भी अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव कर सरकार की योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित कर मोदीजी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में भागीदार बनने की अपील की गई थी। साथ ही भ्रष्टाचार मे लिप्त राजसेवकों को अब शिकायत मिलने पर कार्यवाही की चेतावनी दी गई थी।

केबिनेट मंत्री के आदेश व चेतावनी को ग्राम विकास अधिकारियों ने नजरअंदाज कर अपनी कार्यप्रणाली मे किसी प्रकार का कोई बदलाव नहीं करते हुए पूर्व की भांति आज भी पंचायत मुख्यालयों के ताले लगा मालपुरा मुख्यालय पर ही बैठे रहने का ढर्रा चला रहे हैं। उच्चाधिकारियो की चेतावनी व कारण बताओ नोटिस पर पंचायत के काम से ही मुख्यालय छोड़ने का हवाला दे अपना बचाव करने की व्यवस्थायें बनाने के चलते ग्रामीण छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी इन राजसेवकों के पीछे भटक रहे हैं।

# भू-माफियाओं ने किया जबरन खेत पर कब्जा करने का प्रयास

## आरोपियों ने जमीन मालिकों पर डंडे-सरिये और लात घूंसे बरसाए


घायल जयराम जाट

■ **प्रताप नगर थाने में पीड़ित पक्ष ने नामजद मुकदमा दर्ज कराया**

**जयपुर** (कासं)। प्रताप नगर इलाके के बुधसिंहपुरा में भू-माफियाओं द्वारा जबरन एक किसान की जमीन पर कब्जा किये जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार जब भू-माफियाओं को रोकने पहुंचा तो उन्होंने लाठी-डंडे, सरिये और लात-घूंसों से ताबड़तोड़ हमला कर किया। बदमाशों के हमले से जमीन मालिक जयराम और उसका बेटा सुरेश गंभीर घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद पीड़ित सुरेश ने प्रताप नगर थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि एयरपोर्ट रोड, जाटों की ढाणी बुधसिंहपुरा निवासी सुरेश ने थाने में रिपोर्ट दी है कि, उसके पिता जयराम जाट की ग्राम बुद्धसिंहपुरा में खसरा नंबर 371/630, 373/633 की कृषि भूमि है। गत 4 जनवरी को दोपहर साढ़े 12 बजे वह अपने पिता जयराम जाट के साथ जब खेत पर पहुंचा तो वहां भू-माफिया हनुमान चौधरी, गजेन्द्र चौधरी, केदार चौधरी, धन्नाराम, बाबूलाल, राकेश, विकास, सीताराम चौधरी, शंकरलाल चौधरी, जगदीश चौधरी, मूलचंद चौधरी, कृष्ण चौधरी, सत्यनारायण, बद्रीनारायण और उनके साथ 10-12 लोग उनके खेत की जमीन में जेसीबी से खुदाई कर रहे थे। जब भूमि मालिक जयराम जाट ने इस पर आपत्ति जताई तो बदमाशों ने कहा कि हमारा काम जमीनों पर कब्जा करने का है, हमारी पहुंच ऊपर तक है, जान की सलामति चाहते हो तो यहां से चले जाओ। इसके बाद बदमाशों ने गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडे, सरिये और लात-घूंसों से जमीन मालिक जयराम जाट और उसके बेटे सुरेश पर हमला बोल दिया। बदमाशों के हमले से पीड़ित जयराम की छाती, पेट और पंसलियों में काफी चोटे आई, जबकि सुरेश को कुल्हाडी और सरिये से मारा, इस कारण उसका सिर फट गया। मौके पर हंगामा होने के बाद जैसे ही आसपास के लोग इकठ्ठा हुए तो बदमाश मौके से भाग छूटे। बदमाशों ने जाते-जाते सुरेश और उसके पिता जयराम को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित सुरेश ने अपने पिता जयराम जाट को घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया और खुद का उपचार भी कराया। इसके बाद पीड़ित ने प्रताप नगर थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया। पीड़ित सुरेश का कहना है कि तमाम आरोपी भू-माफिया प्रवृति के हैं, उन्होंने जान से मारने की नियत से हमला किया था। मुझे और मेरे परिवार को उनसे अभी भी खतरा है। हालांकि पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर एफ.आई.आर. दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## युवती से छेड़छाड़ करने वाला ई-रिक्शा चालक गिरफ्तार

**जयपुर** । प्रताप नगर पुलिस ने युवती से छेड़छाड़ के मामले में ई-रिक्शा चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी घटना के बाद से ही युवती का बार बार पीछा कर धमकी दे रहा था। डीसीपी (पूर्व) ज्ञानचंद यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी संजय चावला सेक्टर-28 प्रताप नगर का रहने वाला है।

डीसीपी ने बताया कि 27 दिसंबर को प्रताप नगर थाने में युवती ने मामला दर्ज करवाया। जिसमें बताया कि 20 दिसंबर को वह कॉलेज बस से उतरने के बाद कुम्भा मार्ग से पीजी पैदल जा रही थी। इसी दौरान एक ई-रिक्शा वाला आया और बोला कि मेरे साथ चलोगी। मना करने के बाद भी वह छेड़छाड़ कर पीछा करने लगा। परेशान होकर युवती ने ई-रिक्शा के नम्बर नोट कर लिए। उसने धमकाते हुए कहा कि यह बात किसी को बताना मत। युवती ने पुलिस को बताया कि जब वह दूसरे दिन पीजी से नारायण अस्पताल की तरफ पैदल जा रही थी, तभी ई-रिक्शा वाला आया जिस पर नम्बर प्लेट नहीं थी। चालक ने अपना चेहरा छिपा रखा था। धमकाते हुए कहा कि कल की बात बाहर नहीं जानी चाहिए वरना अच्छा नहीं होगा। 27 दिसंबर को पीड़िता कुम्भा मार्ग पर जा रही थी, तभी तीन लड़के बाइक पर आए और उसे गलत तरह से छूने लगे। मना करने पर जैकेट खींचकर गिरा दिया।

# कनिष्ठ अभियंता भर्ती-2 का पेपर लीक करने वाला आरोपी गिरफ्तार



आरोपी यशपाल चौधरी

■ **एस.ओ.जी. इस मामले में अब तक 20 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी**

**जयपुर** (कासं)। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए कनिष्क अभियंता भर्ती-दो 2020 के पेपर लीक मामले में वांछित चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, एटीएस एवं एसओजी ने बताया कि दिनांक 6 दिसंबर 2020 को आयोजित कनिष्ठ अभियंता भर्ती-दो- 2020 का पेपर परीक्षा पूर्व लीक करने के संबंध में पुलिस थाना सांगानेर जयपुर में प्रकरण दर्ज किया गया था। इस प्रकरण की जांच पड़ताल करते हुए एसओजी फरार वांछित आरोपी यशपाल चौधरी(38) निवासी जोबनेर जिला जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। अब तक की पूछताछ व अनुसंधान से आरोपी द्वारा कनिष्ठ अभियंता भर्ती-2020 का पेपर, पूर्व में गिरफ्तारशुदा आरोपी मुकेश बाना व बलबीर सुण्डा से परीक्षा पूर्व पेपर प्राप्त करना व अभ्यर्थी उपलब्ध करवाना पाया गया। गिरफ्तार आरोपी से गहन पूछताछ जारी है। एसओजी द्वारा इससे पूर्व अब तक उक्त प्रकरण में 20 आरोपियों की गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रकरण में वांछित अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

# मंत्री झाबरमल खर्रा व राज्यवर्द्धन सिंह ने किया शिविर का निरीक्षण

## चित्रकूट स्टेडियम व 200 फीट बाइपास पर लगाया गया था 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का शिविर


**नगरीय विकास मंत्री झाबरमल खर्रा और उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह ने शनिवार को चित्रकूट स्टेडियम और 200 फीट बाइपास पर विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का निरीक्षण किया।**

**जयपुर** । नगरीय विकास मंत्री झाबरमल खर्रा और उद्योग मंत्री राज्य वर्द्धन सिंह राठौड़ ने शनिवार को वार्ड 63 में चित्रकूट स्टेडियम और 200 फीट बाइपास पहुंचकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने लाभार्थियों से शिविर के दौरान उठाये गये फायदों के बारे में जानकारी ली।

इसके बाद प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 7 लाभार्थियों को चैक तथा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को मौके पर ही 3 गैस कनेक्शन वितरित किए। शिविर में अंगदान की शपथ लेने वाले तीन लोगों को उन्होंने बधाई दी और तारीफ की। दोनों शिविरों में 1700 से ज्यादा स्थानीय लोग व लाभार्थियों को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान विकसित भारत वैन का स्वागत किया गया। साथ ही वैन एवं शिविर के माध्यम से आमजन को केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में विजेताओं को टी-शर्ट एवं ट्रॉफी वितरित की गई। कार्यक्रम में महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, उपमहापौर पुनीत कर्णावट, वित्त समिति चेयरमैन व पूर्व महापौर शील धाभाई, चेयरमैन प्रवीण यादव, चेयरमैन विनोद चौधरी, पार्षद निशान्त सुरोलिया, अक्षत खुंटेटा, राजू अग्रवाल, मदन शर्मा, राधेश्याम बोहरा, पीयूष किराडू और प्रदेश मंत्री महेन्द्र यादव के साथ-साथ पार्षद गजेन्द्र सिंह चिराणा मौजूद थे।

# मानवीय दृष्टिकोण से काम करने से क्रांतिकारी बदलाव होंगे : खींवसर

■ **खींवसर ने शनिवार दोपहर को शासन सचिवालय में कार्यभार संभालने के बाद स्वास्थ्य भवन पहुंचकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की।**

**जयपुर** । चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि सब मिलकर मानवीय दृष्टिकोण से काम करें जिससे प्रदेश में चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाया जा सके।

खींवसर ने शनिवार दोपहर को शासन सचिवालय स्थित अपने कक्ष में अपना कार्यभार संभालने के बाद यह बात कही। इस अवसर पर विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने उन्हें बधाई दी। कार्यभार ग्रहण के बाद खींवसर स्वास्थ्य भवन पहुंचे और विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जनसेवा से जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण विभाग बताया और कहा कि सभी अधिकारी-कार्मिक मानवीय एवं संवेदनशील दृष्टिकोण के साथ काम करते हुये स्वस्थ एवं समृद्ध राजस्थान का संकल्प साकार करें। उन्होंने कहा, हम सब मिलकर ऐसे प्रयास करें, जिससे प्रदेश में चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आए। खींवसर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है कि प्रत्येक नागरिक को उसके घर के नजदीक सुगमता से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध हों।

हर व्यक्ति को स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित हो। इसी उद्देश्य के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा संचालित की जा रही है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग प्रधानमंत्री की भावना के अनुरूप यात्रा को सफल बनायें और आमजन को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रधानमंत्री के संकल्पों को मूर्त रूप देने की दिशा में प्रतिबद्धता से काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत योजना, पीएम आयुष्मान भारत हैल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन, आयुष्मान भव: अभियान जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रदेश के नागरिकों को भी इन योजनाओं का समुचित लाभ मिले, यह सुनिश्चित किया जायेगा।

# आई.आई.एम.अहमदाबाद की साक्षात्कार सूची घोषित

■ **बताया जा रहा है कि टाईम जयपुर संस्थान के 10 विद्यार्थियों को आई आई एम अहमदाबाद से कॉल प्राप्त हुई है जो कि बहुत ही शानदार परिणाम है।**

**जयपुर** । कैट 2023 के परिणाम घोषित हाने के बाद 6 जनवरी देर शाम को सबसे प्रतिष्ठित मैंनेजमेंट संस्थान आई आई एम अहमदाबाद ने अपनी साक्षात्कार सूची जारी कर दी है। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार टाईम जयपुर संस्थान के 10 विद्यार्थियों (राम गुप्ता, निकिता बंसल, अर्चित अग्रवाल, मेहुल जैन, सिदार्थ जालान, दीपेश शर्मा, अनुषा गुप्ता, रियाजुदीन, यश खण्डेलवाल, अमन अग्रवाल) को आई आई एम अहमदाबाद से कॉल प्राप्त हुई है जो कि बहुत ही शानदार परिणाम है। गौरतलब है कि इस बार टाईम जयपुर के विद्यार्थी राम गुप्ता ने 99.98 परसेन्टाईल प्राप्त की है जो कि प्रदेश में सर्वाधिक है। टाईम जयपुर के निदेशक राहुल गुप्ता के अनुसार परिणामों का संकलन अभी जारी है तथा कई विद्यार्थीयों के नाम अभी इस सूची में जुडने की आशा है। इसके साथ ही आई आई एम लखनऊ ने भी अपनी साक्षात्कार सूची जारी कर दी है जिसमें टाईम जयपुर के 33 विद्यार्थियों का कॉल प्राप्त हुई है। आने वाले कुछ दिनों मे अन्य आई आई एम भी अपनी सूची जारी कर देंगें। राहुल गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है एंव बताया कि विद्यार्थियों के निबंध लेखन व साक्षात्कार की तैयारी के लिये विशेष बैच शुरू हो चुका है।

# मंत्री कन्हैयालाल चौधरी से मिले जलदाय कर्मचारी



**जयपुर** (कासं)। प्रांतीय नल मजदूर यूनियन इंटक के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत के नेतृत्व में शनिवार को सैकडों जलदाय कर्मचारियों ने जयपुर सर्किट हॉउस में मालपुरा विधायक कन्हैयालाल चौधरी को जलदाय मंत्री बनाए जाने पर अभिनंदन कर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह शेखावत, जिला महामंत्री रामधन सैनी, वृत दक्षिण अध्यक्ष मोहनलाल पालीवाल, खण्ड महामंत्री करण सैनी सहित सिटी पैलेस अध्यक्ष नंदसिंह राजावत, महामंत्री दुर्गा सिंह सहित सैकड़ों कर्मचारी व पदाधिकारी मौजूद थे। कर्मचारियों ने जलदाय विभाग से जुड़ी समस्याओं से भी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी को अवगत कराया। जिस पर मंत्री ने सभी लंबित समस्याओं का जल्द समाधान करने का आश्वासन भी दिया।

# सांसद रामचरण बोहरा ने की 'रामोत्सव' की शुरूआत



**जयपुर** । सांसद रामचरण बोहरा ने चंदपोल बाज़ार स्तिथ रामचंद्र जी के मंदिर में पूजा अर्चना कर भव्य रामोत्सव की शुरुआत की।

अयोध्या में भगवान श्री राम लला का मंदिर बनने की खुशी में रामोत्सव मनाया जा रहा है। यह रामोत्सव 22 जनवरी तक चलेगा। जिसमें 22 तारीख तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

सांसद बोहरा ने कहा कि पूरे भारतवर्ष के लिए बडे हर्ष का विषय है 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में रामलाल के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा भव्य मंदिर में होने जा रही है। जयपुर को छोटी काशी के नाम से जाना जाता है। यहां के लोग भी भगवान श्री राम लला के स्वागत की तैयारीयां कर रहे हैं। 22 जनवरी को जयपुर में सभी जयपुरवासी दूसरी दिवाली मनाने का काम करेंगे। बाजारों को रोशनी से सजाया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर 14 जनवरी से सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान सांसद बोहरा ने जयपुर वासियों से आग्रह किया कि सभी अपने घरों पर सजावट करें एवं दिए जलाएं।

# प्रदेश में इंदिरा रसोईयों पर लगे होर्डिंग-पोस्टर हटेंगे

■ **अब इन रसोईघरों पर 'श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना' का नाम लिखा जायेगा**

■ **आमजन को 300 ग्राम चपाती, 100 ग्राम दाल, 100 ग्राम सब्जी, 100 ग्राम चावल/मिलेट्स (श्री अन्न) खिचड़ी और आचार परोसा जायेगा।**

**जयपुर** । कांग्रेस सरकार द्वारा राजस्थान में शुरू की गई इंदिरा रसोई योजना का नाम बदलकर "श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना" करने का आदेश शनिवार को स्वायत्त शासन विभाग ने जारी कर दिया है। आमजन को परोसे जाने वाले खाने की मात्रा और गुणवत्ता भी बढ़ाते हुए इसका वजन 600 ग्राम करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में निदेशक हृदयेश शर्मा ने आदेश जारी किए।

आदेश में कहा गया है कि शहरी क्षेत्रों में वर्तमान में संचालित इंदिरा रसोई योजना की राज्य सरकार के स्तर पर समीक्षा करते हुए इसका नाम "श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना" करने का निर्णय लिया गया है। इस आदेश की पालना में सभी नगरीय निकाय संचालित योजना का नाम ऑनलाइन पोर्टल पर तथा समस्त प्रिंटिंग सामग्री यथा होर्डिंग-पोस्टर और प्रचार सामग्री पर बदलेंगे। तमाम रसोईघरों पर भी "श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना" का नाम अंकित करवाया जाए।

इसके साथ ही एक अन्य आदेश में कहा गया है कि अन्नपूर्णा रसोई में आमजन को परोसे जाने वाले खाने की मात्रा और गुणवत्ता में भी राज्य सरकार ने सुधार का निर्णय लिया है। ऐसे में अब आमजन को 300 ग्राम चपाती, 100 ग्राम दाल, 100 ग्राम सब्जी, 100 ग्राम चावल/मिलेट्स (श्री अन्न) खिचड़ी और आचार परोसा जायेगा।

## सार-समाचार

### राम-भरत मिलाप की गाथा सुनाई



**जयपुर** । अग्रवाल सेवा सदन गांधी पथ पर आयोजित राम कथा के अष्टम दिवस पर आचार्य संजय कृष्ण शास्त्री ने राम-भरत मिलाप का अद्भुत वर्णन किया। भाई का भाई के प्रति प्रेम राम कथा से अनुभव किया जा सकता है। गुरुदेव भगवान भरत और प्रभु श्रीराम के बीच संवाद, जनकजी आगमन, कौशल्या और सुनैना का संवाद, महाराज जनक द्वारा जानकी और जनक संवाद, प्रभु श्रीराम का निर्णय, भरतजी की विदाई का विस्तार से वर्णन किया गया। जयंत प्रकरण अत्रीजी द्वारा प्रभु राम की स्तुति, अनुसूया द्वारा मां सीता को शिक्षा, सरभंगजी को गति, सुतीक्ष्ण जी का प्रेम पंचवटी निवास, लक्ष्मण भैया को भक्ति योग का उपदेश, सुपर्णखा नाक कान भंजन, खर दूषण वध एवं माता सीता का हरण जटायु उद्धार विस्तृत रूप से सुनने को मिला। शबरी का प्रेम भगवान से मिलन एवं नवधा भक्ति का उपदेश नौ प्रकार से भगवान भक्ति द्वारा भगवान की प्राप्ति एवं श्री राम जी की हनुमान से भेंट का वर्णन एवं विभिन्न झांकियां का एवं भजनों का भक्तों ने रस स्वादन किया।

### विशेष बच्चों के साथ मनाया नववर्ष

**जयपुर** । ट्रांस वेलफेयर सोसाइटी की ओर से नए साल पर "स्वागतम-2024" का 9वां संस्करण दिव्यांग एवं विशेष बच्चों के साथ मयूर गार्डन, शिप्रा पथ मानसरोवर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ट्रांस वेलफेयर सोसाइटी की मुख्य संरक्षक एवं रोटरी क्लब जयपुर साउथ की अध्यक्ष डॉ. और प्रख्यात मन्त्रज्ञ निर्मला सेवानी द्वारा बच्चों को मैडिटेशन करवाने के साथ की गई। सभी बच्चों को गेम्स, मैजिक शो, बाउंसी, कार्टून कैरेक्टर्स के साथ मस्ती की। बच्चों को अलग- अलग प्रकार के उपहार दिए गए, बच्चों ने कार्यक्रम के बाद लजीज भोजन का लाभ उठाया और अपनी ख़ुशी जाहिर की । कार्यक्रम मे दिव्यांग बच्चों के द्वार भिन्न भिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां दी गई। संस्था की उपाध्यक्ष नीतिका गोधा ने बताया नई साल कि शुरुआत अच्छे कार्यों से करनी चाहिए और खुशिया बांटनी चाहिए । बच्चों को किताबें, कॉपियां, स्टेशनरी, टिफिन, पानी बोतल, पेंसिल बॉक्स, गरम कपड़े, बिस्कुट, चॉकलेट, डेंटल किट, कैप, सॉक्स, मफलर, बहुत सारे उपहार वितरित किये गए, साथ ही मेजिक शो में बच्चो ने खूब मस्ती की साथ ही जयपुर के जानी- मानी हस्तियो ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। ट्रान्स वेल्फेयर सोसाइटी की अध्यक्ष कोमल चौहान ने बताया स्वागतम् कार्यक्रम का उद्देश बच्चों को खुशियां बांटना है।

### साहित्यकार रमेश खत्री का सम्मान आज



**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर की होटल ग्रैंड सफारी में संपर्क संस्थान के छह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में संस्थान के होने वाले कार्यक्रम में रमेश खत्री को उनके साहित्यिक अवदान के उपलक्ष्य में साहित्यश्री सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। गौरतलब है कि खत्री का अभी हाल ही में एक वृहत उपन्यास "दरद ना जाने कोय" आया है जो काफी चर्चा में है।

## परीक्षार्थियों की मदद करेगी ट्रेफिक पुलिस

**जयपुर** (कासं)। सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष और शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक भर्ती की परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को उनके परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाने में याताया पुलिस मदद करेगी। यातायात पुलिस जयपुर द्वारा अभ्यार्थियों, एम्बुलेस एवं आवश्यक सेवाओं के वाहन हेतु "ट्रैफिक पुलिस हेल्पिंग हैण्ड" योजना का प्रायोगिक परीक्षण किया जा रहा है। यातायात में रूके हुए अभ्यार्थियों, एम्बुलेंस व आवश्यक सेवाओं के वाहनों को यातायात पुलिसकर्मी ट्रैफिक वार्डन द्वारा पृथक से निकाला जायेगा। चूंकि डीजी-आईजी कॉफ्रेंस में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई वीवीआईपी गेस्ट जयपुर पहुंचे है। रविवार को राजभवन से लेकर 22 गोदाम पुलिया, रामबाग, जेडीए चौराहा, गांधी सर्किल से ओटीएस चौराहे तक नो ट्रेफिक जोन रहेगा। दोपहर 2 बजे बाद इन रास्तों को काम में लिए जाने की संभावना है। अभ्यर्थी 1095, 2565630 और 2561256 हैल्पलाइन की मदद ले सकेंगे।

# कागजों पर योजनाएं अच्छी होने से बेहतर है कि उन्हें धरातल पर उतारा जाए : दीया कुमारी


**उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने शनिवार को शासन सचिवालय में महिला एवं बाल विकास विभाग से जुड़े अधिकारियों की बैठक ली।**

**जयपुर,** (का.सं.)। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि कागजों पर योजनाएं तो अच्छी दिखती है लेकिन धरातल पर पहुंची हुई नहीं दिख रही। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अब योजनाएं केवल कागजों में नहीं बल्कि धरातल पर वास्तविक रूप से आम महिलाओं तथा बालिकाओं को लाभ देते हुए दिखाई देनी चाहिए।

दीया कुमारी ने शनिवार को शासन सचिवालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक उक्त निर्देश दिए। विभागीय बैठक में महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार की उपस्थिति में उन्होंने वर्तमान में चल रही कई योजनाओं में खामियां बताई तथा उन्हें कागजी भी बताया। उन्होंने खामियों को त्वरित प्रभाव से दूर कर, महिलाओं एवं बालिकाओं तक उनका वास्तविक लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। दिया कुमारी ने विद्यालयों में बालिकाओं के लिए सुरक्षा जागरूकता के कार्यक्रम चलाएं जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्कूल स्तर पर ही अगर बालिकाएं सशक्त और जागरूक कर दी जाएं और उन्हें आत्मरक्षा में निपुण बना दिया जाए तो महिला अपराधों को रोकने में बालिकाएं महिलाएं स्वंय सक्षम हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं को बेहतर प्रचार प्रसार किया जाए साथ ही सोशल मीडिया का भी उपयोग किया जाना चाहिए। दिया कुमारी ने गुणवत्तापूर्ण पोषाहार वितरण पर जोर दिया साथ ही पोषहार के ट्रांसपोर्ट में भी पारदर्शिता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नौनिहालों को ताजा और पौष्टिक आहार पूर्ण पारदर्शिता से वितरण सुनिश्चित किया जाना है। उन्होंने आंगनबाड़ियों की स्थितियों में सुधार करने उनका खुद का सरकारी भवन और उनमें पेयजल, शौचालय सुविधा के साथ विद्युतिकरण किए जाने पर जोर दिया साथ ही सीएसआर के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों के किए जा रहे जीर्णोद्धार के कार्य की प्रगति को बहुत धीमा बताया। महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने भी उक्त बिन्दुओं पर त्वरित प्रभाव से कार्य किए जाने पर जोर दिया। बैठक में निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं रामअवतार मीणा तथा महिला अधिकारिता आयुक्त ओमप्रकाश बुनकर तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। विभागीय अधिकारियों ने इससे पूर्व महिला एवं बाल विकास कैबिनेट मंत्री दिया कुमारी तथा राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार को पुष्प भेंटकर उनसे शिष्टाचार मुलाकात की।

## प्रदेश के पांच जिलों में 20 नए करोना संक्रमित मिले

**जयपुर** । प्रदेश में शनिवार को जयपुर सहित पांच जिलों बीस नए करोना संक्रमित मिले है। इनमें सबसे ज्यादा 13 संक्रमित भरतपुर जिले में मिले है। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में केवल चार मरीज ही ठीक हुए है। प्रदेश में फिलहाल करोना के 52 एक्टिव केस मौजूद है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार शनिवार को सर्वाधिक 13 नए संक्रमित भरतपुर जिले में मिले है। इसके अलावा जयपुर में चार और बांसवाड़ा, बारां और बूंदी में एक-एक नया संक्रमित मिला है। इनमें राजधानी जयपुर के मालवीय नगर मे दो मरीज सामने आए है। इसके अलावा एक संक्रमित का पता गलत मिलने पर उसे ट्रेस किया जा रहा है। फिलहाल राजधानी में 25 संक्रमितों का इलाज चल रहा है। उधर प्रदेश में 52 एक्टिव मामले है। पिछले चौबीस घंटे में 4 संक्रमित रिकवर हुए है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार राजधानी जयपुर में शनिवार को 330 सैंपल की जांच की गई। वहीं, राज्य में 1093 सैंपल की जांच की गई।



## Ginuary

Start the year out, with a dedication to a rather unique and versatile spirit, that is sophisticated and also delicious. Gin is a spirit, havi ng a rich and unique history that begins in Europe. Originally used for its medicinal effects, the name may have come from a Flemish word "genever" or "jenever" and then, it was likely shortened to simply become "gin", as it is known today. It is made from a distilled grain as well as berries from the coniferous *juniper* shrub and other botanicals.



#TECHNOLOGY

# Making Your GPS Better

The new technique leverages a type of radio interferometer, a device that measures the difference in arrival time of radio waves emitted by distant astronomical sources, with antennas that detect and record the emission.



A new scientific technique could significantly improve the reference frames that millions of people rely upon each day when using GPS navigation services, research shows.

For the first time, researchers have formed a *radio interferometer* between a GPS antenna and receiver and a large radio telescope. The new technique leverages a type of radio interferometer, a device that measures the difference in arrival time of radio waves emitted by distant astronomical sources, with antennas that detect and record the emission.

The team used an approach called *Very-Long-Baseline Interferometry* to use the sensitivity of the radio telescope to increase the GPS receiver's sensitivity. This additional sensitivity enabled them to extend the reach of the receivers to observe powerful jets of radiation and particles, generated by supermassive black holes, up to 5 billion light-years away.

The discovery will improve a variety of critical scientific measurements, from tracking small movements of land in earthquake-prone areas to understanding sea level change.

"The ability to reference new sources, directly to GPS antennas, paves the way for improvements in geodetic reference frames, which underpin modern navigation in applications from smartphones to national security," says Jonathan York, a research scientist at the University of Texas at Austin Applied Research Laboratories.

"Improving reference frames to meet the millimeter-level consistencies, demanded by a variety of important Earth science applications, is critical for taking the next steps in robust precision positioning."

Using data collected at the Very Long Baseline Array facility in Fort Davis, Texas and the nearby McDonald Geodetic Observatory, the researchers were able to demonstrate multiple detections of these powerful extra-





galactic jets. The detections extend the distance of signals, referenced to a GPS antenna from satellites, found about 20,000 kilometers (about 12,427 miles) away to astronomical objects, 5 billion light-years from Earth. This distance is equivalent to flying to a GPS satellite and back about 1 quintillion (a 1 followed by 18 zeros) times or an increase of 18 orders of magnitude.

"Expanding the reach of a scientific instrument is common, scientists are always trying to push their instruments to the limit, but a leap at 18 orders of magnitude is certainly extraordinary," says Leonid Petrov, lead scientist for the Space Geodesy Project at NASA Goddard Space Flight Center.

Observations, using this novel combination of antennas and receivers, will improve the accuracy of geodetic reference frames, which use a large set of locations measured by positioning techniques, such as GPS, to establish a common coordinate framework.

Future research will explore the connections between GPS positioning and the positioning based on observations of distant astronomical sources carried out by radio telescopes. Unifying these techniques will further help researchers to improve the geodetic reference frames that define how positions are measured in reference to Earth.





SHYAMCHI AAI- DUTTA PURANIK IMAGE

Sane Guruji's childhood and his interactions with his mother, Yashodabai, are filled with myriad images of values imparted through discipline, reward and punishment. Shyam who is afraid of water, is thrust into the pond along with his brothers to make him learn to swim, much against his will. This scene carries resonances of *Ishwar Chandra Vidyasagar,* swimming across the flooded waters of Damodar River, to reach his mother on the other side. Later, Shyam tells his mother how swimming helped him come home on a stormy night across flooded waters.

# 70 YEARS OF SHYAMCHI AAI




Dr. Shoma A. Chatterji
*Film scholar, journalist & author*

#MOVIES





*Shyamchi Aai* (1953) produced and directed by *Acharya P.K. Atre*, a much respected scholar in theatre, film and literature, is the first Indian film to win the President's Gold Medal, a precursor to the National Film Awards in 1954. More than 50 years later, it has become one of the most popular films of its time, restored in DVD and VCD versions for screening, to perpetuate the positive messages the film carries through a sweet story of the relationship of a mother and her second son, Shyam.

*Shyamchi Aai* is based on the autobiographical writings of *Pandurang Sadashiv Sane*, better known as Sane Guruji (1899- 1950). He wrote the book in five days flat when he was in jail for participating in the Civil Disobedience movement in colonial times. Several generations of Maharashtrians have grown up with this book and on the landmark film based on it.

Subhash Chheda of Rudraa Home Video, bought the rights of the film including DVD and VCD rights in 2003. Over these past decades, the film has grown into a virtual movement that comprises a journey through villages, talukas and districts in the country where the film has been screened with wonderful feedback. Says Subhash Chheda, "My aim, through cinema, is not just to entertain but also to educate. This is a unique distribution and exhibition strategy that we devised by taking the film from one school to the next, to spread the story of *Sane Guruji* through the film. I had founded Rudraa to promote meaningful, educative cinema across the world. We reached out to school children across Maharashtra and nearby states. I made the DVD and VCD copies of the film available at a very low price of Rs.5.00 in some schools and Rs.10.00 in other schools."

> The film has steered a new movement in cinema as education, information and entertainment that has seen fruition in 15000 schools with 50,000 screenings, projected through DVD on a large screen with the help of volunteers who cut across boundaries of age, occupation, education, sex and social status.

A nationalist influenced by Vinoba Bhave and Gandhiji, *Sane Guruji,* was imprisoned repeatedly for his work among the peasantry and participation in the Quit India movement. *Shyamchi Aai* has 45 episodes in which Shyam, a youth living in poverty in Konkan, recalls the teachings of his mother, a devoutly religious person with an earthy and practical philosophy. He wrote this book in five days while he was detained in jail for participation in the 'Civil Disobedience movement.' He was a sensitive man and a prolific writer.

Sane Guruji's childhood and his interactions with his mother, Yashodabai, are filled with myriad images of values imparted through discipline, reward and punishment. Shyam who is afraid of water, is thrust into the pond along with his brothers to make him learn to swim, much against his will. This scene carries resonances of *Ishwar Chandra Vidyasagar*, swimming across the flooded waters of Damodar River, to reach his mother on the other side. Later, Shyam tells his mother how swimming helped him come home on a stormy night across flooded waters. Once, Shyam steals one rupee from his uncle's shirt pocket. When his mother is humiliated by the uncle and his wife, Shyam confesses that he has, indeed, stolen the money. His mother beats him up and then forces him to promise that he will never do it again. Later, when they have become very poor, his friends taunt him about the straw-thatched hut they live in. He says, "We may be poor but we are rich in heart." His mother asks him who taught him such beautiful thoughts. "It was you, mother," says Shyam and hides his face in his *mother's sari*.

Shyam is a normal, naughty boy, full of mischief and playfulness. But his father's teachings instill in him strong patriotic feelings. He idolizes *Bal Gangadhar Tilak*, who is imprisoned for six years, during the time setting of the film. There is a scene where, while taking lunch, Shyam's mother asks how the cooking was. Her husband says, "Very good" and Shyam echoes his father's comment. The others follow suit. When Yashodabai tastes the dish herself, she finds that she has forgotten to add salt. She feels guilty and surprised at the same time. This is a pointer to the feelings of solidarity within a family driven to the edges of poverty.

Subhash Chheda made the DVD and VCD versions available at a modest price. At that time, he hardly imagined the impact that this film would make on three generations of people in Maharashtra. People came forward to volunteer for the screening of the film at schools in small towns and villages in Maharashtra. The film has steered a *new movement in cinema* as education, information and entertainment that has seen fruition in 15000 schools with 50,000 screenings, projected through DVD on a large screen with the help of volunteers who cut across boundaries of age, occupation, education, sex and social status.

Atre brought the story to life on screen with *Madhav Vaze* as Shyam and *Vanamala.* in the title role, as Shyam's mother. Other actors were Umesh, Baburao Pendharkar and Sumati Gupte. Madhav charms everyone with his sparkling performance, expressing the range of emotions with the openness a child is prone to. Vanamala, as the mother, is a picture of dignity, a woman of her time who values her husband much above anything else in life. The film transports us to a world, where all the problems in life are faced with a positive attitude and a deep faith in God. Vanamala, a graduate from Pune, who taught in a school before entering films, was a staunch nationalist, deeply involved in the freedom movement along with Aruna Asaf Ali and Achyut Patwardhan. She was a member of the Chhatrapati Shivaji National Memorial Committee. She also ran a school to train children in traditional Indian arts and culture, *Haridas Kala Sansthan.* She was a noted actress of Hindi and Marathi films for two decades.

> In a world fractured by communal conflicts and ethnic disharmonies, where films like *My Name is Khan* and *3 Idiots* can get their messages across, only through violence in its varied manifestations, *Shyamchi Aai* takes today's children to a world where love sustains within poverty, humiliation, betrayal and oppression.

"It is a deeply moving, inspirational and educational film. It has relevance in today's world, where material greed and consumerism have almost replaced emotions like love and generosity, where a son even turns on his mother for money. It should be compulsory viewing to divert children, exposed to the materialism of modern society towards the real values of life, love and respect for parents, honesty, integrity and hard work," said the senior most volunteer of the *Shyamchi Aai movement*, Prakash bhai Mohadikar, who passed away some time ago, well into his nineties. Mohadikar of *Sane Guruji Kathamala* sold more than 5 lakh copies of the Marathi language book, *Shyamchi Aai*. He had founded more than 400 *Kathamala branches* in Maharashtra. After his demise, the movement was taken forward by *Datta Puranik*, who sold more than one lakh copies of the same book, visiting people from door to door while schools had screenings of the film for the students. Datta Puranik from Pune, a retired school teacher, who joined Mohadikar in the movement, would forego meals unless he had sold at least one subsidised copy of the book or the film. This happened few times in all these years. Puranik sold more than 40,000 copies of book and more than 10,000 copies of films in VCD and DVD formats over the last years.

"These screenings attracted commercial sponsors like snack-selling merchants who came forth to distribute free packets of beaten rice snacks among the children or packets of milk, leading to a strange kind of marketing never seen across the world, before," informs Chheda.

*Shyamchi Aai's contemporary relevance* can be traced to the positive feedback that it is bringing from the younger generation. Children of primary schools watch the film with their mothers. Nostalgic old men, who have seen the film, years ago, are buying DVD copies for their grandchildren. Young men, who have seen the film when they were children, want their children to watch the film. "In a world fractured by communal conflicts and ethnic disharmonies, where films like *My Name is Khan* and *3 Idiots* can get their messages across, only through violence in its varied manifestations, *Shyamchi Aai* takes today's children to a world where love sustains within poverty, humiliation, betrayal and oppression. It upholds motherhood through the character of Shyam's mother after whom the film is titled. It harps on the importance of honesty, integrity and unity, values decadent in the strife-stricken world, we live in," says Chheda.

Highlighting a mother's unconditional love for her child, the film brings to life the saying '*Swami tinhi jagacha pan Aai vina bhikari*.' Roughly translated, it means, "You may be the greatest person in this universe but you are only a beggar without a mother." Meanwhile, Telugu newspaper, Andhra Jyoti also held screenings of the film with English subtitles in various cities of the state.

rajeshsharma1049@gmail.com

#COOKING TIPS

# Creative Ways To Use Melted Ice Cream

## You can repurpose your melted ice cream for some other culinary endeavour

Settling down after a hard day at the office, running around with the kids or going through errands, really necessitates a mental reprieve that can be fulfilled by only one thing: *ice cream*. But, when you inevitably get called to do something else and have to put your favourite pint of ice cream down, you'll have to face the unfortunate fate of a melted serving.

Your first inclination might be to pop your ice cream back in the freezer. You should think twice about refreezing melted ice cream because it will produce a dense cream with an icy consistency.

Instead, you can repurpose it for some other culinary endeavour. As ice cream aficionados, we've played with the flavours and textures of melted ice cream to find applications that can elevate, both, the taste and texture of other dishes.

**Here are some of our favourites.**

### Turn it into easy fudge



You can turn melted ice cream into quick *fudge* by adding melted *semisweet chocolate chips* to a bowl and mixing them together. Once the ingredients are well combined, pop them into a lined tray and allow the candy to harden at room temperature for several hours. Depending on your preferences, you can also add pieces of nuts, marshmallows or chocolate into the candy, before it sets for a bit of crunch.

### Soak your French toast in it



*French toast* is a classic breakfast dish that always conveys comfort and deliciousness. Melted ice cream is the secret to a better *French toast* because it has tons of sweetness, flavour and fatty qualities that will replace the ingredients, already, in the dish. And when you think about it, a custard-based ice cream already has the egg, cream and vanilla found in a good *French toast custard,* so, the swap is relatively easy.

### Add it as a filling to your layer cake

We're always looking for simple yet elegant fillings for our layer cakes. Ice cream and *fruit curd* are a great combination for the inside of your cake because it's highly versatile and can be made with whatever fruit (and ice cream) that you have in your kitchen. When the curd, which is made by cooking fruit juice, zest, eggs, butter and sugar into a thick spread, is combined with melted ice cream, it resembles a soft sorbet popping with flavour and creamy elements.

### Pour it into your coffee

We're not talking about *coffee ice cream* as a flavour. Rather, this hack is specific to adding a scoop of your favourite not-so-frozen delight to your cup of coffee in the morning. Unlike ice, adding melted ice cream won't dilute the flavour of your coffee. It also makes up for the cream and sugar that you would have to add to your beverage. This *affogato*-like beverage will change how you think of your favourite iced or hot beverage.

### Complement your hot chocolate

A *hot chocolate* is our go-to beverage on a cold winter day. But we guarantee that you'll leave your boring hot chocolate behind, when you hear *this ice cream hack*. Adding ice cream to your hot chocolate will make your beverage extra creamy and help temper your beverage so that it's cool enough to sip on. Mix your melted ice cream with your cocoa powder and dilute with a splash of steamed milk as needed.



### Use it as a burger topping


You should give ice cream a chance as a *burger topping* because it can enhance your burger's *umami* and *savoury* flavours and toppings. It's also particularly good at balancing out astringent and spicy toppings that would otherwise overwhelm the sandwich. Although it might seem unconventional, this ingredient could take your burger to the next level.



### Use it to make a mousse


*Mousse* is a creamy, pudding-like dessert that most people only get to eat at fancy restaurants. But with melted chocolate ice cream, you can make an easier *mousse* at home. You'll only need to gather a few ingredients including melted ice cream, heavy cream and cocoa powder. Dissolve the cocoa powder or chocolate pieces in the ice cream before folding in the whipped heavy cream. It's critical to get the heavy cream at the perfect texture, so that it gives the *mousse* a light mouthfeel.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# चार वाहनों में भरी दो सौ क्विंटल से अधिक हरी लकड़ी बरामद

**सादुलपुर,** (निसं)। हरे पेड़ों की कटाई कर हरी लकड़ी को हरियाणा में तस्करी करने के लिए ले जाते समय राजगढ़ थाना व वन विभाग ने राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर नाकाबंदी कर तीन पिकअप जीप व एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है।

राजगढ़ थानाधिकारी सुभाष चन्द्र ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर नाकाबंदी की गई थी। तभी अवैध हरे पेड़ों की कटाई कर हरियाणा में तस्करी के लिए ले जाई जा रही लकड़ियों सहित एक पिकअप जीप तथा एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त किया है। जबकि वन विभाग की ओर से तारानगर सड़क पर की गई कार्रवाई अंतर्गत दो पिकअप जीप को अवैध हरी लकड़ियों सहित जब्त करने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि कुल चार वाहनों को जप्त कर लगभग दो सौ क्विंटल से अधिक हरि लकड़ियां बरामद करने



**राजगढ़ थाना व वन विभाग ने हरी लकड़ी से भरी तीन पिकअप जीप व एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की।**

की कार्रवाई की गई है। गत तीन दिनों में पुलिस ने एक दर्जन से अधिक वाहनों को जप्त करने की कार्रवाई की है। जिसमें पुलिस ने अब तक 8 पिकअप जीप तथा दो बडे ट्रैकों को एक हजार क्विंटल से अधिक

- **हरे पेड़ों की कटाई कर हरियाणा में तस्करी करने के लिए ले जाते समय कार्रवाई की**
- **तीन पिकअप जीप, एक ट्रैक्टर ट्रॉली में भरी अवैध हरी लकड़ी बरामद की**

लडकियों सहित जप्त किया गया था।

वहीं शनिवार को चार वाहनों को जब्त कर 200 क्विंटल से अधिक लकड़ियों को जब्त करने की कार्रवाई की गई है। थानाधिकारी ने बताया कि वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई है तथा वन विभाग के अधिकारी मामले की जांच करने की कार्रवाई कर रहे हैं।

# आनासागर चौपाटी पर हथियार लहराते हुए रील बनाने वाली युवती गिरफ्तार

**अजमेर,** (कासं)। आनासागर चौपाटी पर हथियार लहराते हुए रील बना कर सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो अपलोड करना एक युवती को भारी पड़ गया। शनिवार को क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने युवती को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर अग्रिम अनुसंधान में जुट गई।

एडिशनल एसपी सिटी महमूद खान ने बताया कि शुक्रवार को सोशल मीडिया पर हथियार के साथ रील्स बनाकर वीडियो इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया था। वीडियो के आधार पर जांच कर क्रिश्चियन गंज पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए थे, जिस पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए शनिवार को बालूपुरा स्कूल सिविल लाइन निवासी शिवानी सैनी पुत्री चंद्रप्रकाश धारा 151 में गिरफ्तार किया है। एएसपी खान ने बताया कि पुलिस जांच में सामना आया कि युवती 12वीं कक्षा की छात्रा है, जिसने फेमस होने के लिए नकली पिस्टल के साथ रील्स बनाकर सोशल मीडिया के प्लेट इंस्टाठाम अकाउंट पर वीडियो पोस्ट किए थे। युवती को गिरफ्तार शनिवार को कोर्ट में भी पेश किया है।



**चौपाटी पर पिस्टल लेकर रील बनाते हुए व पुलिस गिरफ्त में युवती।**

**युवती ने सोशल मीडिया इअकाउंट पर हटाए वीडियो :-** गिरफ्तार युवती ने आनासागर चौपाटी पर पिस्टल के साथ रील्स बनाई थी। जिसे उसने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया था। इसके साथ ही फायरिंग करते हुए भी एक वीडियो पोस्ट किया गया था। पुलिस गिरफ्त में आने के बाद युवती ने अपने सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम अकाउंट से सभी वीडियो हटा दिए हैं। पुलिस का कहना रहा कि नकली हथियारों के साथ भी सोशल मीडिया पर वीडियो या फोटो पोस्ट करना गैरकानूनी है।

**ऑनलाइन मंगवाई नकली पिस्टल :-** एएसपी खान ने बताया कि पुलिस जांच में समाने आया है कि युवती ने उक्त पिस्टल ऑनलाइन अमेजॉन से खरीदा था। बाद में उसने फेमस होने के लिए पिस्टल के साथ वीडियो बनाकर अपने अकाउंट पर पोस्ट किया। पुलिस ने युवती को हिदायत दी है कि इस तरह की कार्रवाई आगे से नहीं करें। उन्होंने कहा कि अगर कोई युवा हथियारों के साथ पोस्ट करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# युवक की मौत के बाद मांगों को लेकर प्रदर्शन



**माली खेड़ा में युवक की मौत हो जाने के बाद गंगापुर चिकित्सालय में लोगों का प्रदर्शन जारी है।**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के गंगापुर थाना क्षेत्र के माली खेड़ा में भील समुदाय के युवक पन्नालाल भील की मौत हो जाने के बाद गंगापुर चिकित्सालय में सुबह नौ बजे से भील समाज व सर्व समाज के लोगों का प्रदर्शन चल रहा है। भारी संख्या में यहां पुलिस जाता तैनात है। सर्व समाज के लोगों द्वारा भील समुदाय के मृतक परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता, परिवारजन को सरकारी नौकरी, दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल सिंह को दिया गया ज्ञापन।

- **मृतक परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता, सरकारी नौकरी की मांग**

मौके पर पहुंचे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल सिंह, गंगापुर उपखंड अधिकारी राजेश सुवालका, सहाड़ा विधायक लादू लाल पितलिया ने वार्ता की और पीड़ित परिवार को के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का आश्वासन दिया गया।

गंगापुर थाने में तैनात थाना प्रभारी नरेंद्र जैन को भीलवाड़ा लगाने के आदेश जारी किए गए। सरकार की ओर से मिलने वाली सहायता राशि 5 लाख तक का आश्वासन दिया गया, लेकिन प्रदर्शनकारियों व सर्व समाज के लोग मुआजे की राशि पर पड़े हुए हैं। 50 लाख की मुआवजा राशि की मांग की जा रही है। लगातार चल रहे प्रदर्शन को लेकर रायपुर, करेड़ा, बागोर, कराई पुलिस थाने के अधिकारी व पुलिस जाप्ता तैनात किया गया। समूचा चिकित्सालय परिसर पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। देर शाम तक सैकड़ों की तादाद में प्रदर्शन करने वाले लोग चिकित्सालय के बाहर डेरा डाल कर बैठे हुए हैं।

## वृद्ध ने फांसी लगाई

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में वृद्ध ने अपने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार याकुबपुर जलालाबाद यूपी हॉल अम्बामाता थाना क्षेत्र नीमच खेड़ा निवासी स्वतंत्रपाल शर्मा (56) पुत्र सरदार शर्मा ने शुक्रवार रात में अपने मकान में फांसी लगा ली। इसको देख परिजन फंदे से नीचे उतार चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर एएसआई नरेन्द्रसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। स्वतंत्रपाल प्राईवेट सुपरवाईजर का काम करता था। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

## छत से गिरकर बालक घायल

**बूंदी** (निसं)। शनिवार को पतंग उड़ाते समय संतुलन बिगड़ जाने से नैनवां रोड़ क्षेत्र में रजत गृह गेट नंबर 3 के पीछे एक बालक छत से गिर कर घायल हो गया। जानकारी मिलने पर परिजन बालक को लेकर जिला चिकित्सालय आए, जहां उपचार किया गया। बालक के पिता ने बताया कि उसका पुत्र साहिल छत पर पतंग उड़ा रहा था, तभी अचानक संतुलन बिगड़ जाने से नीचे गिर गया। जिसके कारण साहिल के सिर पर गंभीर चोट आई है। छत से गिरने के कारण बालक के सिर पर आधा दर्जन टांके आए।

# बुजुर्ग से सोने की अंगूठियां लेकर उचक्के फरार

## दुकान पर बैठे बुजुर्ग को बातों में उलझा कर वारदात की

**बिजयनगर,** (निसं)। शनिवार को दिनदहाड़े मिल चौक बालाजी के मंदिर के समीप स्थित गौरव सेल्स दुकान पर बैठे बुजुर्ग अमरजीत पामेचा को बातों में उलझा कर तीन सोने की अंगूठियां लेकर अज्ञात उचक्के फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरव सेल्स की दुकान पर बैठे बुजुर्ग अमरजीत पामेचा को 100 रुपये के खुल्ले लेने के बहाने बातों में उलझाया एवं उनके हाथों में सोने की अंगूठी देखकर उनको अंगूठियां खोलकर दराज में रखने की सलाह देते हुए तीन सोने की अंगूठियां लेकर फरार हो गए।

पीड़ित बुजुर्ग ने बताया कि वारदात के दौरान एक व्यक्ति शोरूम के भीतर अकेला देखकर सो रुपये के खुल्ले लेने के बहाने भीतर आया और वारदात को अंजाम देकर मौके से बाहर खडे दूसरे व्यक्ति के साथ फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शोरूम में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए आरोपीयों की तलाश शुरू की। शहर में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने में पुलिस विफल साबित हो रही है



**दिनदहाड़े ठगी की वारदात को अंजाम देने वाला सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया।**

पुलिस थाने के राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थानांतरित होने के पश्चात शहर में अपराध बढ़े हैं। पुलिस के वारदात स्थलपर पहुंचने से पहलेअपराधी वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो जाते हैं।

क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने शनिवार को बिजयनगर आगमन पर मोबाइलपर थाना अधिकारों को शहर में बढ़ रहे अपराधों पर नियंत्रण करने यातायात व्यवस्था सुधार के निर्देश दिए। शहर में राजकीय चिकित्सालय के बाहर खड़े वाहनों की बैटरी चोरी की वारदातें भी अचानक बढ़ गई है मिल चौक सहित विभिन्न जगहों पर खड़े वाहनों की बैटरी चोरी की कई वारदातों की जानकारी नागरिकों द्वारा दी गई।

शहर में बढ़ रही अपराधिक वारदातों की शिकायत भी नागरिकों ने विधायक से की है। राष्ट्रीय राजमार्ग 27 मिलचौराहा से लेकर शहर की मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण व्याप्त है। राजकीय चिकित्सालय के बाहर अनधिकृत रूप से लगे ठेलों से राजकीय चिकित्सालय में भर्ती रोगियों के परिजनों को परेशानी उठानी पड़ती है वहीं कई बार दुर्घटनाए भी घटित हो चुकी है।शहर की जन सुविधाओं पर व्याप्त अतिक्रमण को लेकर पालिका प्रशासन भी आंखें मूंदे हैं।

# महिला ने देवर एवं जेठ पर मारपीट का आरोप लगाया

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ थाना पुलिस ने एक महिला की रिपोर्ट पर उसके देवर व जेठ के खिलाफ मारपीट करने के आरोप का मामला दर्ज किया है।

राजगढ़ थानाधिकारी सुभाष चन्द्र ने बताया कि भागो पत्नी शेरसिंह निवासी लम्बोर बडी पुलिस थाना राजगढ़ जिला चूरू ने अपने पति शेरसिंह पुत्र रूपसिंह के साथ पुलिस थाना में इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि 5 जनवरी को करीब तीन बजे वह अपने प्लाट में काम कर रही थी। उसी समय अचानक इन्द्र सिंह पुत्र रूगसिंह व लक्ष्मण सिंह पुत्र रूगसिंह आये व आते ही दोनों ने उसके थप्पड व लाठी से मारपीट शुरू कर दी। जिससे उसके सिर में चोट आई। उसके पश्चात वह

- **राजगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है**

बेहोश होकर गिर गई।

थोडे समय बाद उसकी पुत्रवधु मनिषा आई, जिसने फोन कर अपने ससुर शेरसिंह को बताया, जिन्होंने उसे राजकीय रेफरल हास्पीटल में पहुंचाया। दर्ज मामले में बताया है कि इन्द्रसिंह उसका जेठ व लक्षमण सिंह उसका देवर है, दोनों ने उसके साथ मारपीट की व गाली गलौच की। आरोप है कि उसे जान से मारने का प्लान था व बेहोश होने पर उन्हें लगा कि वह मर चुकी है। राजगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

## एक गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। कोटड़ा थाना पुलिस ने गाडी से किमती सामान चोरी करने वाले को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 3 जनवरी को कस्बा कोटडा में सेंध लगाकर डीजे गाड़ी से किमती उपकरण चोरी होने का मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पर्वतसिंह, पुलिस उप अधीक्षक रामेश्वरलाल के सुपरविजन में कोटड़ा थानाधिकारी अशोक कुमार सिंह चम्पावत के नेतृत्व में गठित दल ने मामले का खुलासा करते हुए इस मामले में आरोपी मोहन उर्फ खाटा पुत्र भोईला खोखरीया निवासी कोटड़ा गडी खेरोज साबरकांटा गुजरात अशोक पुत्र मणा खेर निवासी निचली फली जोटासण खेरोज साबरकाटा गुजरात को कोटड़ा गाड़ी जाने वाले रास्ते पर पुलिया से गिरफ्तार किया। जिससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों से लेपटॉप, स्टेण्ड व डीजे मिक्सर उपकरण बरामद किए।

# किराना, ई-मित्र व डेयरी को चोरों ने निशाना बनाया

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा निकटवर्ती ग्राम दौलतपुरा जमोला में रात्रि में दो दुकानों पर चोरों ने धावा बोलकर लाखों रुपए का सामान ले गए। वहीं एक दुकान को जलाकर भी चले गए जिस दुकान में पड़ा था सामान जलकर नष्ट हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शेरु पुत्र गोवर्धन किराना व ई-मित्र की दुकान चलता था। रात्रि में अज्ञात व्यक्तियों ने दुकान में चोरी कर इसमें आग लगा दी जिससे दुकान की पट्टियां भी टूट कर नीचे गिर गई। ग्रामीणों को जानकारी मिलने पर दुकान में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक बचा सामान भी जलकर भस्म हो गया। दुकान में रखा सभी सामान कंप्यूटर, लैपटॉप, रंगीन प्रिंटर, फ्रिज, काउंटर सहित पांच लाख रुपए का सामान चोरी हो जाने वहीं रामदेव पुत्र नरवर की पायस डेयरी में भी रखा करीब एक लाख रुपए का

- **दो दुकानों से पांच लाख रुपए का माल ले उड़े चोर**
- **एक दुकान को जलाया, सामान जलकर नष्ट हुआ**
- **पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच प्रारम्भ की**

इलेक्ट्रॉनिक सामान चुरा कर ले गए।

ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी मसूदा पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच प्रारम्भ की है। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन क्षेत्र में चोरी की घटनाएं घटित हो रही हे जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना रहता है।

## गीजर से निकली गैस से दम घुटा, बालक की मौत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। पड़ोसी जिले शाहपुरा में बाथरूम में नहाने के दौरान एक बालक की गीजर से निकली गैस से दम घुटने के कारण मौत हो गई। मामला शाहपुरा का है।

यहा शुक्रवार देर शाम कायमखानी मोहल्ला निवासी नूर मोहम्मद (लाला) कायमखानी का 14 साल का बेटा बाबू शाम को बाथरूम में नहाने गया था। काफी देर तक जब बाबू नहाकर बाहर नहीं आया तो परिजनों ने उसे आवाज लगायी। बाबू ने जब आवाज का जवाब नहीं दिया तो घबराये परिजनों ने बाथरूम का दरवाजा तोड़ा। उन्हें बाबू अंदर बेहोश मिला। परिजन बाबू को हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने बालक को मृत घोषित कर दिया। परिजन बिना पोस्टमार्टम करवाये बालक शव लेकर चले गए।

# अजमेर लगातार छठी बार ओडीएफ प्लस-प्लस घोषित

**अजमेर,** (कासं)। स्वच्छतम सर्वेक्षण-2023 में क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा किये गये सर्वे के अनुसार नगर निगम अजमेर को लगातार छठी बार ओडीएफ प्लस-प्लस घोषित किया गया है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के परिणामों की घोषणा भारत मण्डपम कन्वेन्शन सेन्टर, नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा 11 जनवरी को की जायेगी। इस समारोह में भाग लेने के लिए राजस्थान के कुछ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगरीय निकायों को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आमन्त्रित किया गया है। इस समारोह में भाग लेने के लिए अजमेर नगर निगम को भी आमन्त्रित किया गया है। इस समारोह में भाग लेने के लिए नगरीय निकाय के कमिशनर/अधिशाषी अधिकारी एवं तकनीकी अधिकारियों को आमन्त्रित किया गया है।

प्रदेश के 240 नगरीय निकायों में 16 शहरों ओडीएफ प्लस-प्लस प्रभारी

- **क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा सर्वे किया गया था**

स्वच्छ भारत मिशन बबीता सिंह ने बताया कि राजस्थान में 240 नगरीय निकायों में से 16 शहरों को ओडीएफ प्लस-प्लस घोषित किया गया है। जिनमें अजमेर नगर निगम भी शामिल है। स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत ओडीएफ प्लस-प्लस वह स्थिति है जिसमें ठोस या तरल अपशिष्ट प्रबन्धन प्रणालियों को लागू करने के साथ-साथ अपने खुले में शौच मुक्त स्थिति को बनाये रखता है। ओडीएफ प्लस-प्लस में शहर से निकलने वाले मल के निपटान की समुचित व्यवस्था देखी जाती है। ओडीएफ प्लस-प्लस के फायदे हैं बेहतर शौचालय और स्वच्छता के मापदण्डों में सुधारात्मक प्रक्रिया लागू करना और लगातार बनाये रखना।

# नौकरी लगाने के नाम पर छह लाख रुपए हड़पे

**खेतड़ी,** ( निसं)। पचेरीकलां थाने में डीआरडीओ में फायरमैन की नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। इस, संबंध में पीड़ित की ओर से कोचिंग संचालक के खिलाफ छह लाख रुपए हड़प लेने का मामला दर्ज करवाया गया है।

थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि नावता निवासी वीरेंद्र सिंह ने रिपोर्ट दी कि उसका बेटा बारहवीं पास करने के बाद पचेरीकलां की निजी कोचिंग में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता था। इस दौरान उसके पास कोचिंग संचालक सिगड़ा (महेंद्रगढ़) निवासी नरेश कुमार उसके घर आया तथा उसने परिवादी के बेटे को डीआरडीओ में फायरमैन के पद पर अच्छी जान पहचान बताकर नौकरी

- **डीआरडीओ में फायरमैन की नौकरी लगाने का कोचिंग संचालक देता था झांसा**

लगवाने की बात कही। इस दौरान आरोपी ने उससे छह लाख रुपए देकर नौकरी लगाने के लिए कहा। इस दौरान परिवादी उसकी बातों में आ गया तथा अपने खाते से छह लाख रुपए उसके खाते में ट्रांसफर करवा दिए।

इसके बाद उसके बेटे का चंडीगढ़ में पेपर देने के बाद रिजल्ट में फेल हो जाने के बाद कोचिंग संचालक को दिए रूपए वापस मांगे तो आरोपी का फोन बंद मिला तथा वह मिल भी नहीं पाया। इस दौरान उसे पता चला की कोचिंग संचालक को अन्य छात्रों से नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने पर नारनौल पुलिस ने पकड़ लिया। कुछ दिन बाद जब वह जेल से आया तो उसे रूपए देने के लिए कहा तो जल्द रूपए लौटाने की बात कही। इसके बाद नवंबर में आरोपी ने रूपए देने से मना कर दिया तथा परिवादी के बेटे को नौकरी लगाने के नाम पर छह लाख रुपए हड़प लिए। जिस पर परिवादी की ओर से थाने में रिपोर्ट देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। थानाधिकारी ने बताया कि कोचिंग संचालक के खिलाफ छह लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है तथा जल्द ही आरोपी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

# बाड़मेर भी दुबई जितना समृद्ध हो : पेट्रोलियम राज्यमंत्री

**बालोतरा,** (निसं)। केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के राज्यमंत्री रामेश्वर तेली ने शनिवार को बाड़मेर प्रवास के दौरान केयर्न ऑयल एंड गैस-वेदांता लिमिटेड द्वारा संचालित मंगला प्रोसेसिंग टर्मिनल का दौरा किया। इस अवसर पर बाड़मेर से हो रहे तेल उत्पादन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि ये क्षेत्र भी क्रूड ऑयल के उत्पादन से दुबई जितना समृद्ध हो।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत अपनी तेल जरूरतों का 83 प्रतिशत आयात करता है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन है कि देश में ही अधिकाधिक तेल उत्पादन करते हुए इस मामले में हम आत्मनिर्भर हो। राजस्थान के ऑयल फील्ड्स तेल का अच्छा उत्पादन कर रहे हैं और भविष्य में यहां से उत्पादन और बढ़ने वाला है। लक्ष्य यह रहेगा कि बाडमेर में बनने वाली रिफाइनरी में ज्यादा से ज्यादा स्थानीय क्रूड ऑयल काम में लाया जाए। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री और बाड़मेर सांसद कैलाश चौधरी ने कहा कि तेल खोज और उत्पादन के साथ ही बाडमेर में सुखद परिवर्तन हुआ है। यहां उद्योग धंधों और रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया




**बालोतरा के निकट पचपदरा में राज्यमंत्री रामेश्वर तेली का स्वागत किया।**

कि भविष्य में इन क्षेत्रों में और तेजी से काम होगा।

इससे पूर्व मंगला प्रोसेसिंग टर्मिनल पर पहुंचने पर केयर्न के प्रेसीडेंट पब्लिक पॉलिसी एंड रेगुलेटरी अफेयर्स प्रवीण पलकीझील, डायरेक्टर राजस्थान ब्रिगेडियर बी एस शेखावत, हेड ऑपरेशंस हितेंद्र पटेल, हेड ड्रिलिंग जे पी मिश्रा और अन्य अधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। सेंट्रल कंट्रोल रूम के समीप फलदार वृक्ष का पौधरोपण किया गया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने केयर्न के भारत में तीसवें वर्ष में प्रवेश का सांकेतिक बैनर विमोचित किया। उन्होंने मंगला वेलपैड का दौरा करते हुए ड्रिलिंग प्रगति की जानकारी भी ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने

- **केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री रामेश्वर तेली ने मंगला प्रोसेसिंग टर्मिनल का दौरा किया**
- **तेल खोज और उत्पादन के साथ ही बाड़मेर में सुखद परिवर्तन हुआ है : केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी**

शनिवार को संसदीय क्षेत्र के पचपदरा में स्थित रिफाइनरी में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली के साथ रिफाइनरी अधिकारियों के साथ बैठक कर रिफाइनरी के निर्माण कार्य सहित कार्य प्रणाली पर चर्चा की।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने पेट्रोलियम राज्य मंत्री से स्थानीय लोगों को रोजगार एवं रिफाइनरी के कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने को लेकर अपनी बात रखी। इससे पहले केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने पेट्रोलियम राज्य मंत्री रामेश्वर तेली का स्थानीय परंपरा अनुसार स्वागत किया।

## संक्षिप्त

### खेल सप्ताह का आयोजन

**श्रीमाधोपुर।** आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के आदेश अनुसार राजकीय कन्या महाविद्यालय, श्रीमाधोपुर में 8 से 13 जनवरी तक खेल सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य कुलदीप सिंह ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करने, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने और टीम स्पर्धा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से महाविद्यालय की नियमित छात्राओं हेतु आउटडोर खेलों में कबड्डी, रस्साकसी, ऊंची कूद, लंबी कूद, रिले दौड़ व क्रिकेट का आयोजन होगा। इंडोर खेलों में कैरम बोर्ड, शतरंज, व खेल प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जाएगा।

### गोशाला सदस्यों की बैठक आज

**श्रीमाधोपुर।** श्री कृष्ण गोशाला अजीतगढ़ का स्नेह मिलन व सदस्यों की बैठक 7 जनवरी रविवार को आयोजित होगी। गोशाला सचिव मूलशंकर शर्मा ने बताया कि श्री कृष्ण गोशाला के नवीन कार्यकारिणी के नेतृत्व में नववर्ष स्नेह मिलन कार्यक्रम व गोशाला सदस्यों की बैठक रविवार 7 जनवरी को गोशाला के द्वारिकाधीश सभागार में दोपहर 2 बजे आयोजित होगी। जिसमें गोशाला के विकास, गोवंश संरक्षण, सेवा आदि के बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

### स्नेह मिलन समारोह रविवार को

**कोटपूतली।** कस्बे के सुंदरपुरा रोड़ स्थित राजा दक्ष छात्रावास विकास समिति की बैठक रविवार को प्रजापति छात्रावास परिसर में आयोजित की जायेगी। सचिव कमलेश प्रजापत ने बताया कि बैठक में छात्रावास विकास से संबंधित व अनेक सामाजिक बिंदु पर चर्चा की जायेगी। जिसके बाद छात्रावास कार्यकारिणी का नववर्ष स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया जायेगा।

### शुभम चौधरी का तबादला

**कोटपूतली।** राज्य सरकार द्वारा शुक्रवार व शनिवार की मध्य रात्रि करीब 02 बजे प्रदेश के प्रशासनिक हल्के में पहला फेरबदल किया गया। राज्य सरकार ने एक साथ 72 आईएएस एवं 121 आरएएस के तबादले किये।

# शिविरों में आमजन के मौके पर ही पंजीयन किए

**अलवर।** 'विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान' के तहत आज जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित कैम्पों में बडी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक कैम्पों में भाग लेकर केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में अपना पंजीयन कराया।

जिला कलक्टर अविचल चतुर्वेदी ने बताया कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान' के तहत पंचायत समिति कठूमर की ग्राम पंचायत खेडाकल्याणपुर व खोंकर, पंचायत समिति गोविन्दगढ की ग्राम पंचायत चिडवाई व तिलवाड,

■ शिविर में केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी

पंचायत समिति रामगढ की ग्राम पंचायत बेरेबास व उंटवाल, पंचायत समिति राजगढ की ग्राम पंचायत धमरेड व श्रीचन्दपुरा तथा ग्राम पंचायत अलेई व थानाराजाजी, पंचायत समिति थानागाजी की ग्राम पंचायत गुढा चुरानी व गुवाडाभोपाला में कैम्प आयोजित हुआ जिसमें विभागीय अधिकारियों द्वारा स्टॉल लगाकर केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर पात्रा व्यक्तियों का मौके पर ही योजनाओं में रजिस्टेऊशन कर लाभान्वित किया।

इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के अधिकारियों द्वारा प्रचार वाहन का स्वागत किया गया। कैम्पों में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडिड़ों का टी शर्ट प्रदान कर सम्मान किया गया तथा आमजन को भारत को वर्ष 2047 तक विकसित करने की शपथ भी दिलाई गई। कैम्पों में सांकृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। साथ ही पंचायत समिति मालाखेडा की ग्राम पंचायत त कलसाडा व लीली भी विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान का कैम्प आयोजित हुआ जिसमें विकास अधिकारी रमेश मीणा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष दक्षिण अशोक गुप्ता ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया तथा आमजन को केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकादी दी। इस दौरान नोडल अधिकारी एवं नायब तहसीलदार अशोक कुमार शर्मा, कैम्प प्रभारी विष्णु शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक तिवाडी सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



भारत संकल्प यात्रा के शिविर में लाभान्वितों को लाभान्वित किया।

### पालकी यात्रा का भव्य स्वागत

**सांभरझील, (निसं)।** जावरा (मध्य प्रदेश ) स्थित खाटू श्याम मंदिर से विगत 17 दिसंबर को रवाना हुई पैदल पालकी यात्रा का शुक्रवार को सांभर पहुंचने पर सैकड़ो भक्तों की ओर से उनका जोरदार अभिनंदन किया गया।

पैदल यात्रा में शामिल टीम के युवा भक्तों का जाता बाबा की पालकी के साथ 22 गोदाम से होते हुए नकाशा चौक, पुरानी धान मंडी, गोला बाजार तथा यहां से तेली दरवाजा रोड होते हुए पांच बत्ती चौराहा और न्यू मार्केट में जगह-जगह भक्तों ने पैदल पालकी यात्रा का पुष्प वर्षा से अभिनंदन किया तथा पालकी में सजी खाटू श्याम की प्रतिमा का दर्शन कर लोगों ने अपनी मन्नतें भी मांगी तथा खाटू श्याम के जयकारे लगाकर अपनी आस्था प्रकट की।

न्यू मार्केट स्थित लक्ष्मी परिसर में उनके रात्रि ठहराव की व्यवस्था की गई। बताया गया कि यहां से शनिवार की सुबह जल्दी ही बाबा की आरती व पूजा अर्चना के बाद पैदल पालकी यात्रा खाटू स्थित श्याम दरबार के लिए रवाना होगी। इस मौके पर श्री गोपाल गौशाला के पूर्व अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा, राजेंद्र कश्यप, प्रकाश सोनी, सुनील टाटी, राजेंद्र कुमार सैनी, भारत सैनी, कैलाश सिखवाल, अनिल टेलर सहित अनेक श्याम भक्तों ने ने अपना-अपना योगदान दिया। आने वाले भक्तों ने पंगत भी प्रसादी पाई।

## सार-समाचार

### डॉ. शर्मा ने जानी लोगों की समस्याएं

**जयपुर।** सिविल लाइन्स से विधायक डॉ. गोपाल शर्मा ने जयपुर रेलवे जंक्शन के बाहर नमो चाय स्टॉल पर लोगों को अपने हाथों से चाय बनाकर पिलाई और चाय पर चर्चा कर क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को जाना। विधायक डॉ. गोपाल शर्मा ने लोगों के बीच चाय पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का गुलाबी नगरी जयपुर में स्वागत करते हुए कहा कि "चाय बनाने के एक साधारण से काम को कर इस देश को चलाने का असाधारण काम भी एक चाय बनाने वाले ने ही किया है। माता और बहनों के चेहरे पर जो खुशी दिखाई दे रही है, वह वर्ष 2024 में 400 के पार जाने की खुशी अभी से दिखाई दे रही है।" गोपाल शर्मा ने इस मौके पर स्वयं अपने हाथ से चाय बनाई और लोगों को वितरित की। विधायक की इस सादगी का हर कोई कायल नजर आया। भाजपा बनीपार्क मंडल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में गोपाल शर्मा के साथ बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। जहां जनता से चर्चा कर सामने आई समस्याओं के जल्द समाधान का भी आश्वासन दिया। मंडल अध्यक्ष व स्थानीय पार्षदों को भी विधायक गोपाल शर्मा ने जनसेवा के लिए हर वक्त समर्पित रहकर काम करने को कहा ताकि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री के राजस्थान निर्माण के सपने को अच्छे से साकार किया जा सके।

### पौषबड़ा का आयोजन किया

**श्रीमाधोपुर ।** महात्मा गाँधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर स्थित बालाजी मंदिर में पौषबडा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक कैलाश बिजारणिया ने बताया कि निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ. वी.के. सैनी, स्कूल प्राचार्य कंवलजीत कौर, अतिथि खण्डेला विधायक सुभाष मील के सानिध्य में पौषबड़ा मनाया गया। सर्वप्रथम पण्डित राकेश शर्मा द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में विराजमान बालाजी मंदिर में भगवान को हलवा और पौषबड़ा का भोग लगाकर जोत ली गई। एनएसएस के तत्वाधान में सामूहिक आरती की गई। व्याख्याता मांगीलाल कुमावत के सानिध्य में महाविद्यालय प्रांगण में विराजमान बालाजी मंदिर और बावड़ी आश्रम में श्रमदान किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस, स्काउट-रोवर्स व एनसीसी कैडेट्स ने अपनी सेवाएं दी। महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं, स्टाफ सदस्यों के साथ आमजन को प्रसाद वितरण किया गया। सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन सह-प्रभारी विष्णु मीणा के सानिध्य में श्री सीताराम बाबा बावड़ी आश्रम में श्रमदान एवं आध्यात्मिक व्याख्यान का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा इकाई प्रथम के स्वयंसेवकों ने श्री सीताराम बाबा आश्रम में तथा आश्रम के गौशाला में साफ सफाई की तथा पेड़ पौधों की निराई गुडाई की।

### आरोपी को दोष मुक्त किया

**सांभरझील, (निसं)।** अतिरिक्त मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट डॉ ऋचा कौशिक ने चेक अनादरण के मामले में अभियुक्त ताराचंद माली पुत्र रघुनाथ निवासी छतरियों का कुआं, सदाशिव व्यास मार्ग मार्ग, सांभर को संदेह का लाभ देते हुए दोष मुक्त कर दिया। अभियुक्त के अधिवक्ता लालचंद कुमावत ने न्यायालय को बताया कि परिवादी नाथूलाल पुत्र गणेशलाल निवासी टाटी धर्मशाला के पास, सांभर की ओर से अभियुक्त को दिये 7 लाख रुपए उधारी के मामले में जो परिवाद पेश किया गया है उसके मुताबिक वह साबित करने में पूरी तरह से असफल रहा है। न्यायालय को यह भी बताया कि अभियुक्त ने कब और किसके सामने तथा किस आधार पर अभियुक्त को चेक पर हस्ताक्षर करके दिए थे इस बारे में भी बयानों में भी अनेक तरह का विरोधाभास है। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस व प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त को संदेह का लाभ देते हुए आरोपित अपराध अंतर्गत धारा 138 परकाम्य लिखत अधिनियम 1881 से दोष मुक्त करने के आदेश दिए।

### शिरोमणि महंत की पुण्यतिथि मनाई

**किशनगढ़ बास।** गांव शेरपुर के बाबा मोहन राम मंदिर पर बाबा मोहन राम ट्रस्ट की ओर से भक्त शिरोमणि महंत स्वर्गीय मोहर सिंह कौशिक की 31 वी पुण्यतिथि पर विशाल भंडारा एवं निशुल्क चिकित्सा शिविर व वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अतिथि पूर्व विधायक रामहेत यादव थे।अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक यादव ने दीप प्रज्वलित कर मंदिर में पूजा अर्चना की और संतों का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर मंदिर के महंत अशोक कौशिक ने पूर्व विधायक रामहेत यादव का दुपट्टा पहन कर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। यादव ने इस दौरान वॉलीबॉल मैच का विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर पूर्व विधायक यादव ने आसपास सहित दुर दराज के गांवों से आए भक्तों को संबोधित किया और मोहन राम मंदिर के महंत अशोक कौशिक व बाबा मोहन राम ट्रस्ट सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत समिति सदस्य मुनेश यादव भाजपा मंडल अध्यक्ष रामनिवास यादव चंदन गुर्जर यशपाल शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### लवाण पहुंची भारत संकल्प यात्रा

**जयपुर ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा नगर पालिका लवाण में शनिवार प्रातः 10 बजे पहुंची, जिसका पूजन मंडल अध्यक्ष सुनील पाटनी, नगर पालिका अध्यक्ष कमलेश देवी वर्मा, मंडल महामंत्री डॉक्टर डॉ. शर्मा (भगत), भूपेंद्र सिंह मलारना, पूर्व सरपंच सीताराम पटेल लवाण, एसडीएम बद्री नारायण मीणा और नगर पालिका की ई.ओ. श्वेता असवाल तथा पार्षद संतोष पाटनी व पंचायत समिति सदस्य कल्पना बबेरवाल ने किया। इस दौरान अतिथियों को फूल माला पहनाकर एवं साफा बंधवाकर स्वागत किया गया। जनप्रतिनिधियों ने शिविर का अवलोकन कर लाभार्थियों से चर्चा की। अधिकारियों ने किसान सम्मान निधि समेत अन्य योजनाओं के बारे में आमजन को जानकारी दी। शिविर में सैकड़ों लोग विभिन्न योजनाओं में रजिस्ट्रेशन करवाने पहुंचे।

### जूली बने गृह समिति के सदस्य

**अलवर।** राजस्थान विधानसभा द्वारा राज्य के विधायकों के लिये क्वार्टर आवंटित करने के लिये एक गृह समिति का गठन किया गया है । इस गृह समिति में सभापति सहित 14 सदस्यों को लिया गया है । इस समिति में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं अलवर ग्रामीण विधानसभा के लोकप्रिय विधायक श्री टीकाराम जूली को बतौर सदस्य के रूप में शामिल किया गया है ।

## शिलान्यास के 6 महीने बाद भी भवन का निर्माण नहीं

**लालसोट।** रामगढ पचवारा नवसृजित पंचायत समिति के नए बनने वाले भवन के निर्माण का काम अटकने से कई प्रकार की सियासी चर्चाओं ने जन्म लिया है। करीब 6 माह पहले राजकीय कन्या महाविद्यालय के पास रामगढ़ पचवारा पंचायत समिति के नए भवन के लिए निर्माण कार्य प्रारंभ का आगाज हुआ था। लेकिन वह बंद होने से चर्चा है कि राजनीतिक कारणों के चलते पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा के नए भवन का निर्माण अटक रहा है। वहीं पंचायत समिति के बना रहे नए भवन के निर्माण में तकनीकी खामियों की चर्चा भी आम हो रही है इसको लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या नए भवन के निर्माण से पहले तकनीकी खामियों को नहीं देखा गया था या फिर नए शासन के साथ इस निर्माण में ही कोई खामी पैदा हुई है। विधानसभा क्षेत्र के रामगढ़ पचवारा पंचायत समिति के नए भवन का 6 महीने पूर्व जुलाई 2023 में तत्कालीन चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने शिलान्यास किया था। मगर शिलान्यास के 6 महीने बाद भी अब भी तक काम शुरू नहीं हो सका है। 2 करोड रुपए की लागत से बनने वाले पंचायत समिति के नवीन भवन का 6 माह के बाद भी कार्य शुरू नहीं होने के चलते प्रधान डॉक्टर कौशल्या मीणा ने भी बार-बार अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उसके बावजूद भी काम शुरू नहीं हुआ है। रामगढ़ पचवारा विकास अधिकारी बच्चू सिंह मीणा ने बताया कि पंचायत समिति के नवीन भवन का जुलाई 23 में तत्कालीन मंत्री परसादी लाल मीणा ने शिलान्यास किया था। उस समय बारिश आ गई। ऐसे में वहां गहरा गड्ढा होने की वजह से पानी भर गया था। बारिश का समय निकालने के बाद आम चुनावों को लेकर आचार संहिता लग गई। ऐसे में इसके कार्य में देरी हुई है। फिलहाल इसकी ड्राइंग में त्रुटि होने के कारण नई ड्राइंग बनाई जा रही है। कनिष्ठ अभियंता नई ड्राइंग बनाकर संबंधित अधिकारियों के पास गए हैं।

# अयोध्या से आये पूजित अक्षत का ग्रामीणों ने किया स्वागत



अयोध्या से आये पूजित अक्षत का स्वागत करते मंहत मानदास महाराज व ग्रामीण।

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम खेडकी वीरभान में शनिवार को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के आमंत्रण हेतु अयोध्या से आये अक्षत, चित्र आदि सामग्री का जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। सामग्री का श्री तुलसीदास मंदिर के महंत सत्ताईसा मण्डल अध्यक्ष मानदास महाराज के सानिध्य में वितरण किया गया। मंदिर प्रांगण में सभा आयोजित कर युवाओं द्वारा घर-घर आमंत्रण देने का आग्रह किया गया। समाजसेवी रतनलाल शर्मा ने श्रीराम जन्मभूमि के संघर्ष काल पर प्रकाश डालते हुए आगामी 22 जनवरी को सभी मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित कर घरों में दीपावली मनाने का आह्वान किया। ग्राम गोपालपुरा, चेची का नांगल, जयसिंहपुरा, नौरंगपुरा आदि गांवों में भी अक्षत वितरण किया गया। इस दौरान बाबूलाल चौधरी व सुभाष शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की अलवर में कार्रवाई

**अलवर/जयपुर ।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने अलवर जिले के थाना सदर इलाके में बड़ी कार्रवाई कर साईबर फ्रॉड, पुलिस टीम पर हमला व वाहन में तोड़फोड़ के मामले में चार महीनों से फरार चल रहे पांच-पांच हजार के तीन इनामी साईबर ठगों मुबीन खान, शारूप उर्फ शाहरुख एवं अतरू उर्फ अख्तर निवासी गांव लोहरवाड़ी थाना सदर अलवर को पकडो में सफलता प्राप्त की है।

■ साईबर फ्रॉड, पुलिस टीम पर हमला व वाहन में तोडफोड में 5-5 हजार के तीन ईनामी पकड़े

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध एवं एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स श्री दिनेश एमएन ने बताया कि टीम के एएसआई बनवारी लाल एवं हेड कांस्टेबल सोहन सिंह को इनके बारे में आसूचना प्राप्त हुई कि वर्तमान में अलवर के आसपास फरारी काट रहे यह बदमाश किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इस पर आईजी क्राइम प्रफुल्ल कुमार के पर्यवेक्षण व एडिशनल एसपी विद्या प्रकाश के सुपरविजन एवं एएसआई बनवारी लाल के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल सोहन सिंह व कांस्टेबल संदीप कुमार को अलवर रवाना किया गया। टीम द्वारा तीनों इनामी अपराधियों को डिटेन कर थाना सदर पुलिस को सुपुर्द कर गिरफ्तार करवाया है। तीन महीने पहले भी क्राइम ब्रांच ने की थी कार्रवाई । तीन महीने पहले क्राइम ब्रांच के एएसआई बनवारी लाल शर्मा को सूचना मिली कि अलवर जिले के थाना सदर इलाके में लोहरवाडी गांव निवासी मुबीन नाम का युवक गैंग बनाकर साइबर अपराध तथा सेक्सटॉर्शन के जरिए ब्लैकमेल कर रुपए ऐंठते हैं।

इस पर 26 सितम्बर, 2023 को अलवर डीएसटी को साथ लेकर टीम लोहरवाड़ी गांव पहुंची। रास्ते में तीन युवक आते नजर आए, पीछा कर टीम ने मुबीन को दबोच लिया, साथी शाहरुख और अख्तर भागने में सफल हो गए। भागने वाले युवक के कंधे पर कपड़े का एक बैग था, जो मौके पर पटक कर भाग गया था, जिसमे कुल 6 लाख 93 हजार 500 रुपये थे।आरोपी को लेकर पुलिस टीम जैसे ही रवाना होने लगी तो काफी भीड़ मौके पर पुलिस की गाड़ी के सामने आ गई। भीड़ ने पुलिस पार्टी के साथ हाथापाई कर गाड़ी में तोड़फोड़ की और काबू में किए आरोपी मुबीन को जबरन छुड़ा लिया और मौके से फरार करवा दिया।

### दावे व आपत्तियां आठ तक

**दौसा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एक जनवरी 2024 तक 18 वर्ष के होने वाले व्यक्तियों के संदर्भ में मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य में मतदाता सूचियों का प्रारूप अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने बताया कि इस संबंध में मतदान केन्द्रों पर विशेष अभियान की तिथि 21 जनवरी रविवार निर्धारित की गई थी। उन्होंने बताया कि इस क्रम में मतदान केन्द्रों पर तिथि 21 जनवरी रविवार के अतिरिक्त तिथि 7 जनवरी रविवार को भी विशेष अभियान आयोजित किए जायेगे। जिला निर्वाचन अधिकारी चौधरी ने बताया कि विशेष अभियान में मतदाता सूचियों से संबंधित कार्य संपादित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि 7 जनवरी व 21 जनवरी को आयोजित होने वाले विशेष अभियान के तहत सभी मतदान केन्द्रों पर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने के लिए बी.एल.ओ. मतदान केन्द्र पर उपस्थित रह कर दावे एवं आक्षेप प्राप्त करेंगें।

## वित्तीय स्वीकृति का आश्वासन दिया

**सांभरझील, (निसं)।** जिला एवं सैशन न्यायाधीश अजीत सिंह हिंगर ने शनिवार को एडीजे व एसीजेएम कोर्ट का निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निरीक्षण किया तथा लंबित प्रकरणों के निस्तारण के लिए न्यायिक प्रक्रिया के तहत तुरंत कार्यवाही के लिए उचित दिशा निर्देश भी प्रदान किये।

इस मौके पर एडीजे बृजेश कुमार शर्मा, एडीजे संख्या दो नीरज भामू एसीजेएम ऋचा कौशिक, सिविल न्यायाधीश राहुल शर्मा, ग्राम न्यायाधीश पूजा मीणा की मौजूदगी में बार एसोसिएशन की तरफ से उनका हार्दिक अभिनंदन किया गया। बार के पदाधिकारीयों, पूर्व पदाधिकारीयों, सम्मानित सदस्यों की ओर से उनका माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत किया तथा उन्हें स्मृति स्वरूप प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया। अधिवक्ताओं के चेंबर हेतु वित्तीय स्वीकृति दिलवाने का मुद्दा रखा गया तो उन्होंने इसके लिए राजस्थान उच्च

■ जिला एवं सैशन न्यायाधीश अजीत सिंह ने अधीनस्थ न्यायालयों का निरीक्षण किया

न्यायालय को पत्राचार कर शीघ्र वित्तीय स्वीकृति दिलवाये जाने का बार एसोसिएशन को भरोसा दिलाया। इस मौके पर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, सचिन रतनलाल चौधरी, उपाध्यक्ष दिव्यराज वीर गुर्जर, लालचंद कुमावत, सुरेंद्र परिहार, सुरेश बरड, मोहनलाल वर्मा, भागचंद सांभरिया, श्याम सुंदर पारीक, मुकेश संचोरिया, युगराज माथुर, यासीन मोहम्मद, प्रेमचंद भहडा, अनिल टेलर, कालू सिंह खंगारोत, गोपीचंद कुमावत, जगबीर सिंह सेवदा, हेमराज कुमावत, रूपनारायण कुमावत, जितेंद्र पारीक, आत्माराम भाटी शाहिद अनेक सदस्यों की मौजूदगी रही।

### संकल्प यात्रा में सांसद ने की शिरकत

**रामगढ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय रामगढ पचवारा नगर पालिका परिसर में शुक्रवार को भारत विकसित संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया गया। इस संकल्पित भारत विकसित भारत शिविर में सांसद जसकोर मीणा एवं विधायक रामविलास मीणा द्वारा शिरकत की गई। इस दौरान सांसद मीणा एवं विधायक मीणा द्वारा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी नमन शर्मा को केंद्र व राज्य सरकार की सभी योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक एवं अंतिम छोर तक लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री की यह बड़ी सोच भारत को विकसित करने एवं भारत देश में रहने वाले प्रत्येक नागरिक को विकसित भारत की भावनाओं को बल दे रही है। सांसद मीणा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में जिस तरह भारत विश्व गुरु बना है एवं विभिन्न तकनीकी संसाधनों से सुसज्जित होने के साथ पूरे विश्व में कोरोना के दौरान मॉडल के रूप में उभर कर सामने आया है यह प्रधानमंत्री की अग्रणी एवं विकसित सोच का ही परिणाम था।

# 1008 सामूहिक सुंदरकांड पाठ के साथ मनाया जाएगा आनंदोत्सव

**अलवर।** वैदिक ब्राह्मण संघ के तत्त्वावधान में धर्मप्रेमी स्वयंसेवकों की एक बैठक श्री भर्तृहरि मंदिर पुलिस कंट्रोल रूम के पास अलवर पर आयोजित हुई।

बैठक में सर्व समाज के गणमान्य लोगों ने सर्वसम्मति से श्री अयोध्याजी में पौष शुक्ल द्वादशी विक्रम संवत 2080 सोमवार 22 जनवरी 2024 के शुभदिन प्रभु श्रीराम के बालरूप नूतन विग्रह को श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर के भूतल गर्भगृह में विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की श्रृंखला में अलवर में प्राण प्रतिष्ठा दिवस की पूर्व संध्या पर 21 जनवरी 2024 रविवार को सामूहिक रूप से संकल्प के साथ भगवान को श्रद्धापूर्वक धन्यवाद भाव से 1008 धर्मप्रेमी माताओं बहनों बंधुओ के द्वारा सबके राम-सबमें राम भाव से श्री हनुमान जी महाराज की महिमा सुंदरकांड पाठ का संगीतमय आयोजन होगा।

■ अयोध्या में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में किए जायेगा सुन्दरकांड का पाठ

वैदिक ब्राह्मण संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में अलवर के सभी सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक, सेवाभावी संगठनों एवं टोलियों के साथ श्री राजर्षि अभय समाज के रामलीला मैदान पर दोपहर 2 बजे से सुंदरकांड पाठ आयोजित होगा।

हम सबके आराध्य देव भगवान श्रीराम जी के नूतन विग्रह को श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य एवं दिव्य कार्यक्रम के साथ विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा किए जाने के प्रस्तावित कार्यक्रम से पूरे देश में उत्साह है। यह मंदिर केवल एक भवन नहीं बल्कि देश की संस्कृति की नई आधारशिला स्थापित होने जा रही है। इसी संदर्भ में भगवान श्रीराम के परमदास हनुमान जी महाराज का पावन स्मरण करते हुए उनकी महिमा को श्री सुंदरकांड पाठ के माध्यम से अलवर के सभी समाजों एवं वर्गों के आस्थावान लोगों के साथ कार्यक्रम आयोजित होगा।

महाआरती कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात प्रसाद वितरण होगा और उत्सव मनाते हुए दीप प्रज्ज्वलन कर आतिशबाजी की जाएगी।

संघ के स्वयंसेवक गोपाल शास्त्री ने बताया कि कार्यक्रम के स्वरूप को तय करने के लिए आयोजित हुई बैठक में सर्व समाज से पंडित धर्मवीर शर्मा, विजय कुमार सारस्वत, दीपक पंडित, केशव शास्त्री, रामानन्द गुरू, मोनू पंडित, अजय सैनी, वरुण गुर्जर, पंडित रामावतार शर्मा, महेश पुजारी, देवेंद्र कुमार, ललित सैनी, मनोज गुप्ता, धर्मेन्द्र शर्मा, महेन्द्र शर्मा, योगेश कुमार, राकेश शास्त्री, विष्णु जैमन, विष्णु शुक्ला, उमेश कुमार, भगवत प्रसाद, कमलकांत शर्मा, एडवोकेट अमित कुमार, गिरीश शर्मा, सुनील कुमार, आशीष अरोड़ा, पूर्ण चंद शर्मा, अंशुतोष शर्मा, श्याम सुंदर पाराशर, दीपक कुमार सहित अनेक धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा का भव्य आयोजन


**उनियारा/चौरु।** उनियारा उपखंड के ग्राम पंचायत चौरु कस्बें में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव ग्रामवासी चौरु द्वारा अक्षत कलश शोभायात्रा का भव्य जुलूस रविवार को निकाला जाएगा एवं ग्रामवासीयों ने जानकारी में बताया कि अयोध्या से आए हुए अभिमंत्रित चावलो को गाजे बाजे के साथ ग्राम पंचायत चौरु के मुख्य मार्गों से होते हुए पहुंचाने के लिए भव्य जुलूस निकाला जाएगा।कार्यक्रम का शुभारंभ कंकाली माता परिसर से किया जाएगा जहां अयोध्या से आए पूजित अक्षत और कलश का पूजन अर्चना कर वहीं घोड़ी पर ध्वज लेकर मुख्य मार्ग से होते हुए गांव को चारों ओर । जगह-जगह कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा की जाएगी कार्यक्रम में मुख्य कस्बे के मुख्य चौराहा पर रंगोली सजाई जाएगी। अक्षत कलश यात्रा को पूरे नगर में धूमधाम से निकला गया जाएगा शोभायात्रा हजारों की संख्या में बच्चे युवा और बुजुर्ग सभी हाथों में ध्वज लेकर जय श्री राम के नारे लगाते-लगाते रामभगवान की शोभायात्रा को लेकर चौरु पंचायत व आसपास के क्षेत्र के लोगों मे खासा उत्साह देखनें के लिए लोग उमड़ेंगे।

# संकल्प यात्रा का भव्य स्वागत



कार्यक्रम में कांता गुर्जर, रविना व पुजा बुनकर की गोद भराई की गई।

**पिपलोद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा में आज पिपलोद नारायण व देवीपुरा में यात्रा का भव्य स्वागत किया गया । इस अवसर पर भाजपा नेता उपेन यादव जिला उपाध्यक्ष रानी रत्न कुमारी यात्रा संयोजक ताराचंद चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे । रानी रत्ना कुमारी जी के द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग शाहपुरा द्वारा आयोजित विभागीय अधिकारी चंद्रकांता मीणा सुमन यादव सुनीता सुषमा व रानी रत्ना कुमारी के द्वारा कांता गुर्जर,रविना व पुजा बुनकर की गोद भराई करवाई गई ,बच्चों का अन्नप्राशन भी करवाया गया साथ में अधिकारिता विभाग से आंगनबाड़ी में बालिकाओं को स्कूल बैग वितरण किए गए वह महिलाओं के द्वारा सामाजिक कार्य करने पर अतिथियों के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया मोदी जी के गारंटी रथ में की योजनाओं से सैकड़ो लोगों को गांव में लाभ मिल रहा है।



कोई संदेह नहीं कि कोहली और रोहित शर्मा शानदार बल्लेबाज के साथ तेज तर्रार फील्डर हैं। उनका अनुभव अमेरिका की अबूझ पिचों पर भारत के लिये फायदे का सौदा साबित होगा।
- सुनील गावस्कर

पूर्व भारतीय कप्तान और टीवी कमेंटेटर, विराट कोहली और रोहित शर्मा के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## डेविड वार्नर



ऑस्ट्रेलिया के स्टार सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने सिडनी टेस्ट के समापन पर टेस्ट और वनडे प्रारूप से संन्यास ले लिया। सिडनी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को पाकिस्तान पर शानदार जीत दिलाने के लिए वार्नर ने 57 रनों की पारी खेली और टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। सलामी बल्लेबाज ने अपने विशिष्ट आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और 130 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात चौके लगाए। हालांकि जब ऑस्ट्रेलिया लक्ष्य से 11 रन पीछे था तब वह अपना विकेट गंवा बैठे। इसके साथ ही उन्होने एक शानदार टेस्ट और वनडे करियर का अंत किया।

**क्या आप जानते हैं ?...** सॉफ्टबाल और हार्डबॉल स्क्वैश के खेल की दो पद्धतियां हैं इसमें साफ्टबॉल को ब्रिटिश व इंटरनेशनल पद्धति मना जाता है, जबकि हैंडबॉल को अमरीकी पद्धति।

## भारत के खिलाफ सीरीज के लिए अफगानिस्तान टीम का ऐलान

# जादरान करेंगे कप्तानी, रशिद की वापसी, पहला टी-20 मुकाबला 11 जनवरी को

नई दिल्ली, 6 जनवरी। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को भारत के खिलाफ 3 मैचों की टी-20 सीरीज के लिए 19 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। सीरीज में टीम की कप्तानी इब्राहिम जादरान को सौंपी गई है। वहीं राशिद खान की वापसी हुई है। राशिद ने हाल ही में पीठ की सर्जरी कराई थी। इसी वजह से वो हाल ही में के खिलाफ खेली गई टी-20 सीरीज का हिस्सा नहीं थे। स्पिन गेंदबाज मुजीब उर रहमान की भी टीम में वापसी हुई है, जो के खिलाफ हालिया टी-20 सीरीज का हिस्सा नहीं थे। सीरीज की शुरुआत 11 जनवरी से होगी।

अफगानिस्तान टीमः इब्राहिम जादरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), हजरतुल्लाह जजई, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, करीम जानत, अजमतुल्लाह ओमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद, नवीन उल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कैस अहमद, गुलबदीन नायब और राशिद खान। भारत और अफगानिस्तान के बीच 3 टी-20 मैचों की सीरीज 11 जनवरी



से शुरू होगी। टीम इंडिया मोहाली में पहला टी-20 खेलेगी। दूसरा मैच 14 जनवरी को इंदौर और तीसरा मैच 17 जनवरी को बेंगलुरु में खेला जाएगा।

राशिद ने 23 दिसंबर 2023 को पीठ की सर्जरी कराई थी। राशिद ने सोशल मीडिया पर फोटो शेयर कर इसकी जानकारी दी थी। फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा था, आप सभी की दुआओं के लिए बहुत बहुत शुक्रिया। सर्जरी ठीक रही और अब रिकवरी की राह पर हूं। मैदान पर वापसी के लिए बेताब हूं।

टी-20 वर्ल्ड कप से पहले भारत 3 ही टी-20 मैच खेलेगा। तीनों मुकाबले अफगानिस्तान से होंगे। इसके बाद भारत इंग्लैंड से 5 टेस्ट खेलेगा और फिर शुरू हो जाएगा। के मई के तीसरे सप्ताह तक चलने की संभावना है। टूर्नामेंट के ठीक बाद एक जून से ही वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी-20 वर्ल्ड कप भी शुरू हो जाएगा। जिसका शेड्यूल ने शुक्रवार, 5 जनवरी को ही जारी किया। मानव सुथार बतौर लीड स्पिनर इंडिया-ए में शामिलः पुलकित को भी मौका, अभिमन्यु इश्वरन होंगे कप्तान; इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 4 मैच खेलेंगे।

## ऑस्ट्रेलिया विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के शीर्ष पर

सिडनी, 6 जनवरी। सिडनी टेस्ट में पाकिस्तान पर आठ विकेट की शानदार जीत के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 की अंकतालिका में भारत को पीछे छोड़ कर शीर्ष पर पहुंच गयी है। पैट कमिंस की टीम ने 2023 में दो महत्वपूर्ण आईसीसी खिताब हासिल किए थे जिनमें से एक विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप शामिल है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में नए साल के टेस्ट में, मेजबान टीम ने पाकिस्तान पर आठ विकेट से शानदार जीत हासिल की और श्रृंखला 3-0 से जीती। इसके साथ ही टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप स्टैंडिंग में शीर्ष पर पहुंच गई। पिछली पांच जनवरी को दक्षिण अफ्रीका में भारत के 1-1 से सीरीज ड्रा होने के बाद भारत आईसीसी टेस्ट टीम रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गया था। ऑस्ट्रेलिया अब 56.25 प्रतिशत अंकों के साथ डब्ल्यूटीसी तालिका में नंबर एक पर है जबकि भारत 54.16 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। इस बीच छठे नंबर पर मौजूद पाकिस्तान को प्रतिशत अंकों में नुकसान झेलना पड़ा है। सिडनी टेस्ट में हार के बाद पाक का प्रतिशत 45.83 से लुढ़क कर 36.66 हो गया है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेहमान टीम ने मोहम्मद रिजवान (88), आगा सलमान (53) और आमेर जमाल (82) के महत्वपूर्ण अर्धशतकों की मदद से पहली पारी में 313 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया था जिसके जवाब में, ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 299 रन पर आउट हो गयी थी। दूसरी पारी में 14 रन की मामूली बढ़त के साथ खेलने उतरी पाकिस्तान को मेजबान टीम पर थोड़ी बढ़त हासिल थी।हालाँकि, क्रीज पर पाकिस्तान की दूसरी पारी ने नाटकीय रूप से 115 रन के मामूली स्कोर पर सिमट गयी। सैम अयूब ने सर्वाधिक 33 रन बनाए। मेजबान टीम ने केवल 25.5 ओवर में विजय लक्ष्य हासिल कर लिसा। चौथे दिन वार्नर और मार्नस लाबुशेन ने अर्द्धशतकीय पारियां खेली।

## टी-20 विश्वकप में भारत और पाकिस्तान के मुकाबलों के स्थान और तिथि की घोषणा

दुबई, 6 जनवरी। आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 में भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबला नौ जून को न्यूयॉर्क में खेला जायेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आज यहां यह घोषणा की। दोनों टीमें टी-20 विश्वकप मुकाबलों में पहले सात बार भिड़ चुकी हैं। दो बार 2007 में जिसमें फाइनल, 2012, 2014, 2016, 2021 और 2022 शामिल हैं। केवल 2009 और 2010 के टूर्नामेंटों में दोनों टीमों के बीच मुकाबला नहीं हुआ था। सात मुकाबलों में से भारत छह बार विजयी हुआ है। वहीं पाकिस्तान ने केवल एक बार विश्वकप में मुकाबला जीता है। दोनों टीमों के बीच न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में यह नौ जून को मुकाबला खेला जायेगा।

## चेक गणराज्य की महिला हॉकी टीम रांची पहुंची

रांची, 6 जनवरी। पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई करने के इरादे से चेक गणराज्य की महिला हॉकी टीम शनिवार को जोश और दृढ़ संकल्प के साथ यहां पहुंची। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज चेक रिपब्लिक का नेतृत्व एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 में कतेरीना लासीना करेंगी। टीम के मुख्य कोच गैरेथ ग्रुंडी हैं। चेक गणराज्य पूल ए में है, जहां 13 जनवरी को उसका शुरुआती मुकाबला पूर्व एशियाई खेलों के चैंपियन जापान के खिलाफ होगा। चेक टीम 14 जनवरी को टूर्नामेंट के अपने दूसरे मैच में चिली से भिड़ेगी। उनका अंतिम पूल मैच 16 जनवरी को ओलंपिक रजत पदक विजेता जर्मनी से होगा। मैदान में अन्य टीमों में पूल बी में मेजबान भारत, न्यूजीलैंड, इटली और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं। टूर्नामेंट की शीर्ष तीन टीमें पेरिस ओलंपिक गेम्स 2024 के लिए क्वालीफाई करेंगी। टूर्नामेंट की तैयारियों और रणनीतियों के बारे में बात करते हुए, कप्तान कतेरीना लासीना ने कहा, हमारा प्रशिक्षण कार्यक्रम हमारी शारीरिक क्षमता को बढ़ाने पर केंद्रित था, जो हमारे खेल का एक महत्वपूर्ण पहलू है। इसके अलावा हम फ्रांस, यूक्रेन और नीदरलैंड की अंडर21 टीम के खिलाफ तैयारी में लगे हुए हैं। टीम में कई युवा प्रतिभाएं हैं। हम यहां लड़ने और प्रतिस्पर्धा करने के लिए हैं और हमें विश्वास है कि हम ऐसा कर सकते हैं। उच्च रैंकिंग वाले जर्मनी के खिलाफ टीम के महत्वपूर्ण मुकाबले पर आगे बोलते हुए, लासीना ने कहा, हम जर्मनी के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। हॉकी के खेल में, कुछ भी सामने आ सकता है और हम हर मौके का फायदा उठाने के लिए तैयार हैं।

## बालाजी क्लब ने जीता मालपुरा प्रीमियर लीग का खिताब

मालपुरा, 6 जनवरी। बालाजी क्रिकेट क्लब के तत्वाधान मे सीनियर सैकेण्डरी स्कुल के खेल मैदान पर आयोजित मालपुरा प्रीमियर लीग द्वितीय डे-नाईट क्रि केट प्रतियोगिता के फाईनल मुकाबले मे बालाजी क्रिकेट क्लब ने वाटिका सांगानेर को पराजित कर प्रतियोगिता का खिताब जीता। प्रतियोगिता के समापन समारोह मे डॉ. ज्ञानेन्द्र दत्त रावल, क्लब अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा, दौलत शर्मा व कैलाश वर्मा ने विजेता टीम को प्रतियोगिता की ट्रॉफी व प्रथम पुरस्कार की 2 लाख 51 हजार की राशि का चैक दे बधाई दी। उपविजेता रही टीम को 1 लाख 21 हजार रूपये व छोटी ट्रॉफी से पुरस्कृत कर बधाई दी। प्रतियोगिता के मैन ऑफ द सीरिज रहै खिलाडी महेन्द्र चांदा को कृष्णा म्यूजिक सेन्टर के दौलत शर्मा ने एलईडी का उपहार दिया।

## देश के सबसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट के लिये गोवा तैयार

पणजी, 6 जनवरी। दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी ह्यूगो काल्डेरानो समेत कई दिग्गज खिलाड़ी गोवा में 23 से 28 जनवरी तक खेले जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे।

पेडेम इंडोर स्टेडियम में होने वाले ढाई लाख डालर इनामी राशि वाले मेगा टेबल टेनिस कार्निवल में ब्राज़ील के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता काल्डेरानो एकल मुख्य ड्रॉ में भाग लेने वाले शीर्ष 20 सितारों में से एक होंगे। देश की शीर्ष भारतीय पैडलर और विश्व रैंकिंग में 35वें नंबर की खिलाड़ी मनिका बत्रा, मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन हरमीत देसाई और श्रीजा अकुला सीधे प्रवेश के साथ एकल मुख्य ड्रॉ में अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे।

17 वर्षीय उभरते फ्रांसीसी स्टार फेलिक्स लेब्रून (विश्व रैंकिंग 8), पूर्व विश्व नंबर 1 और दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता दिमित्रिज ओवत्चारोव (विश्व रैंकिंग 12), अफ्रीकी दिग्गज क्वाड्री अरुणा (विश्व रैंकिंग 16), 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता ट्रुल्स स्वीडन के मोरेगार्ड (विश्व रैंकिंग 19) और दक्षिण कोरिया के जांग वूजिन (विश्व रैंकिंग 10) पुरुष एकल मुख्य ड्रॉ में प्रमुख आकर्षणों में से हैं। इनके अलावा डांग किउ (विश्व रैंकिंग 13), डार्का जोर्जिक (विश्व रैंकिंग 14), एंटोन कल्बर्ग (विश्व रैंकिंगे 15), लिम जोंग-हून (विश्व रैंकिंग 17), मार्कोस फ्रीटास (विश्व रैंकिंग 18) और उमर अस्सर (विश्व रैंकिंग 20) अन्य शीर्ष 20 खिलाड़ी हैं जो पुरुष एकल मुख्य ड्रा का हिस्सा होंगे।

महिला एकल के मुख्य ड्रा में दक्षिण कोरिया की शिन युबिन (डब्ल्यूआर 9), ज़ियाओक्सिन यांग (डब्ल्यूआर 14), जू चेओनहुई (डब्ल्यूआर 16) और पिछले संस्करण की उपविजेता चेंग आई-चिंग (डब्ल्यूआर 18) शामिल होंगी। 48 खिलाड़ियों के एकल मुख्य ड्रा में 34 सीधी प्रविष्टियाँ, चार वाइल्डकार्ड, डब्ल्यूटीटी द्वारा दो शीर्ष -20 नामांकन और आठ क्वालीफायर शामिल होंगे। युगल मुख्य ड्रा में 16 जोड़ियां शामिल होंगी जिनमें 10 सीधी प्रविष्टियां, दो वाइल्डकार्ड और चार क्वालीफायर से होंगे। चार भारतीय जोड़ियों ने भी अपनी-अपनी श्रेणियों में सीधे प्रवेश हासिल किया है।

मनिका और साथियान ज्ञानसेकरन मिश्रित युगल में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जबकि अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी ने महिला युगल के मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली है। साथियान-शरथ कमल और मानुष शाह-मानव ठक्कर की जोड़ी पुरुष युगल के मुख्य ड्रॉ में शामिल होगी।

## 'उम्मीद है, युवा खिलाड़ी मेरे नक्शेकदम पर चलेंगे' वार्नर

सिडनी, 6 जनवरी। ऑस्ट्रेलिया के स्टार सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने सिडनी टेस्ट के समापन पर टेस्ट और वनडे प्रारूप से संन्यास ले लिया। सिडनी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को पाकिस्तान पर शानदार जीत दिलाने के लिए वार्नर ने 57 रनों की पारी खेली और टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। सलामी बल्लेबाज ने अपने विशिष्ट आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और 130 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात चौके लगाए। हालांकि जब ऑस्ट्रेलिया लक्ष्य से 11 रन पीछे था तब वह अपना विकेट गंवा बैठे।

इसके साथ ही उन्होने एक शानदार टेस्ट और वनडे करियर का अंत किया। वार्नर ने 44.59 की औसत से 8786 टेस्ट रन बनाए, जिसमें 26 टेस्ट शतक और 37 अद्धर्शतक शामिल हैं। एकदिवसीय प्रारूप में, वार्नर ने 45.3 की औसत से 6932 रन बनाए, जिसमें 22 एकदिवसीय शतक और 33 अद्धर्शतक शामिल हैं।

आस्ट्रेलिया के लिये वह कई सफल टेस्ट और वनडे जीत में भागीदार थे, जिसमें 2015 और 2023 में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप जीत और 2023 में आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप जीत शामिल थी। टेस्ट के अंत में वार्नर ने कहा यह जीत ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के लिए एक आदर्श अवधि की परिणति थी। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप जीत के बाद, एशेज श्रृंखला ड्रा और फिर भारत में विश्व कप और फिर यहां आकर 3-0 से समापन करना एक उत्कृष्ट उपलब्धि है।

## इंग्लैंड के खिलाफ ईश्वरन होंगे भारत-ए टीम के कप्तान

मुंबई, 6 जनवरी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की पुरुष चयन समिति ने इंग्लैंड के खिलाफ दो दिवसीय अभ्यास मैच और चार दिवसीय मैच के लिए 13 सदस्यीय भारत 'ए' टीम की घोषणा कर दी है। इंग्लैंड के दौरे की शुरुआत 12 जनवरी से दो दिवसीय अभ्यास मैच के साथ होगी। यह मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम के ग्राउंड बी में खेला जाएगा जबकि 17 जनवरी से शुरू होने वाला पहला चार दिवसीय मैच भी नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

बंगाल के क्रिकेटर अभिमन्यु ईश्वरन को भारत ए टीम का कप्तान बनाया गया है जबकि साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, सरफराज खान और प्रदोष पॉल जैसे कुछ खिलाड़ी भारतीय टेस्ट टीम में मध्यक्रम में जगह पक्की करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। तेज गेंदबाजी विभाग का नेतृत्व नवदीप सैनी और आकाश दीप करेंगे। आकाश दीप को दक्षिण अफ्रीका वनडे के उत्तरार्ध में भारत की टीम में शामिल किया गया था और वह सीनियर टीमों के दरवाजे खटखटा रहे थे। तीसरे सीमर के लिए कर्नाटक के विदवथ कावेरप्पा और मुंबई के अनुभवी तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे के बीच मुकाबला होगा। राजस्थान के युवा बाएं हाथ के मानव सुथार राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को प्रभावित करना चाहेंगे क्योंकि वह पिछले घरेलू सत्र में बहुत अच्छे प्रदर्शन के साथ एक उभरते हुए खिलाड़ी रहे हैं। भारत ए और इंग्लैंड लायंस श्रृंखला 25 जनवरी से भारत के खिलाफ शुरू होने वाली इंग्लैंड की पांच मैचों की श्रृंखला के पूर्वाभ्यास के तौर पर खेली जाएगी।

**टीम :** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, सरफराज खान, प्रदोष रंजन पॉल, केएस भरत (विकेटकीपर), मानव सुथार, पुलकित नारंग, नवदीप सैनी, तुषार देशपांडे, विदवथ कावरप्पा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आकाश दीप।

## मानव सुथार बतौर लीड स्पिनर इंडिया-ए में शामिल

### पुलकित को भी मौका, अभिमन्यु इश्वरन होंगे कप्तान, इंग्लैंड लायंस के खिलाफ चार मैच खेलेंगे

नई दिल्ली, 6 जनवरी। इंडिया- टीम ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ होने वाली 4 मैच की सीरीज के लिए स्क्वाड जारी कर दिया है। राजस्थान के मानव सुथार और दिल्ली के पुलकित नारंग को बतौर लीड स्पिनर टीम में शामिल किया गया है। अभिमन्यु ईश्वरन इस महीने के अंत में अहमदाबाद में इंग्लैंड लायंस के पहले दो मुकाबलों में इंडिया-ए का नेतृत्व करेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला वॉर्म अप 12-13 जनवरी को दो दिवसीय प्रैक्टिस गेम के साथ शुरू होगा। इसके बाद इंग्लैंड लायंस (इंग्लैंड ए) इंडिया-ए के खिलाफ तीन टेस्ट की सीरीज भी खेलेंगी। सीरीज के सभी मुकाबले अहमदाबाद में ही होंगे।

अभिमन्यु हाल ही में साउथ अफ्रीका में दो टेस्ट दौरे के दौरान रिजर्व ओपनर थे, और घरेलू टेस्ट के दौरान इसी तरह की भूमिका निभाने के प्रबल दावेदार हैं। टीम में अभिमन्यु के ओपनिंग पार्टनर के रूप में बी साई सुदर्शन उतर सकते है। सुदर्शन ने हाल ही में साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में लगातार दो अर्धशतक लगाए थे। भारत-ए के लिए रजत पाटीदार, सरफराज खान, रंजन पॉल रहेंगे। पाटीदार हाल ही में साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में डेब्यू किया था।वहीं, पॉल के नाम 2022-23 रणजी सीजन में तमिलनाडु के सबसे ज्यादा रन है। साउथ अफ्रीका दौरे पर रिजर्व विकेटकीपर केएस भरत भी टीम का हिस्सा होंगे।

## घरेलू वीमेंस वनडे में श्वेता का दोहरा शतक

### दिल्ली ने 50 ओवर में 455 रन बनाए, नगालैंड 55 रन पर ऑलआउट

नई दिल्ली, 6 जनवरी। घरेलू सीनियर विमेंस वनडे ट्रॉफी में श्वेता सहरवात ने 242 रन की पारी खेली। उन्होंने 150 बॉल की पारी में 31 चौके और 7 सिक्स लगाए। इस पारी के दम पर दिल्ली ने 50 ओवर में 455 रन बना दिए। टीम ने नगालैंड को 55 रन पर ऑलआउट कर 400 रन से मैच भी जीत लिया। श्वेता पिछले साल इंडिया विमेंस अंडर-19 टीम की उप कप्तान थीं। वे अंडर-19 वर्ल्ड कप में टॉप रन स्कोरर भी रही थीं। झारखंड के मेकोन सैल स्टेडियम में दिल्ली विमेंस टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। टीम ने 21 रन पर प्रिया पूनिया का विकेट गंवा दिया। यहां से श्वेता ने प्रतिका रावल के साथ 233 रन की पार्टनरशिप की। प्रतिका 101 रन बनाकर आउट हुईं।

प्रतिका के बाद श्वेता ने तनिषा सिंह के साथ 178 रन की पार्टनरशिप की। तनिषा ने 38 बॉल पर 67 रन बनाए। 50वें ओवर में श्वेता भी 150 बॉल पर 242 रन बनाकर



आउट हो गईं। उन्होंने अपनी पारी में 31 चौके और 7 सिक्स लगाए। टीम ने 50 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 455 रन का स्कोर खड़ा कर दिया।

नगालैंड से 9 प्लेयर्स ने बॉलिंग की और महज 3 ने अपने 10 ओवर का स्पेल पूरा किया। 5 बॉलर्स ने 10 रन प्रति ओवर से ज्यादा के हिसाब से रन लुटाए। जबकि विसुम्वी बासुमतरी सबसे सफल रहीं, उन्हें 10 ओवर में 3 विकेट मिले। हालांकि उनके खिलाफ 91 रन भी बने।

456 रन के विशाल टारगेट का पीछा करने उतरी नगालैंड विमेंस की टीम 25 ओवर भी बैटिंग नहीं कर सकी। टीम 24.4 ओवर में 55 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। उसकी तरफ से रोहिनी माने ही 10 रन बना सकीं, बाकी 10 बैटर्स 8 रन का स्कोर भी नहीं छू सकीं। दिल्ली से पारुणिका सिसोदिया, हरेंद्र मधु और प्रिया मिश्रा ने 3-3 विकेट लिए। सोनी यादव को भी एक सफलता मिली।

सीनियर विमेंस वनडे टूर्नामेंट महिला क्रिकेटर्स का घरेलू लिस्ट-ए टूर्नामेंट है। इसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 41 टीमें हिस्सा लेती हैं। टूर्नामेंट इसी साल 4 जनवरी से शुरू हुआ और 26 जनवरी तक चलेगा। नॉकआउट मुकाबले 20 जनवरी से शुरू होंगे, 24 को सेमीफाइनल और 26

## विराट और रोहित टी-20 विश्वकप के लिये होंगे फायदेमंद : गावस्कर

मुंबई, 6 जनवरी। पूर्व भारतीय कप्तान और टीवी कमेंटेटर सुनील गावस्कर का कहना है कि वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले टी20 विश्व कप में रन मशीन विराट कोहली और रोहित शर्मा का अनुभव और रन बटोरने की क्षमता भारत के लिये बेहद फायदेमंद हो सकती है। स्टार स्पोर्ट्स पर विशेष बातचीत में गावस्कर ने कहा कोई संदेह नहीं कि कोहली और रोहित शर्मा शानदार बल्लेबाज के साथ तेज तर्रार फील्डर हैं।

## 64 के हुए कपिल पा..जी, बीसीसीआई ने दी शुभकामनाएं

मुंबई, 6 जनवरी। 1983 विश्वकप विजेता टीम के कप्तान कपिल देव ने शनिवार को अपने जीवन का 65वें वर्ष में प्रवेश कर गये। क्रिकेट की दुनिया के महान दिग्गज खिलाड़ी को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने जन्मदिन की शुभकामनायें प्रेषित की हैं। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, टीम इंडिया के महानतम ऑलराउंडर को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। इसके साथ ही बीसीसीआई ने कपिल देव और उनके प्रभावशाली अंतरराष्ट्रीय आंकड़ों की एक तस्वीर भी साझा की है।

# रणजी मैच में बिहार की 2 टीमें मैदान पर आई

## एक अध्यक्ष, दूसरी सेक्रेटरी ने चुनी, पुलिस ने एक टीम रोकी तो पर हुआ हमला

शिवांजलि, 6 जनवरी। पटना के मोइन-उल हक स्टेडियम में बिहार और मुंबई के बीच रणजी ट्रॉफी का ग्रुप मैच खेला जा रहा है। बिहार में 23 साल बाद कोई रणजी ट्रॉफी मैच हुआ। 23 साल बाद बिहार में शुरू हुए रणजी ट्रॉफी एलिट ग्रुप मैच से पहले ही विवाद खड़ा हो गया। शुक्रवार को पटना के मोइन-उल हक स्टेडियम में बिहार की 2 अलग-अलग टीमें मैदान पर आ गईं। एक टीम बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष और दूसरी सचिव ने चुनी थी। पुलिस ने सचिव की टीम को स्टेडियम के बाहर से लौटाया तो अज्ञात लोगों ने स्पेशल ड्यूटी ऑफिसर मनोज कुमार पर जानलेवा हमला कर दिया। उन पर पत्थरबाजी की भी गई।

मुकाबला पटना के मोइन-उल हक स्टेडियम में शुक्रवार सुबह 9:30 बजे शुरू होना था। 2 टीमें आने से हंगामा मच गया। लोकल पुलिस ने मामला समझा और दोनों टीमों को ग्राउंड के अंदर घुसने से रोक दिया। पुलिस ने फिर सचिव की टीम को उन्हीं की बस में बैठाकर स्टेडियम के बाहर से वापस भेज दिया। आखिर में अध्यक्ष की टीम मैदान में उतरी और मैच डेढ़ घंटे की देरी से 11 बजे शुरू हो सका।

पुलिस ने सचिव की टीम को स्टेडियम के बाहर से लौटा दिया। इसके कुछ देर के बाद अज्ञात लोगों ने के मनोज कुमार पर जानलेवा हमला कर दिया। उनके साथ मारपीट भी की गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। अध्यक्ष ने कहा कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बिहार का सामना 41 बार की रणजी चैंपियन मुंबई से हो रहा है। बिहार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। पहले दिन का खेल खत्म होने तक मुंबई ने 9 विकेट पर 235 रन बना लिए। मैच सोमवार 8 जनवरी तक चलेगा।

बिहार की 2 रणजी टीमों को लेकर दैनिक भास्कर ने के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी से बात करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। हालांकि अध्यक्ष की ओर से बीसीए के प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा ने कहा, अमित कुमार के सचिव थे, उन्हें एसोसिएशन के ओम्बड्समैन कोर्ट ने सस्पेंड कर दिया है। अब उनका से कोई लेना देना नहीं है।

सचिव जबरदस्ती बिहार की अलग टीम बना रहे हैं। उनकी बनाई टीम को रणजी ट्रॉफी मैच खेलने का अधिकार नहीं है। भी राकेश कुमार तिवारी को ही का अध्यक्ष मानती है। इसलिए उनके नेतृत्व में बनी टीम ही मुकाबला खेल रही है।

सचिव अमित कुमार ने कहा, टीम की लिस्टिंग सचिव की ओर से ही ऑथेंटिक होती है। हम लोग शुरू से इसकी लड़ाई लड़ रहे हैं। इसमें कहीं न कहीं भी दोषी है। में बहुत भ्रष्टाचार है। बिहार के क्रिकेट खिलाड़ियों ने मुझसे पूछा था कि सचिव बनने के बाद उनके लिए क्या किया? तब मैंने कहा था कि समय के साथ मैं अपनी पावर का इस्तेमाल जरूर करूंगा और मैंने अब वही किया। मैच रेफरी के पास मेरी बनाई टीम के मैनेजर और कैप्टन गए थे। रेफरी ने हमारी टीम की लिस्ट को रिसीव भी किया। इसीलिए मेरी टीम स्टेडियम पहुंची और कायदे से उसे ही खेलने का हक मिलना चाहिए।

अमित ने मैच शुरू होने के बाद कहा, पहली चीज तो ये कि मैं इलेक्शन जीत कर का सचिव बना था। आप सेक्रेटरी को ऐसे ही सस्पेंड नहीं कर सकते। और दूसरी बात ये कि अध्यक्ष टीम कैसे चुन सकता है। क्या आपने कभी अध्यक्ष रोजर बिन्नी को स्क्वॉड अनाउंस करते देखा है। वहां भी सचिव जय शाह के सिग्नेचर से ही टीम अनाउंस की जाती है।

मुंबई के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच शुरू होने के एक दिन पहले ही दोनों टीमों की लिस्ट सामने आ गई थी। मैच शुक्रवार को शुरू हुआ, जबकि दोनों टीमों की जानकारी गुरुवार को सामने आई। विवाद यहीं से शुरू हुआ और अब मैच से पहले दोनों टीमें मैदान पर भी आ गई। इस मामले को लेकर ने फिलहाल कोई कदम नहीं उठाया है।

अध्यक्ष पक्ष : आशुतोष अमन (कप्तान), साकिबुल गनी (उपकप्तान), विपिन सौरभ (विकेटकीपर), बाबुल कुमार, सचिन कुमार सिंह, वैभव सूर्यवंशी, हिमांशु सिंह, रवि शंकर, रिषभ राज, नवाज खान, विपुल कृष्णा, आकाश राज, बलजीत सिंह बिहारी, सरमन निगरोध, वीर प्रताप सिंह।

सचिव पक्ष : इंद्रजीत कुमार (कप्तान), अपूर्व आनंद (उपकप्तान), विकाश रंजन (विकेटकीपर), शशीम राठौड़, समर कुदारी, कुमार मृदुल, कुमार रजनीश, शशि आनंद, लाखन राजा, यशस्वी ऋषभ, प्रतीक कुमार, विक्रांत सिंह, हिमांशु हरि, शशि शेखर, वेदांत यादव, अभिनव कुमार, कमलेश कुमार सिंह, विश्वजीत गोपाला, प्रशांत श्रीवास्तव, दीपक राजा।

शुक्रवार को मैच खेलने के लिए पूर्व सचिव गुट की टीम पहुंची, जिसे ग्राउंड में प्रवेश नहीं करने दिया गया। पुलिस ने उन्हें बस में बैठाकर स्टेडियम से बाहर कर दिया। वहीं, कुछ देर के बाद अज्ञात लोगों ने पत्थर से बीसीए के ओएसडी मनोज कुमार पर जानलेवा हमला कर दिया।

# ‘परम्परागत पुलिसिंग के साथ नवाचार किया जाए, आम लोगों की सुविधा का ध्यान रखा जाए’

## प्रधानमंत्री ने देश की आंतरिक सुरक्षा के मुद्दे पर पुलिस अधिकारियों से संवाद किया

- **प्र.मंत्री ने आज जयपुर के झालाना स्थित राजस्थान इंटरनैशनल सेंटर में चल रही तीन दिवसीय 58वीं डी.जी.-आई.जी. कॉन्फ्रेंस में शिरकत की।**
- **कॉन्फ्रेंस में खालिस्तान आतंकवाद, साइबर सुरक्षा, कानून में बदलाव की जरूरत और ह्यूमन ट्रैफिकिंग पर चर्चा की गई।**
- **कॉन्फ्रेंस में प्र.मंत्री मोदी के अलावा केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद थे।**

जयपुर, 6 जनवरी। राजधानी जयपुर के झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में चल रही तीन दिवसीय, 58वीं डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि, परंपरागत “पुलिसिंग” के साथ नवाचार किया जाए। साथ ही इन नवाचारों में आम लोगों को कैसे सुविधा मिले इसका ध्यान भी रखा जाए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ संवाद भी किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि, हमारी सरकार ने पुलिस से जुड़े ब्रिटिश राज से चले आ रहे कई कानून खत्म किए। इसका मक़सद पुलिस में व्यावहारिकता लाना है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि फ्रेंडली पुलिसिंग के लिए सभी लोग सर्वोच्च प्रयास करें।

कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाग लिया। राजस्थान इन्टरनैशनल सैंटर पहुंचने पर उनका केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहाकार अजीत डोभाल सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने स्वागत किया। मोदी ने यहां हर राज्य के डीजीपी से भी मुलाकात की।

दोपहर एक बजे प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह ने सभी डीजी-आईजी के साथ लंच किया। एक घंटे के लंच के दौरान मोदी ने सभी से वन टू वन संवाद किया। इस मीटिंग के दौरान मोदी और अमित शाह सभी अधिकारियों की टेबल तक गये। कॉन्फ्रेंस में खालिस्तान आतंकवाद, साइबर सुरक्षा, कानून में बदलाव की जरूरत और ह्यूमन ट्रैफिकिंग पर चर्चा की गई। इसके बाद प्रधानमंत्री ने कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। खालिस्तान आतंकवाद को खत्म करने के लिए सभी राज्यों के डीजी से सुझाव मांगे गए। एनएसए अजीत डोभाल ने इस विषय को लेकर करीब 20 मिनट तक अपना इनपुट सभी के साथ साझा किया।

साइबर सुरक्षा पर भी चर्चा हुई। इस दौरान देश के कई बड़े साइबर एक्सपर्ट और साइबर टीमें इसका हिस्सा बनीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साइबर सुरक्षा पर किए जा रहे कामों को लेकर जानकारी दी गई। कानूनों को बदलने, सजा और जुर्माना बढ़ाने पर भी चर्चा की गई। इस विषय को करीब 4 घंटे का समय दिया गया। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई राज्यों के डीजी ने अपनी बात रखी।

इसके बाद ह्यूमन ट्रैफिकिंग पर चर्चा की गई। ह्यूमन ट्रैफिकिंग के बारे में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद ने प्रेजेंटेशन दिया। इसके बाद इसके मूल कारणों और इसे कैसे रोका जा सकता है, इस पर चर्चा की गई। सम्मेलन में इस बात पर भी विचार -विमर्श किया जा रहा है कि, कॉन्फ्रेंस में लिये गये निर्णयों पर हो रही प्रगति की निगरानी कैसी की जाए। प्रगति संबंधी यह रिपोर्ट प्रतिवर्ष प्रधानमंत्री को सौंपी जाती है।

# कांग्रेस ने शुरू की सीट शेयरिंग वार्ता

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 जनवरी। कांग्रेस नेतृत्व ने इस चर्चा को पूरी तरह खारिज कर दिया है कि इण्डिया गठबंधन की कुछ पार्टियाँ अलायंस छोड़ देंगी, इसलिए पार्टी को अकेले चुनाव लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए।

इण्डिया ब्लॉक के विघटन के विचार को नज़र अंदाज़ करते हुए।

- **कांग्रेस नेतृत्व ने इस बात को खारिज कर दिया है कि, इंडिया ब्लॉक की कुछ पार्टियां गठबंधन छोड़ रही हैं।**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने अनुभवी नेताओं को जिम्मेवारी दी है कि वो अन्य सहयोगी दलों के नेताओं के साथ बातचीत करके सीट शेयरिंग को लेकर काम शुरु करें।

राजनीतिक पर्यवेक्षक कहते हैं कि यदि विपक्ष के गठबंधन की कोई एक पार्टी या नेता अपने करिश्मे के बल पर चुनाव जीतने का दावा करता है तो वह स्वयं को ही गुमराह कर रहा है, चाहे वह ममता बनर्जी हों, अरविन्द केजरीवाल हों या नीतीश कुमार हों।

उन्होंने ध्यान दिलाया कि खड़गे के नेतृत्व में काम कर रहे लोग अन्य सहयोगी पार्टियों ने साथ सीट शेयरिंग को लेकर गंभीरता से काम कर रहे हैं और अन्य पार्टियों को भी यह आभास हो गया है कि उन्हें एक साथ मिलकर रहना है क्योंकि नरेन्द्र मोदी को सत्ता से हटाने का यही एक मात्र तरीका है और इसी तरीके के माध्यम से उन लोगों का मुकाबला किया जा सकता है जो यह जताने की कोशिश कर रहे हैं कि इण्डिया गठबंधन के सरकार गठित करने की स्थिति से पूर्व अगले तीन -चार महीनों तक भी मोदी प्रभावी बने रहेंगे।

# ‘10,000 करोड़ रू. से भी ज्यादा बड़ा है बंगाल का राशन वितरण घोटाला’

## ई.डी. ने यह दावा किया और 2000 करोड़ रू. दुबई भेजे जाने के प्रमाण कोर्ट में पेश किए

- **ई.डी. ने कहा कि, इस मामले में मनी लाँडरिंग रैकेट के सरगना शंकर आध्या को गिरफ्तार किया है, जो कि तृणमूल का नेता है।**
- **आध्या का नाम बंगाल के गिरफ्तार खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक द्वारा लिखे पत्र में सामने आया। मंत्री ने यह पत्र अपनी बेटी को दिया था और ई.डी. ने बेटी से पत्र जब्त किया है।**

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 जनवरी। बंगाल में भ्रष्टाचार नई उंचाइयों तक पहुँच रहा है। एनफोर्समैंट डायरेक्टोरेट (ई.डी.) ने दावा किया है कि उसके पास जो दस्तावेज है उनके अनुसार खाद्य आपूर्ति घोटाला 10,000 करोड़ रूपये का है। उनको डर है कि भ्रष्टाचार का स्तर इससे भी ज्यादा हो सकता है।

शहर की एक अदालत में प्रस्तुत किये दस्तावेजों के अनुसार, कम से कम 2,000 करोड़ रूपये, दुबई में कुछ लोगों को ट्रांसफर लिये गये हैं। ई.डी. को ये दस्तावेज एक ऐसे आदमी के कार्यालय से मिले हैं, जिसका नाम, पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक (जो अब गिरफ्तार हैं) के पत्र में लिखा था।

ई.डी. ने हवाला कारोबार के एक सरगना शंकर आध्या को गिरफ्तार किया है जिसने कम से कम 20,000 करोड़ रूपये, विदेशी मुद्रा में ट्रांसफर किये हैं। पूर्व खाद्य मंत्री का करीबी शंकर आध्या जो कि एक लोकल तृणमूल कांग्रेसी है, विदेशी मुद्रा का कारोबार करता है। इसके वकील ने दावा किया है कि शंकर आध्या के सारे लेन-देन वैध हैं। आध्या को पिछली रात्रि गिरफ्तार किया गया था और गिरफ्तारी के दौरान तब माहौल बिगड़ गया जब आध्या समर्थकों ने ई.डी. के अधिकारियों पर हमला कर दिया था।

आध्या का नाम उस पत्र में था, जो मलिक ने अपनी बेटी को जेल में दिया था। ई.डी. ने इस पत्र को मलिक की बेटी से जब्त कर लिया था।

ई.डी. के पास दस्तावेज हैं, जिनके अनुसार, आध्या ने अपने विदेशी मुद्रा कारोबार के तहत, 2,000 करोड़ रूपये दुबई में विभिन्न संस्थानों को ट्रांसफर किये। ई.डी. का दावा है कि अभी और भी बड़े फंड्स ट्रांसफर सामने आ सकते हैं और यह घोटाला 10,000 करोड़ रूपये से ज्यादा का हो सकता है।

आध्या को सिटी बैंकशाल कोर्ट में पेश करते हुये, ई.डी. अधिकारियों ने आध्या की गिरफ्तारी और दो सप्ताह का रिमांड मांगे जाने के पक्ष में कई दस्तावेज और सीलबंद लिफाफे पेश किये।

ई.डी. के द्वारा पेश किये गये दस्तावेज और केस फाइल्स देखने के बाद, बैंकशाल कोर्ट के जज ने कहा कि अगर इतने सारे धन के लेन-देन का पता चला है तो पश्चिम बंगाल को गरीब क्यों कहा जा रहा था, इसकी बजाय इसे अमीर राज्य मानना चाहिए। इसी दौरान, हवाला कांड का मुख्य आरोपी, शेख शाहजहाँन फरार है। शेख शाहजहाँन को, भारत-बांग्लादेश सीमा के पास, संदेशखली में उसके घर से पकड़ने गये ई.डी. अधिकारियों पर हमला किया गया था।

शेख शाहजँहान के मोबाइल कॉल रिकॉर्ड्स देखने के बाद, ई.डी. अधिकारियों ने बताया कि उसने आस-पास से 800 से 1000 लोगों को फोन करके बुलाया था जिन्होंने ई.डी. अधिकारियों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। तीन अधिकारी तो बुरी तरह घायल हो गये और उनको अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। एक अविश्वसनीय घटनाक्रम में पश्चिम बंगाल पुलिस ने ई.डी. के विरूद्ध एक एफ.आई.आर. भी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, ई.डी. बिना किसी वारंट के शेख शाहजँहान के घर में अवैध रूप से घुसने की कोशिश कर रही थी और उनको धमका रही थी।

जहाँ तक शाहजहाँन की बात है तो वो अपने धर से भाग गया है और राज्य में कहीं और छुपा हुआ है और बांग्लादेश भागने की फिराक में है।

आज उसने अपने गोपनीय ठिकाने से जारी एक ऑडियो संदेश में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की राज्य के लोगों के कल्याण हेतु काम करने के लिये ढ़ेर सारी प्रशंसा की है। उसने तृणमूल कार्यकताओं से उनके साथ खड़े रहने की और ई.डी. की साजिशों के खिलाफ लड़ने की अपील की है।

# कांग्रेस का पब्लिसिटी पैनल गठित

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 जनवरी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को लोकसभा चुनावों को लेकर एक 7 सदस्यीय प्रचार-प्रसार समिति का गठन किया है। इस समिति का संयोजक

- **खड़गे ने अजय माकन को पैनल की कमान सौंपी है।**

ए.आई.सी.सी. के कोषाध्यक्ष अजय माकन को नियुक्त किया गया है।

इस कांग्रेस प्रचार-प्रसार समिति के अन्य सदस्यगण हैं- महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल, महासचिव (संचार) जयराम रमेश के साथ ही ए.आई.सी.सी. प्रभारी प्रशासन, मीडिया व प्रचार विभाग के अध्यक्ष एवं सोशल मीडिया डिपार्टमेन्ट एवं विशेष आमंत्रितों को आवश्यकता पड़ने पर शामिल किया जा सकता है।

# बीकानेर में सीज़न की सबसे सर्द रात, न्यूनतम पारा 2.8 डिग्री पर रहा

- **कोहरे की हालत यह थी कि, सुबह 8 बजे तक वाहनों की लाइट जलानी पड़ रही थी।**
- **दिन में 11 बजे धूप निकली तब थोड़ी राहत मिली पर शाम होते होते फिर से ठंडी हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी।**
- **मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों में कहीं-कहीं बारिश होने की भविष्यवाणी की।**

बीकानेर, 6 जनवरी (निसं)। जिले में इन दिनों सर्दी का जोर धीरे-धीरे अपने चरम की ओर पहुंच रहा है। सुबह धूप भी देरी से निकल रही है। पूरी रात गलन भरी रहती है। सुबह कोहरा लोगों की दिनचर्या को प्रभावित कर रहा है। शनिवार को भी पिछले तीन-चार दिनों की तरह घना कोहरा छाया हुआ था। शनिवार को अधिकतम तापमान 16.3 डिग्री था। इसी तरह न्यूनतम तापमान ने तेजी से गोता लगाते हुए लगभग ढाई डिग्री की गिरावट दर्ज की। गत रात सीजन की सबसे सर्द रात रही। न्यूनतम तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात में यह 5.2 डिग्री सेल्सियस था।

स्थिति यह थी कि सुबह 8 बजे तक लोगों को वाहनों की लाइट जलाकर चलना पड़ा। करीब 11 बजे धूप निकली तो लोगों ने राहत महसूस की। धूप भी एकदम चटख थी। हवा का असर कम महसूस हुआ। हालांकि शाम चार-पांच बजे फिर से सर्दी ने ठिठुराना शुरू कर दिया। दोपहर तेज धूप निकलने से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई लेकिन न्यूनतम तापमान जमाव बिन्दु की ओर तेजी से लुढ़क रहा है। इस वजह से सर्दी का प्रकोप बढ़ा। अधिकतम तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इसी तरह न्यूनतम तापमान ने तेजी से गोता लगाते हुए लगभग ढाई डिग्री की गिरावट दर्ज की। गुरूवार की रात भी सीजन की सबसे सर्द रात रही, जिसमें, न्यूनतम तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शनिवार को भी घना कोहरा छाया रहा।

उधर नए पश्चिम विक्षोभ के सक्रिय रहने से आठ एवं नौ जनवरी को बीकानेर संभाग में बारिश तथा मेघ घर्जना की संभावना व्यक्त की जा रही है। मौसम विभाग के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार आगामी दिनों में धुंध के आसार बने रहेंगे। वहीं आठ जनवरी को कहीं-कहीं पर मेघगर्जना एवं बारिश हो सकती है।

# आदित्य-एल-1 हेलो-ऑर्बिट में सफलतापूर्वक स्थापित

## इसरो ने एक बार फिर इतिहास रचा

- **आदित्य-एल-वन 2 सितम्बर 2023 को श्रीहरिकोटा से छोड़ा गया था।**
- **राष्ट्रपति दौपद्री मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस सफलता के लिए इसरो को एक्स पर ट्वीट के जरिए बधाई दी।**

चेन्नई, 06 जनवरी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को अपने पहले सौर खोज मिशन अंतरिक्ष यान आदित्य-एल1 को लैग्रेंज-एल1 बिंदु पर हेलो कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित करके इतिहास रच दिया। इसरो ने कहा, चार महीने की लंबी यात्रा पूरी करने और 15 लाख किमी की यात्रा करने के बाद, आज शाम लगभग 16:00 बजे एल1 बिंदु पर पहुंच गया। इसरो ने कहा है, सौर वेधशाला अंतरिक्ष यान, आदित्य-एल1 का हेलो-ऑर्बिट इन्शर्शन (एचओआई) 6 जनवरी, 2024, भारतीय समयानुसार (आईएसटी) को लगभग 1600 बजे पूरा किया गया। सबसे गर्म ग्रह के बाहरी वातावरण का अध्ययन करने की उपलब्धि हासिल करने वाला भारत दुनिया का पहला देश बन गया।

इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) के वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष यान को हेलो कक्षा में सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज पॉइंट एल1 पर ले जाने के लिए उसमें लगे एमएएम मोटर्स को चालू किया। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि, भारत का पहला सौर मिशन आदित्य एल1 दो सितंबर, 2023 को प्रक्षेपित होने के 127 दिन बाद 6 जनवरी को एल1 बिंदु पर पहुंच गया।

एल1 बिंदु के चारों ओर प्रभामंडल कक्षा में स्थापित आदित्य-एल1 उपग्रह के साथ बिना किसी ग्रहण/ग्रहण के लगातार सूर्य को देख सकेगा। इससे सौर गतिविधियों को लगातार देखने का अधिक लाभ मिलेगा। आदित्य-एल1 विद्युत चुम्बकीय और कण डिटेक्टरों का उपयोग करके प्रकाशमंडल, क्रोमोस्फीयर और सूर्य की सबसे बाहरी परतों (कोरोना) का निरीक्षण करने के लिए सात पेलोड ले जाता है।

एल1 के विशेष सुविधाजनक बिंदु का उपयोग करते हुए, चार पेलोड सीधे सूर्य को देखेंगे और शेष तीन पेलोड एल1 पर कणों और क्षेत्रों का यथास्थान अध्ययन करेंगे। इसरो ने कहा कि, पांच वर्षों के मिशन जीवन के साथ, आदित्य-एल1 पेलोड से कोरोनल हीटिंग की समस्या को समझने के लिए सबसे महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने की उम्मीद है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की अपने पहले सौर खोज मिशन अंतरिक्ष यान आदित्य-एल1 को लैग्रेंज-एल1 बिंदु पर हेलो कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित करने पर सराहना की।

# उद्धव को नहीं मिला राम मंदिर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

का भव्य आयोजन भाजपा की ओर से किए जाने के बीच, ठाकरे चाहते हैं कि इस अवसर पर वे अपनी पार्टी की स्थिति को महाराष्ट्र में दलितों व पिछड़ी जातियों के बीच मजबूत करें और उन्होंने इस तथ्य पर ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की है कि भगवान राम सबके हृदय में निवास करते है तथा उन पर किसी राजनीतिक दल, नेता, समुदाय या जाति का एकछत्र अधिकार नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि “मैं इस मुद्दे में नहीं पड़ना चाहता कि अयोध्या में आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में किस व्यक्ति को आमंत्रित किया गया है और किसे नहीं बुलाया गया है। उद्घाटन समारोह हमारे लिए आस्था व गर्व का विषय है। हम इस बात से खुश हैं कि यह समारोह सम्पन्न होने जा रहा है, परन्तु मैं इस बात को लेकर प्रबलता से कहता हूँ कि यह एक आस्था का विषय है और यह ऐसे ही बने रहना चाहिए। इस समारोह का राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए।” आने वाली 23 जनवरी को शिव सेना के संस्थापक स्व. बाला साहेब ठाकरे का जन्म दिवस है। इस अवसर पर उद्धव नाशिक के काला राम मंदिर में दर्शन करने पहुंच रहे हैं। उसके अगले दिन शिव सेना यू.बी.टी. बाल ठाकरे की स्मृति में एक शिविर भी लगाएगी और उसी दिन शाम को पार्टी की एक विशाल रैली भी आयोजित की जाएगी।

# वकीलों की हड़ताल के कारण राहुल गांधी के केस की सुनवाई टली

सुलतानपुर, 06 जनवरी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को शनिवार को एम पी /एम ए एल कोर्ट में तलब होना था, लेकिन वे तलब नहीं हुए। इधर आज अधिवक्ताओं की हड़ताल के कारण कोर्ट में सुनवाई भी नहीं हो सकी। अब इस मामले में 18 जनवरी को कोर्ट में राहुल गांधी को तलब होना है।

ज्ञात है कि, कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के हनुमानगंज निवासी व जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन भाजपा नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ 4 अगस्त 2018 को मानहानि वाद दायर किया था। आरोप था कि, एक वीडियो फुटेज में भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ उन्होंने अभद्र टिप्पणी की थी।

वादी के अधिवक्ता संतोष पाण्डेय ने बताया कि, आज राहुल गांधी के मामले में उनकी तलबी थी लेकिन वह न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। राहुल गांधी को यहां से सम्मन भी जारी हुआ था और सम्मन निर्गत हो चुका है। आज यहां बार एसोसिएशन में विधिक कार्यशाला का आयोजन हुआ है, जिसके कारण सारे अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे।

# मेवाराम जैन को...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

टिकट दे दिया। नतीजा वो चुनाव तो हारे ही साथ ही उनके खिलाफ इस दौरान एक महिला ने पोक्सो, एससी-एसटी सहित यौनाचार का मुकदमा दर्ज करा दिया। इस मामले में जहां मेवाराम जैन के खिलाफ चुनाव जीतने वाली निर्दलीय विधायक प्रियंका चौधरी का कहना है कि जो जैसे कर्म करेगा, उसे वैसे ही भुगतना पड़ेगा। वही राजस्थान के मंत्री झाबर सिंह खर्रा का कहना है कि ऐसे मामले कई बार सामने आते रहे हैं और इन मामलों में कानून सख्त कार्रवाई करेगा।

# कांग्रेस ने बनाए 5 स्क्रीनिंग पैनल

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **लोकसभा चुनावों में प्रत्याशियों के चयन के लिए पैनल्स का गठन किया गया है। रजनी पाटिल को राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली, दमन दीव आदि से संबंधित पैनल का प्रमुख बनाया गया है।**

नई दिल्ली, 6 जनवरी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर पांच स्क्रीनिंग कमेटियों का गठन किया है जो पार्टी की तरफ से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों का चयन कर एक सूची तैयार करेगी।

मधुसुदन मिस्त्री को महाराष्ट्र क्लस्टर के लिए गठित उम्मीदवार चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है इस क्लस्टर में गोवा, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अंडमान निकोबार शामिल होंगे। इस समिति में सूरज हेगड़े व शफी परिम्बत को सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।

हरीश चौधरी को तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडू, केरल, पुडुचेरी एवं लक्षद्वीप के लिए गठित उम्मीदवार चयन समिति का अध्यक्ष बनाया गया है इनके सहयोग के लिए समिति में दो सदस्य जिग्नेश मेवानी और विश्वजीत कदम को नियुक्त किया गया है।

रजनी पाटिल को राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली, दमनदीव व दादरा और नगर हवेली क्षेत्रों के लिए गठित स्क्रीनिंग कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पाटिल के साथ सहयोग के लिए दो सहयोगी कृष्णा अल्लावुरू एवं परगट सिंह को नियुक्त किया गया है।

पंजाब के नेता राणा के.पी. सिंह को बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, आसाम, अरूणाचल प्रदेश, मिज़ोरम, मणिपुर, मेघायल, नागालैण्ड, त्रिपुरा एवं सिक्किम क्लस्टर के लिए गठित उम्मीदवार चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस समिति के अन्य दो सदस्य डीसूजा व जयवर्धन सिंह होंगे।

भक्त चरण दास को उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, जे एण्ड के तथा लद्दाख क्लस्टर के लिए गठित अंतिम पांचवी स्क्रीनिंग समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस समिति के अन्य सदस्य नीरज डांगी एंव यशोमती ठाकुर को नियुक्त किया है।

# खड़गे को मिला...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

साथ मीटिंग्स करेंगे और इन मीटिंग्स के बाद ही एक आम धारणा बनेगी। उसके बाद गठबंधन की सभी सहयोगी पार्टियां एक सासथ बैठकर निर्णय लेंगी। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि इण्डिया गठबंधन के नेता सात-आठ सार्वजनिक रैलियां करेंगे और एक रैली हो जाने के बाद अगली रैली के स्थल की घोषणा की जाएगी।

आगामी 14 जनवरी से शुरु हो रही राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संबंध में खड़गे ने कहा कि जयराम रमेश इस यात्रा के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक ब्यौरा को तय करने के लिए राज्यों के नेताओं के साथ पहले ही मीटिंग्स करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा महा जागृति पैदा करने और खासकर मणिपुर को लेकर है। उन्होंने तंज कसा कि प्रधानमंत्री मोदी प्रतिदिन स्वयं को भगवान के रूप में दर्शा रहे हैं, लेकिन मूल प्रश्न यह है कि यह भगवान अब तक मणिपुर क्यों नहीं गया जहां लोग मर रहे हैं और महिलाओं से बलात्कार किए जा रहे है। प्रधानमंत्री को यह भी पता चलतना चाहिए कि मणिपुर भी इण्डिया या भारत का हिस्सा है।

उन्होंने प्रैस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मोदी सरकार आमजन से संबंधित मुद्दों को उठाने की अनुमति नहीं देती, इसलिए कांग्रेस की दूसरी भारत जोडो न्याय यात्रा करनी पड़ रही है। उन्होंने लोकभा चुनावों से पूर्व इस यात्रा की एक महासम्पर्क यात्रा के रूप में प्रशंसा करते हुए 14 जनवरी से शुरु हो रहे इस अभियान का एक लोगो, स्लोगन और टीज़र वीडियो भी जारी किया।

# क्या जगन मोहन से मोहभंग हो गया है उनकी अपनी पार्टी के लोगों का?

## जगन मोहन की पार्टी छोड़ने वालों की संख्या निरंतर बढ़ रही है

- **तेलंगाना की तरह आंध्र में भी कांग्रेस में “घर वापसी” दिख रही है।**
- **जगन मोहन की बहन शर्मीला के जोर-शोर से कांग्रेस में लौटने के बाद उनका अनुसरण करने वाले नेताओं की तादाद बढ़ती ही जा रही है।**
- **जाने-माने क्रिकेटर अम्बाती रायडू, जो कुछ दिन पहले ही वाय.एस.आर.सी.पी. में आए थे, ने पार्टी छोड़ दी और राजनैतिक विकल्प खुले रखे हैं।**
- **हालांकि कुछ विशेषज्ञ कहते हैं कि, कांग्रेस मजबूत हुई तो जगन मोहन को फायदा होगा, क्योंकि विरोधी वोट बंट जाएंगे।**
- **पर कुछ विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि, कांग्रेस का “रिवाइवल” आंध्र प्रदेश में “तेलंगाना” को दोहरा सकता है।**

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 जनवरी। आंध्र प्रदेश की सत्तारूढ़ वाय.एस.आर.सी.पी. में ऐसे दिलचस्प घटनाक्रम हो रहे हैं जो मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के लिए अच्छे नहीं हैं। ना केवल उनकी बहन, वाय.एस. शर्मीला उनका राजनीतिक विरोध करते हुए कांग्रेस में शामिल हो गई हैं, बल्कि वाय.एस.आर.सी.पी. के एक हाई प्रोफाइल सदस्य एवं भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज अम्बाती रायडू ने पार्टी में शामिल होने के कुछ दिन बाद ही उसकी सदस्यता छोड़ दी।

विस्फोटक बल्लेबाज रहे रायडू ने मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की उपस्थिति में पिछले वर्ष के दिसम्बर माह के अंतिम सप्ताह में बड़ी धूमधाम से सत्तारूढ़ वाय.एस.आर.सी.पी. की सदस्यता ग्रहण की थी, लेकिन शनिवार को उन्होंने पार्टी छोड़ने के अपने निर्णय की घोषणा कर दी और साथ ही यह भी कहा कि, फिलहाल वे राजनीति से दूर रहना चाहते हैं। अब राज्य के राजनैतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि, यह घटनाक्रम वाय.एस.आर.सी.पी. की स्थिति के बारे में एक स्पष्ट संकेत है, जो कि, विभिन्न मुद्दों पर जनता के आक्रोश का सामना कर रही है, जिसे सत्ता-विरोधी लहर भी कहा जा सकता है। पूर्व क्रिकेटर रायडू कुछ ही दिनों में भांप गए कि, राज्य में जगन मोहन रेडडी की स्थिति ठीक नहीं है, क्योंकि पार्टी के कई नेताओं के कांग्रेस में शामिल होने के आसार हैं। उल्लेखनीय है कि, लोकसभा चुनावों के साथ ही आंध्र प्रदेश विधानसभा के चुनाव भी होंगे।

विजयवाड़ा के एक राजनैतिक पर्यवेक्षक ने कहा कि “शायद रायडू को यह आभास हो गया था कि, वे ऐसे समय में पार्टी में शामिल हो रहे हैं, जबकि पार्टी के कई नेता उससे नाता तोड़ रहे हैं और उन्हें भी इसके बारे में पुनर्विचार करना चाहिए। इतना ही नहीं, शर्मीला के कांग्रेस में शामिल होने के बाद वाय.एस.आर.सी.पी. के कई नेताओं का आत्मविश्वास डगमगा रहा है, क्योंकि कांग्रेस अपने पुराने नेताओं का पार्टी में स्वागत कर रही है।

यह सच है कि, वाय.एस.सी.पी. के कई नेता, खासतौर पर वो जिन्हें पार्टी का टिकट नहीं मिलने की आशंका हैं, कांग्रेस की ओर रूख कर रहे हैं। अब इसका मतलब यह है कि, एक अलग पार्टी, कांग्रेस के बैनर के नीचे चुनाव लड़ रहे ये नेता ना केवल सत्तारूढ़ वाय.एस.आर.पी. के लिए खतरा हो सकते हैं, बल्कि अधिक संभावना यह भी है कि, सत्ता विरोधी वोटों को विभाजित करके कांग्रेस जगन मोहन रेड्डी के लिए वरदान साबित हो सकती हैं। हालांकि, कांग्रेस शायद तेलुगू देसम पार्टी (टी.डी.पी.) का एहसान चुकाने की कोशिश कर रही है, जिसने तेलंगाना में उसकी मदद की थी, लेकिन इस बात की काफी संभावनाएं हैं कि, आंध्र में कांग्रेस जितनी मजबूत होगी वह तेलुगू देसम पार्टी को उतना ही नुकसान पहुंचा सकती है। वैसे, आंध्र में टी.डी.पी. का, फिल्म स्टार से राजनेता बने पवन कल्याण की पार्टी, जन सेना से जो गठजोड़ है वो वर्तमान में काफी मजबूत है। लेकिन यह गठबंधन भाजपा के साथ कोई समझौता करने की कोशिश कर रहा है और यदि ऐसा होता है तो देखना होगा कि, अल्पसंख्यक वोट किस दिशा में जाते हैं।

कहा जाता है कि, अल्पसंख्यक वोट, जो कुल वोटों का 10 प्रतिशत हैं, पहले से ही जगन मोहन रेड्डी से नाराज़ हैं। यहां यदि कांग्रेस का मजबूत पुनरुत्थान होता है तो वह अल्पसंख्यक वोटों को निश्चित रूप से अपनी ओर आकर्षित करेगी और उन सत्ता विरोधी वोटों पर भी हाथ साफ करेगी जिन्हें टी.डी.पी. अपना मानकर चल रही है। चूंकि टी.डी.पी. अब भी भाजपा के साथ गठबंधन की इच्छा रखती है, इसलिए अल्पसंख्यकों के लिए कांग्रेस एक सुरक्षित पार्टी हो सकती है।

इस बीच, राजनीतिक हलकों में अटकलें हैं कि, वाय.एस.आर.सी.पी. के नेताओं ने कांग्रेस में संभावित घर वापसी को लेकर बातचीत शुरु कर दी है। इन्हीं, अटकलों के बीच क्रिकेटर रायडू द्वारा पार्टी छोड़ने की घोषणा काफी महत्व रखती है। रायडू ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि, वे कुछ समय के लिए राजनीति से दूर रहना चाहते हैं। वे आगे लिखते हैं कि, अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में समय आने पर अवगत कराएंगे।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908